विगत पाँच वर्षों 2010–11 से 2014–15 तक की अवधि में कुल कर प्राप्तियों के साथ ही उसी अवधि में बिक्री व्यापार आदि पर कर की वास्तविक प्राप्तियों का विवरण **सारणी 2.2** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.2

प्राप्तियों का रुझान

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान	वास्तविक प्राप्तियां	भिन्नता आधिक्य (+) कमी (–)	भिन्नता का प्रतिशत	राज्य की कुल कर प्राप्तियां	कुल कर प्राप्तियों में वास्तविक कर राजस्व का प्रतिशत
2010–11	26,978.34	24,836.52	(–)2,141.82	(–) 7.94	41,355.00	60.06
2011–12	32,000.00	33,107.34	(+)1,107.34	3.46	52,613.43	62.93
2012–13	38,492.18	34,870.16	(–)3,622.02	(–) 9.41	58,098.36	60.02
2013–14	43,936.00	39,645.45	(–)4,290.55	(–) 9.77	66,582.08	59.54
2014–15	47,497.92	42,931.54	(–)4,566.38	(–) 9.61	74,172.42	57.88

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित लेखे।

उपरोक्त सारणी दर्शाती है कि वर्ष 2011–12 से 2014–15 के दौरान कुल प्राप्तियों के सापेक्ष वास्तविक कर प्राप्तियों का रुझान घटते हुये क्रम में था।

2.3.8 राजस्व बकाया

वर्ष 2010–11 से 2014–15 की अवधि के दौरान राजस्व बकाये के प्रारम्भिक शेष, वृद्धि, निस्तारण एवं अन्तिम शेष की स्थिति **सारणी 2.3** में दर्शायी गयी है।

सारणी 2.3

बकाये की स्थिति

(₹ करोड़ में)

वर्ष	प्रारम्भिक शेष	वृद्धि	कोर्ट द्वारा स्थगित अथवा अपलेखन की धनराशि	निस्तारण	अन्तिम शेष
2010–11	16,453.30	6,009.29	4,446.21	1,350.97	16,665.41
2011–12	16,665.41	8,810.87	4,815.49	1,700.51	18,960.28
2012–13	18,960.28	11,474.50	5,633.74	1,950.51	22,850.53
2013–14	22,850.53	9,394.44	5,371.68	2,411.65	24,461.64
2014–15	24,461.64	9,540.36	4,929.17	2,725.70	26,347.13

स्रोतः वाणिज्य कर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आँकड़े।

सारणी से यह देखा जा सकता है कि अवधि 2010–11 से 2014–15 के दौरान बकाया ₹ 16,665.41 करोड़ से बढ़कर ₹ 26,347.13 करोड़ हो गया जिसमें से ₹ 11,462.56 करोड़ वसूली के लिए पाँच वर्षों से अधिक समय से लम्बित था।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम 1 जनवरी 2008 से प्रभाव में आया। हालांकि, लेखापरीक्षा ने वर्ष 2010–11 से 2014–15 की अवधि के लिए कर निर्धारण की प्रणाली की समीक्षा की एवं अनेक कमियाँ पायीं जो कि अनुवर्ती प्रस्तरों में उल्लिखित की गयी हैं।

2.3.9 व्यापारियों का पंजीयन

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम 2008 की धारा 17 प्राविधानित करती है कि प्रत्येक व्यापारी जो इस अधिनियम के अन्तर्गत कर अदा करने का दायी है, जब उसका टर्नओवर ₹ पाँच लाख की निर्धारित सीमा को पार कर जायेगा, स्वयं को पंजीकृत करायेगा।

2.3.9.1 पंजीकृत एवं निरस्त व्यापारियों का विवरण

2010–11 से 2014–15 के दौरान नये पंजीकृत किये गये व्यापारियों एवं ऐसे व्यापारियों जिनका पंजीयन निरस्त किया गया था, का विवरण **सारणी 2.4** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.4

व्यापारियों का पंजीयन

वर्ष	कुल व्यापारियों की संख्या	व्यापारियों की संख्या जिन्हें पंजीकृत किया गया	निरस्त किये गये पंजीयन की संख्या
2010–11	5,94,695	77,561	46,161
2011–12	6,42,645	77,924	55,164
2012–13	7,08,636	81,442	29,646
2013–14	6,98,877	81,501	27,206
2014–15	6,98,997	85,028	42,690

स्रोतः वाणिज्य कर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आँकड़े

सारणी व्यापारियों के पंजीयन में बढ़ोत्तरी के रुझान को दर्शाती है।

2.3.9.2 व्यापारियों के पंजीयन के लिए अन्तर्विभागीय आँकड़ों/सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिए तन्त्र का अभाव

प्रति सत्यापन के लिए अन्तर्विभागीय आँकड़ो/सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु तन्त्र के अस्तित्व में न होने के कारण विभाग 79,363 मदिरा व्यवसायियों को चिन्हित एवं पंजीकृत करने में असफल रहा।

विज्ञप्ति सं0–2–879 दिनांक 26 मार्च 2008 के अनुसार किसी व्यापारी द्वारा देशी मदिरा एवं स्प्रिट तथा स्प्रिट युक्त मदिरा के सभी प्रकार जिनमें मिथाइल एल्कोहल शामिल नहीं है की खरीद एवं बिक्री इस शर्त के अधीन कर मुक्त है कि संबन्धित व्यापारी कर निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष क0वा0क0 द्वारा निर्धारित प्रमाण पत्र कर अवधि की विवरणी के साथ इस आशय के साथ दाखिल करे कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 अथवा यूनाइटेड प्रोविन्सेज सेल्स आफ मोटर स्प्रिट, डीजल ऑयल एवं एल्कोहल टैक्सेशन एक्ट 1939 के अन्तर्गत प्रतिफल शुल्क, आबकारी अभिकर, शुल्क अथवा देय क्रय कर, जैसा भी प्रकरण हो, अदा कर दिया गया है। उपरोक्त शर्तों को पूर्ण करने के लिए मदिरा दुकान के अनुज्ञापियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे पंजीकृत हों। उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54(1)(7) के अन्तर्गत यदि कोई व्यापारी जो इस अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत होने के लिए उत्तरदायी हो, निर्धारित रीति एवं निर्धारित समय में पंजीयन के लिए आवेदन करने में असफल रहता है तो वह जिस अवधि में व्यापार जारी रखता है, ₹ 100 प्रत्येक दिन के लिए अर्थदण्ड के रूप में अदा करेगा।

हालांकि पंजीयन योग्य अपंजीकृत व्यापारियों को चिन्हित करने के लिए खण्ड स्तर पर सर्वेक्षण हेतु यथा, आच्छादित किये जाने वाला क्षेत्र, सर्वेक्षण की आवधिकता एवं सर्वेक्षण में आच्छादित व्यापारियों की संख्या के लिये मू0सं0क0 अधिनियम द्वारा अथवा शासन/विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति/ परिपत्र द्वारा कोई मानदण्ड/लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया था।

हमने कमिश्नर, राज्य आबकारी उत्तर प्रदेश के कार्यालय से वर्ष 2010–11 से 2014–15 तक की सूचनाओं का संकलन किया एवं उनका मिलान वाणिज्य कर विभाग के अभिलेखों से किया और पाया कि 79,363 मदिरा की दुकान के अनुज्ञापियों ने फार्म 'ई' में प्रमाण पत्र प्राप्त एवं विवरणी के साथ दाखिल नहीं किया था क्योंकि वे बिना पंजीयन के अपनी दुकानें चला रहे थे एवं प्रत्येक वर्ष ₹ पाँच लाख से अधिक की मदिरा की बिक्री कर रहे थे। प्रति सत्यापन हेतु अन्तर्विभागीय आँकड़ों/सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए तन्त्र के अस्तित्व में न होने के कारण विभाग इन मदिरा दुकान अनुज्ञापियों को

चिन्हित कर उन्हें पंजीकृत करने में असफल रहा। चूँकि ये मदिरा दुकान के अनुज्ञापी बिना पंजीयन लिये अपना व्यापार चला रहे थे, वे अर्थदण्ड के रूप ₹ 289.82 करोड़ भुगतान के दायी थे, जो कि आरोपित नही किया गया था, जैसा कि **सारणी 2.5** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.5

राज्य आबकारी विभाग के साथ समन्वय का अभाव

वर्ष	देशी मदिरा दुकान के अनुज्ञापियों की संख्या	विदेशी मदिरा दुकान के अनुज्ञापियों की संख्या	कुल अपंजीकृत मदिरा दुकान के अनुज्ञापियों की संख्या	वर्ष के दौरान ₹ 100 प्रतिदिन की दर से एक व्यापारी पर आरोपणीय अर्थदण्ड की धनराशि (धनराशि ₹ में)	कुल अर्थदण्ड की धनराशि जो आरोपित नहीं की गयी (₹ लाख में)
2010–11	11,737	2,459	14,196	36,500	5,181.54
2011–12	11,960	2,963	14,923	36,600	5,461.82
2012–13	12,774	3,550	16,324	36,500	5,958.26
2013–14	13,354	3,504	16,858	36,500	6,153.17
2014–15	13,506	3,556	17,062	36,500	6,227.63
योग	**63,331**	**16,032**	**79,363**		**28,982.42**

स्रोतः कमिश्नर, राज्य आबकारी से संग्रहीत की गयी सूचना

समापन गोष्ठी में शासन ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं कहा कि यदि विज्ञप्ति में उल्लिखित शर्तों को पूरा नहीं किया जाता है तो व्यापारी कर अदा करने के दायी हैं और इसलिये पंजीयन के लिये भी उत्तरदायी हैं।

शासन अपंजीकृत व्यापारियों को चिन्हित कर पंजीकृत करने के उद्देश्य से अन्तर्विभागीय आँकड़ों/सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिए तन्त्र विकसित करने एवं सर्वेक्षण के लिए प्रतिमान बनाने पर विचार कर सकता है।

2.3.10 विवरणी का दाखिल किया जाना

वर्ष 2010–11 से 2014–15 के दौरान 49,705 से लेकर 1,08,152 व्यापारियों द्वारा विवरणी दाखिल न किया जाना विभाग के आन्तरिक नियंत्रण तंत्र एवं अनुश्रवण में कमी का द्योतक है।

उ0प्र0मू0सं0क0 नियमावली का नियम 45 प्रावधानित करता है कि यदि किसी व्यापारी का सकल टर्नओवर एक करोड़ रुपये से अधिक हो जाता है तो कर निर्धारण वर्ष का प्रत्येक माह उसकी कर अवधि होगी एवं उसे मासिक विवरणी दाखिल करना होगा। उन व्यापारियों के प्रकरणों में जिनका वार्षिक टर्नओवर एक करोड़ रुपये से कम हो कर निर्धारण वर्ष का प्रत्येक त्रैमास उनकी कर अवधि होगी एवं उन्हें त्रैमासिक विवरणी दाखिल करना होगा। प्रत्येक व्यापारी सभी कर अवधि की विवरणी के साथ कर बीजकों के विरुद्ध की गयी खरीद एवं बिक्री की सूची दाखिल करेगा, जिसमें नियमों के अन्तर्गत प्रावधानित विवरण शामिल होंगे। ₹ 50 लाख अथवा अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले व्यापारी द्वारा अनिवार्य रूप से ई–रिटर्न दाखिल करना अपेक्षित है तथा शेष व्यापारी इसे मैनुअली दाखिल कर सकते हैं।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 28 प्रावधानित करती है कि यदि कोई पंजीकृत व्यापारी धारा 24(7) के अन्तर्गत निर्धारित वार्षिक विवरणी या धारा 24 की उप–धारा (1) के अन्तर्गत निर्धारित कर विवरणी नियत तिथि के अन्तर्गत दाखिल करने में असफल रहता है तो निर्धारित प्राधिकारी कर निर्धारण वर्ष के लिए कर निर्धारण आदेश पारित करेगा।

कमिश्नर, वाणिज्य कर के कार्यालय से एकत्रित सूचना से यह प्रकाश में आया कि वर्ष 2010–11 से 2014–15 के दौरान 49,705 से लेकर 1,08,152 पंजीकृत व्यापारियों ने अपनी विवरणी दाखिल नहीं किया था, जैसा कि **साारणी 2 6** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.6

विवरणी का दाखिल किया जाना

वर्ष	पंजीकृत व्यापारियों की संख्या	व्यापारियों की संख्या जिन्होंने अपनी विवरणी दाखिल किया		व्यापारियों की संख्या जिन्होंने अपनी विवरणी दाखिल नहीं किया
		मैनुअली	ई–रिटर्न	
2010–11	5,94,695	4,47,778	97,112	49,705
2011–12	6,42,645	4,42,956	1,13,481	86,208
2012–13	7,08,636	5,23,682	1,32,029	52,925
2013–14	6,98,877	4,35,271	1,55,454	1,08,152
2014–15	6,98,997	4,29,836	1,74,291	94,807

स्रोतः वाणिज्य कर विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना

इतनी अधिक संख्या में पंजीकृत व्यापारियों द्वारा विवरणी का दाखिल न किया जाना विभाग के आन्तरिक नियंत्रण तंत्र एवं अनुश्रवण में कमी का द्योतक है।

हमने मामला विभाग को अक्टूबर 2015 में प्रतिवेदित किया। उत्तर प्राप्त नहीं है (नवम्बर 2015)।

कर निर्धारण की प्रणाली

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम, 2008 के अन्तर्गत कर निर्धारण के लिए प्रावधान, धारा 6 (समाधान), धारा 27 (स्वतः कर निर्धारण), धारा 28 (अभिलेखों के परीक्षण के पश्चात् कर का निर्धारण), धारा 29 (कर निर्धारण के समय छूट गये टर्नओवर का कर निर्धारण) एवं उसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों तथा केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम (के0बि0क0अ0), 1956 की धारा 9 में निहित है।

2.3.11 विवरणियों की जाँच

नमूना जाँच किये गये 435 व्यापारियों में से 16 व्यापारियों का स्वतः कर निर्धारण बिना विवरणियों की समुचित जाँच किये कर दिया गया था क्योंकि विवरणी के निर्धारित प्रारूप में भरी जाने वाली सूचना/आँकड़े/बाक्स के सम्बन्ध में ये विवरणियाँ अपूर्ण थीं एवं विवरणियों के साथ दाखिल किये जाने के लिए आवश्यक साक्ष्यों/प्रपत्रों के साथ नहीं थीं।

व्यापारियों द्वारा दाखिल की गयी सभी विवरणियों की जाँच अनिवार्य रूप से क0नि0प्रा0 द्वारा की जाती है। क0नि0प्रा0 व्यापारियों द्वारा दाखिल विवरणियों की जाँच करते समय विक्रय अथवा क्रय अथवा दोनों के टर्नओवर की शुद्धता, दावाकृत इनपुट टैक्स क्रेडिट की धनराशि, विवरणियों में व्यापारी द्वारा दर्शाये गये देय कर का परीक्षण करते हैं। वह स्वयं को इस बात से संतुष्ट भी करते हैं कि व्यापारी द्वारा विवरणी में दर्शाया गया देय कर जमा कर दिया गया है, विवरणी के साथ अपेक्षित सभी संलग्नक हैं, सभी प्रपत्र जिनके आधार पर कर की छूट/रियायत का दावा किया गया है विवरणी के साथ दाखिल किये गये हैं तथा विवरणी के सभी सम्बन्धित कालम पूर्ण रूप से भरे हुए हैं।

उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर (उ0प्र0मू0सं0क0) अधिनियम, 2008 की धारा 27 प्रावधानित करती है कि प्रत्येक ऐसा व्यापारी, जिसने वार्षिक विवरणी विहित प्रपत्र और रीति में दाखिल कर दी है, के सम्बन्ध में यह समझा जायेगा कि उसका स्व कर निर्धारण कर की ऐसी धनराशि तक हो चुका है जो, यथास्थिति, क्रय या विक्रय या दोनों के टर्नओवर पर स्वीकृत रूप से देय ऐसी विवरणी में दर्शाया गया हो और इनपुट टैक्स क्रेडिट की ऐसी धनराशि जिसे ऐसी विवरणी में अनुमन्य प्रदर्शित किया गया है। उपरोक्त प्रावधानों से यह प्रमाणित है कि स्वतः कर निर्धारित होने के लिये केवल यह पूर्व शर्त है कि निर्धारित या बढ़ायी गयी तिथि के अन्दर सही और पूर्ण विवरणी दाखिल हो।

हमने ज्वा0कमि0 (का0स0) इलाहाबाद एवं नौ खण्डों में डीम्ड निस्तारित मामलों की जाँच की और पाया कि, 932 व्यापारियों में नमूना जाँच किये गये 435 व्यापारियों में से 16 व्यापारियों का स्वतः कर निर्धारण बिना विवरणियों की समुचित जाँच किये ही कर दिया गया था। ये विवरणियाँ निर्धारित प्रारूप में भरी जाने वाली सभी सूचनाओं/आँकड़ों/बाक्सों को भरे जाने के सम्बन्ध में अपूर्ण थीं तथा विवरणियों के साथ दाखिल किये जाने के लिए अपेक्षित आवश्यक साक्ष्यों/प्रपत्रों के बिना संलग्न किये थीं। यहाँ तक कि महत्वपूर्ण सूचनाएं जैसे कि बैंक खाता का विवरण, प्रारम्भिक रहतिया एवं अन्तिम रहतिया, बिक्री की गयी वस्तु का नाम विवरणियों में नही भरे गये थे।यह तद् अधिनियम के प्रावधानों में निर्धारित विधायिका के उद्देश्य के विरोधाभाषी है। इस प्रकार उन मामलों में दखिल की गयी विवरणियाँ स्वयं में पूर्ण नहीं थीं एवं इसलिए उद्देश्यपूर्ण जाँच तथा सम्परीक्षा के लिए परीक्षणीय नहीं थीं जिसके कारण अन्ततः कर का कम आरोपण/कर का अवनिर्धारण हुआ। विवरण **परिशिष्ट–II** में दिये गये हैं।

हमने मामले को विभाग को अक्टूबर 2015 में प्रतिवेदित किया। उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)।

2.3.12 समानुपातिक रूप से कर निर्धारण वाद पारित न किया जाना

प्रत्येक माह में समान रूप से कर निर्धारण वाद पारित न किये जाने के कारण वर्ष के परवर्ती माहों में भारी मात्रा में कर निर्धारण वाद पारित किये जाने के लिए अवशेष थे, परिणामस्वरूप कर निर्धारण वादों को निस्तारित करने के लिए शासन को 2010–11 से 2014–15 के दौरान तीन बार एक माह से लेकर तीन माह तक की समयावधि बढ़ानी पड़ी।

बिक्री कर मैनुअल का प्रस्तर 232 क0नि0प्रा0 द्वारा प्रत्येक माह कर निर्धारण वाद पारित किये जाने की संख्या प्रावधानित करता है। पुनश्च क0वा0क0 ने अपने परिपत्र दिनांक 31 मई 2013 द्वारा क0नि0प्रा0 को वर्ष के दौरान निस्तारित किये जाने वाले वादों का आकलन कर प्रत्येक माह समान रूप से कर निर्धारण आदेश पारित किये जाने के लिए निर्देशित किया है।

हमने 93 खण्डों से वर्ष 2010–11 से 2014–15 तक की सूचना संकलित की एवं पाया कि क0नि0प्रा0 द्वारा माह के दौरान नियमित रूप से पारित किये गये कर निर्धारण वादों की संख्या शून्य से लेकर 635 तक थी।

हमने पाया कि विद्यमान मैनुअल के प्रावधानों एवं क0वा0क0 के द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रत्येक माह में समान रूप से वाद पारित नही किये गये थे। वादों को व्यापारियों द्वारा दाखिल लेखा बहियों एवं अन्य विवरणों के सम्पूर्ण, प्रबल एवं गहन जाँच के पश्चात ही निस्तारित किया जाना चाहिए। प्रत्येक माह समान रूप से वाद निस्तारित न किये जाने के कारण वर्ष के परवर्ती माहों में भारी मात्रा में वाद कर निर्धारण करने के लिए अवशेष रह गये। इसके परिणामस्वरूप शासन को वर्ष 2010–11 से 2014–15 के दौरान कर निर्धारण वादों को पारित करने के लिए तीन बार एक माह से लेकर तीन माह तक की समयावधि बढ़ानी पड़ी। यह आगामी वर्षों के कर निर्धारण को भी प्रभावित करता है।

समापन गोष्ठी में शासन/विभाग ने बताया कि रियायती/करमुक्ति के प्रपत्रों को जमा करने के लिए व्यापारी समय बढ़ाने की माँग करते हैं एवं नियमों के प्रावधानों के अनुसार क0नि0प्रा0 उचित कारण पाये जाने पर उन्हे समय देने के लिए बाध्य हैं। इसके फलस्वरूप वर्ष के बाद के महीनों में कार्य भार होता है।

हम उत्तर से सहमत नहीं हैं क्योंकि क0वा0क0 ने उपरोक्त पहलुओं पर विचार करने के पश्चात ही निर्देश जारी किये हैं।

2.3.13 कर निर्धारण हेतु बकाये मामले

2010–11 से 2014–15 के दौरान वर्ष के प्रारम्भ में बकाया कर निर्धारण के मामले, वर्ष के दौरान कर निर्धारण हेतु नये तथा निस्तारित मामले तथा वर्ष के अन्त में निस्तारण हेतु अवशेष मामलों की संख्या का विवरण **सारणी 2.7** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.7

कर निर्धारण हेतु बकाये मामले

वर्ष	प्रारम्भिक शेष	कर निर्धारण हेतु नये मामले	योग	वर्ष के दौरान निस्तारित मामले	वर्ष के अन्त में बकाया मामले	बकाये की प्रतिशतता
2010–11	12,386	5,44,458	5,56,844	5,50,802	6,042	1.09
2011–12	6,042	6,54,378	6,60,420	4,76,368	1,84,052	27.87
1012–13	1,84,052	4,58,225	6,42,277	4,95,505	1,46,772	22.85
2013–14	1,46,772	3,92,046	5,38,818	5,31,405	7,413	1.38
2014–15	7,413	3,14,328	3,21,741	2,55,480	66,261	20.59

स्रोतः वाणिज्य कर विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना

सारणी से स्पष्ट है कि वर्ष 2010–11 से 2014–15 के दौरान कर निर्धारण वाद के निस्तारण में बकाया 1.09 से 27.87 प्रतिशत के मध्य था।

हमने मामले को विभाग को अक्टूबर 2015 में प्रतिवेदित किया। उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)।

शासन निर्धारित समयावधि के अन्दर कर निर्धारण वादो के निस्तारण के लिए प्रभावकारी कदम उठा सकता है।

2.3.14 विभाग द्वारा कर सम्परीक्षा

2011–12 से 2014–15 के दौरान 6,54,828 व्यापारियों में से केवल 2,075 व्यापारी ही कर सम्परीक्षा के लिए चयनित किये गये थे जो प्रतिशतता में अत्यल्प 0.27 से 0.44 प्रतिशत के मध्य थे एवं 2010–11 में कोई भी व्यापारी कर सम्परीक्षा हेतु चयनित नहीं किया गया था।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 44(1) प्रावधानित करती है कि व्यापारी या व्यापारियों के वर्ग द्वारा दाखिल की गयी कर विवरणी या विवरणियों की सत्यता का परीक्षण करने के उद्देश्य से तथा व्यापारी या व्यापारियों के वर्ग द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट के दावों सहित विभिन्न दावों की स्वीकृति की सत्यता प्रमाणित करने हेतु उतनी संख्या के व्यापारियों जितनी विहित की जाये, की कर सम्परीक्षा की जायेगी। अधिनियम अग्रेतर प्रावधानित करता है कि जहाँ सुविधाजनक हो, अधिकारी, व्यापारी के कार्यालय, व्यापार स्थल या गोदाम में कर सम्परीक्षा सम्पन्न कर सकता है।

हमने कर सम्परीक्षा के सम्बन्ध में प्रावधानों एवं आदेशों के लागू होने की जाँच के लिए वाणिज्य कर विभाग के चार जोनों[4] से सूचनाएं संकलित कीं और पाया कि 2011–12 से 2014–15 के दौरान कर सम्परीक्षा हेतु अत्यल्प प्रतिशतता, 0.27 से 0.44 प्रतिशत के मध्य व्यापारियों का चयन किया गया था एवं 2010–11 में कोई भी व्यापारी कर सम्परीक्षा हेतु चयनित नहीं किया गया था। 2010–11 से 2014–15 के दौरान, अधिनियम में यथा निर्धारित, व्यापारियों के कार्यालय, व्यापार स्थल अथवा गोदाम पर कोई सम्परीक्षा सम्पन्न नहीं की गयी थी।

चार जोनों में कर सम्परीक्षा हेतु चयनित व्यापारियों का विवरण **सारणी 2.8** में दर्शाया गया है।

[4] आगरा, इलाहाबाद, बरेली एवं वाराणसी–I

सारणी 2.8

विभाग द्वारा की गयी कर सम्परीक्षा

वर्ष	पंजीकृत व्यापारियों की संख्या	वर्ष के दौरान कर सम्परीक्षा हेतु चयनित व्यापारियों की संख्या एवं पूर्ण की गयी कर सम्परीक्षा	चयनित व्यापारियों की प्रतिशतता	व्यापारियों के व्यापार स्थल पर सम्पन्न की गयी सम्परीक्षा की संख्या
2010–11	1,18,734	0	0.00	0
2011–12	1,28,045	343	0.27	0
2012–13	1,41,270	623	0.44	0
2013–14	1,33,567	527	0.39	0
2014–15	1,33,212	582	0.44	0

स्रोतः वाणिज्य कर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आँकड़े

ज्वा0कमि0 टैक्स आडिट के कार्यालय में कर सम्परीक्षा शाखा द्वारा प्रकाश में लाये गये मामलों के अनुपालन एवं उसके आधार पर वसूली से सम्बन्धित अनुवर्ती कार्यवाही के कोई भी अभिलेख नहीं रखे गये थे क्योंकि कर सम्परीक्षा के पश्चात पत्रावलियों को कर निर्धारण हेतु सम्बन्धित खण्डों को वापस कर दिया गया था।

समापन गोष्ठी में शासन/विभाग ने उत्तर दिया कि वर्ष 2011–12 एवं 2012–13 में क0वा0क0 द्वारा व्यापारियों की कर सम्परीक्षा हेतु पाँच प्रतिशत की सीमा निर्धारित करने के कारण कर सम्परीक्षा हेतु चयनित व्यापारियों की संख्या में कमी थी। हम विभाग के उत्तर से सहमत नहीं हैं क्योंकि कर सम्परीक्षा हेतु चयनित व्यापारियों की संख्या क0वा0क0 द्वारा निर्धारित पाँच प्रतिशत के मानक से बहुत कम है एवं यहाँ तक कि यह एक प्रतिशत भी नहीं किया जा सका।

कर सम्परीक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभाग को निर्धारित नमूना आकार का दृढ़ता से अनुपालन करना चाहिए ताकि विभाग द्वारा स्वयं ही राजस्व क्षति के और अधिक मामले खोजे जायें एवं उनमें सुधार किया जा सके।

2.3.15 आई0टी0सी0 के दावों में अनियमिततायें

विभाग के अभिलेखों की हमारी जाँच ने छः ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 16 खण्डों के वर्ष 2008–09 से 2012–13 की अवधि के 23,786 व्यापारियों में नमूना जाँच किये गये, 3,102 व्यापारियों में से 34 व्यापारियों के प्रकरणों में ₹ 6.98 करोड़ के आई0टी0सी0 के दावों में अनियमितताएं जैसे कि अनियमित/अननुमन्य आई0टी0सी0 का दावा, अधिक दावा, आई0टी0सी0 का न उत्क्रमण एवं उस पर ब्याज का न प्रभारण आदि प्रकाश में आयीं। कुछ मामले निम्नलिखित प्रस्तरों में दर्शाये गये हैं।

2.3.15.1 आई0टी0सी0 की अधिक अनुमन्यता

व्यापारियों ने ₹ 13.57 करोड़ के माल की खरीद पर अनुमन्य दर से उच्च दर लागू करने तथा त्रुटिपूर्ण गणना के कारण ₹ 1.54 करोड़ के बजाय ₹ 2.01 करोड़ की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आई0टी0सी0) का दावा किया था, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 46.62 लाख की अधिक आई0टी0सी0 अनुमन्य हुयी।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 13 प्राविधानित करती है कि कोई व्यापारी प्रान्त के अन्दर के किसी व्यापारी से धारा 4 के अन्तर्गत निर्धारित दर पर कर का भुगतान करके कर योग्य माल की खरीद करता है तो वह विहित रीति से इनपुट टैक्स के क्रेडिट का दावा करने का पात्र है।

हमने ज्वा0कमि0 (का0स0) आगरा एवं दो खण्डों में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की एवं पाया कि नमूना जाँच किये गये 259 व्यापारियों में से तीन व्यापारियों ने वर्ष 2011–12 के दौरान ₹ 13.57 करोड़ के माल की खरीद पर ₹ 2.01 करोड़ की आई0टी0सी0 का लाभ अपने वार्षिक विवरणी में लिया था। यद्यपि कि अधिनियम के

प्रावधानों के अनुसार व्यापारी केवल ₹ 1.54 करोड़ की आई0टी0सी0 के ही हकदार थे। क0नि0प्रा0 ने दिसम्बर 2013 एवं मार्च 2015 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय इस तथ्य का पता नहीं लगाया कि ज्वा0कमि0 (का0स0) आगरा के प्रकरण में व्यापारी ने पाँच प्रतिशत के बजाय 13.5 प्रतिशत की दर से आई0टी0सी0 प्राप्त किया था तथा खण्ड 1 अमरोहा एवं खण्ड 5 गोरखपुर में व्यापारियों ने त्रुटिपूर्ण गणना के कारण अधिक आई0टी0सी0 प्राप्त किया था। इस प्रकार व्यापारियों को त्रुटिपूर्ण रूप से ₹ 46.62 लाख की अधिक आई0टी0सी0 अनुमन्य कर दी गयी थी।

2.3.15.2 मिथ्या/कपटपूर्ण आई0टी0सी0 का दावा

प्रतिसत्यापन किये जाने पर व्यापारियों द्वारा दावा की गयी ₹ 94.67 लाख की आई0टी0सी0 मिथ्या पायी गयी थी। यद्यपि कि इसे क0नि0प्रा0 द्वारा उत्क्रमित कर दिया गया था, परन्तु व्यापारियों के विरुद्ध कोई दण्डात्मक कार्यवाही नहीं की गयी थी।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम, 2008 की धारा 13 सपठित उ0प्र0मू0सं0क0 नियमावली 2008 के नियम 24 के अन्तर्गत व्यापारी द्वारा कर बीजक के विरुद्ध पंजीकृत व्यापारियों से की गयी खरीद पर दिये गये कर या अपंजीकृत व्यापारियों से की गयी खरीद पर नकद जमा धनराशि पर उनके द्वारा की गयी ऐसी बिक्री अथवा खरीद पर संदत्त या संदेय कर की धनराशि की सीमा तक आई0टी0सी0 अनुमन्य है। मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54(1)(19) के प्रावधानों के अन्तर्गत यदि क0नि0प्रा0 संतुष्ट है कि, यथास्थिति, जहाँ कोई व्यापारी या कोई अन्य व्यक्ति आई0टी0सी0 के रूप में मिथ्या या कपटपूर्ण तरीके से धनराशि का दावा करता है, वह ऐसे व्यापारी या व्यक्ति को, उसके द्वारा देय कर यदि कोई हो, के साथ–साथ, अर्थदण्ड के रूप में आई0टी0सी0 की धनराशि के पाँच गुने के बराबर धनराशि का भुगतान करने के लिये निर्देशित कर सकता है ।

हमने दो ज्वा0कमि0(का0स0) व दो खण्डों में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की एवं पाया कि नमूना जाँच किये गये 301 व्यापारियों में से पाँच व्यापारियों के मामलों में क0नि0प्रा0 ने व्यापारियों के आई0टी0सी0 के दावों का प्रतिसत्यापन किया और पाया कि व्यापारियों द्वारा वर्ष 2009–10 से 2011–12 के दौरान ₹ 94.67 लाख की आई0टी0सी0 की धनराशि का मिथ्या/कपटपूर्ण ढंग से दावा किया गया था। यद्यपि कि क0नि0प्रा0 ने मई 2013 एवं जनवरी 2015 के दौरान कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय ₹ 94.67 लाख के आई0टी0सी0 के दावे को उत्क्रमित कर दिया परन्तु ₹ 4.73 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया।

व्यापारियों ने माल की वास्तविक खरीद के बिना कर बीजक प्राप्त किये थे। यह एक धोखाधड़ी का मामला था। दण्डात्मक प्रावधान व्यापारियों द्वारा किये जाने वाले कदाचारों को हतोत्साहित करने हेतु बने हैं। क0नि0प्रा0 द्वारा ऐसे मामलों में अर्थदण्ड आरोपित करने के लिए शक्तियों का प्रयोग किया जाना चाहिए था। । क0नि0प्रा0 द्वारा ₹ 4.73 करोड़ के अर्थदण्ड के अनारोपण के सम्बन्ध में कोई कारण अथवा औचित्य नहीं बताया गया था।

2.3.15.3 मिथ्या कर बीजक प्राप्त करना

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54 (1)(11)(iv) के अन्तर्गत जहां एक व्यापारी माल की वास्तविक खरीद के बिना कर बीजक या विक्रय बीजक प्राप्त करता है, क0नि0प्रा0 यह निर्देशित कर सकता है कि ऐसा व्यापारी कर के साथ–साथ अर्थदण्ड के रूप में माल के मूल्य का 50 प्रतिशत की धनराशि का भुगतान करे।

- **मिथ्या कर बीजकों पर आई0टी0सी0 का अनुमन्य किया जाना**

फर्जी कम्पनियों से बिना माल की वास्तविक खरीद किये प्राप्त किये गये ₹ 37.83 लाख के कर बीजकों के आधार पर ₹ तीन लाख की आई0टी0सी0 का दावा क0नि0प्रा0 द्वारा अनियमित रूप से अनुमन्य किया गया।

हमने खण्ड 9, मेरठ में आई0टी0सी0 के दावों का प्रतिसत्यापन तथा कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 141 व्यापारियों में से एक व्यापारी ने वर्ष 2008–09 के दौरान कर बीजकों के विरुद्ध ₹ 37.83 लाख के माल की खरीद की थी और ₹ तीन लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया था। हमारे अन्य खण्डों से बिक्री/खरीद के विवरण के प्रतिसत्यापन से स्पष्ट हुआ कि व्यापारी ने माल की वास्तविक खरीद किये बिना फर्जी फर्मों से कर बीजक प्राप्त किये थे। क0नि0प्रा0 ने जनवरी 2011 में व्यापारी के कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय कर बीजकों की प्रमाणिकता की जाँच का प्रयास किये बिना ₹ तीन लाख की आई0टी0सी0 के दावे को अनियमित रूप से अनुमन्य कर दिया। इसके परिणामस्वरूप ₹ तीन लाख की आई0टी0सी0 अनियमित रूप से अनुमन्य की गई साथ ही ₹ 18.92 लाख का अर्थदण्ड भी अनारोपित रहा।

- **मिथ्या कर बीजक प्राप्त करने पर अर्थदण्ड का अनारोपण**

माल की वास्तविक खरीद किये बिना ₹ 62.33 लाख के कर बीजक प्राप्त करने पर क0नि0प्रा0 द्वारा ₹ 31.16 लाख का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया गया।

हमने खण्ड–2, बाराबंकी में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 96 व्यापारियों में से एक व्यापारी ने वर्ष 2010–11 के दौरान माल की वास्तविक खरीद किये बिना ₹ 62.33 लाख के कर बीजक प्राप्त किये थे। क0नि0प्रा0 ने मार्च 2014 में व्यापारी के कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय ₹ 3.12 लाख की आई0टी0सी0 को तो उत्क्रमित कर दिया परन्तु न तो ₹ 31.16 लाख का अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही अर्थदण्ड के अनारोपण का कारण ही अंकित किया।

2.3.15.4 करमुक्त बिक्री पर आई0टी0सी0 का न/कम उत्क्रमित किया जाना

व्यापारियों ने उन माल की खरीद के सम्बन्ध में जिनकी बिक्री करमुक्त थी, ₹ 47.31 लाख की आई0टी0सी0 को उक्रमित नहीं किया था। कर निर्धारण के समय क0नि0प्रा0 द्वारा भी उसे उत्क्रमित नहीं किया गया था।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 13(7) सपठित धारा 7 के अन्तर्गत किसी व्यापारी द्वारा, जहाँ व्यापारी द्वारा ऐसे माल की बिक्री कर के भुगतान से मुक्त हो अथवा ऐसे माल का उपयोग या उपभोग किसी माल के विनिर्माण या पैकिंग में किया गया हो तथा व्यापारी द्वारा ऐसे विनिर्मित या पैक किये गये माल की बिक्री करमुक्त हो, इनपुट टैक्स की किसी धनराशि का दावा नहीं किया जायेगा और ऐसे माल के क्रय के सम्बन्ध में किसी व्यापारी को इनपुट टैक्स क्रेडिट की किसी सुविधा की अनुमति नहीं दी जायेगी। यदि व्यापारी द्वारा आई0टी0सी0 का दावा किया जाता है तो यह 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज सहित उत्क्रमणीय होगा।

हमने दो ज्वा0कमि0 (का0स0) और चार खण्डों में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 513 व्यापारियों में से आठ व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 से 2011–2012 के दौरान उन वस्तुओं की खरीद पर ₹ 47.31 लाख

की आई0टी0सी0 को त्रुटिपूर्वक प्राप्त किया जिनकी ₹ 77.32 करोड़ मूल्य की बिक्री कर के भुगतान से मुक्त थी। क0नि0प्रा0 ने मई 2012 एवं फरवरी 2015 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय न तो इस अननुमन्य आई0टी0सी0 को उत्क्रमित किया और न ही ब्याज की माँग सृजित की। इसके परिणामस्वरूप ₹ 71.54 लाख की आई0टी0सी0 का अनुत्क्रमण तथा ब्याज का अनारोपण हुआ।

2.3.15.5 स्टॉक ट्रान्सफर पर आई0टी0सी उत्क्रमित न किया जाना

व्यापारियों ने उन माल के सम्बन्ध में जिन्हें प्रांत के बाहर स्थानान्तरित अथवा प्रेषित किया गया था, ₹ 6.88 लाख की दावा की गई आई0टी0सी0 को उत्क्रमित नहीं किया था। कर निर्धारण करते समय भी इसे क0नि0प्रा0 द्वारा उत्क्रमित नहीं किया गया था।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 13 (प्रभावी 28 फरवरी 2009 से संशोधित) के अन्तर्गत यदि राज्य के भीतर से खरीदे गये कर योग्य माल को स्थानांतरित/प्रेषित किया जाता है अथवा निर्माण में उपयोग के बाद ऐसे विनिर्मित माल को राज्य के बाहर स्थानांतरित या प्रेषित किया जाता है तो आई0टी0सी0 की आंशिक राशि ही अनुमन्य होगी जो कि चार प्रतिशत से अधिक की होगी। यदि व्यापारी आई0टी0सी0 की पूरी धनराशि का दावा करता है तो आई0टी0सी0 का लाभ उस सीमा तक जो अनुमन्य नहीं है 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज सहित उत्क्रमित कर दिया जायेगा।

हमने ज्वा0कमि0 (का0स0) जी0बी0 नगर एवं खण्ड 2 बहराइच में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 308 व्यापारियों में से तीन व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 एवं 2010–11 के दौरान कर बीजक के विरुद्ध राज्य के अन्दर से खरीदे गये ₹ 7.31 करोड़ के माल जिस पर आई0टी0सी0 का दावा किया गया था, के स्टॉक ट्रान्सफर पर ₹ 6.88 लाख की आई0टी0सी0 को उत्क्रमित नहीं किया गया था। क0नि0प्रा0 ने मार्च 2012 एवं फरवरी 2014 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय न तो इस अननुमन्य आई0टी0सी0 ₹ 6.88 लाख को उत्क्रमित किया और न ही ब्याज की माँग सृजित की। इसके परिणामस्वरूप ₹ 12.78 लाख की आई0टी0सी0 का अनुत्क्रमण तथा ब्याज का अनारोपण हुआ।

2.3.15.6 माल के खरीद मूल्य से कम मूल्य पर की गयी बिक्री पर आई0टी0सी0 का उत्क्रमित न किया जाना।

क0नि0प्रा0 ने व्यापारियों के उन वस्तुओं के सम्बन्ध में दावा की गयी ₹ 5.67 लाख की आई0टी0सी0, जिनकी बिक्री खरीद मूल्य से कम मूल्य पर की गयी थी, को उत्क्रमित नहीं किया था।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 13 (1)(च) के अन्तर्गत जहाँ क्रय किये गये माल का पुनर्विक्रय किया गया है या ऐसे क्रय किये गये माल का प्रयोग या उपयोग करके निर्मित या प्रसंस्कृत माल का उस दर पर विक्रय किया गया है, जो पुनर्विक्रय की स्थिति में ऐसे माल के क्रय मूल्य से, या निर्माण की स्थिति में लागत मूल्य से कम हो तो इनपुट टैक्स क्रेडिट की धनराशि का दावा और उसकी अनुमति, माल के विक्रय मूल्य, अथवा निर्मित माल पर संदेय कर की सीमा तक होगी। यदि व्यापारी आई0टी0सी0 की सम्पूर्ण धनराशि का दावा करता है तो माल के विक्रय मूल्य पर संदेय कर की सीमा से अधिक आई0टी0सी0 की धनराशि 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ उत्क्रमणीय होगी।

हमने चार खण्डों में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की एवं पाया कि नमूना जाँच किये गये 585 व्यापारियों में से चार व्यापारियों ने वर्ष 2010–11 एवं

2011–12 के दौरान ₹ 9.10 करोड़ के माल की खरीद की थी एवं ₹ 62.63 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया था तथा इसे ₹ 8.46 करोड़ में बेचा था। व्यापारियों ने माल के विक्रय मूल्य पर ₹ 56.96 लाख की आई0टी0सी0 की सीमा के बजाय माल के खरीद मूल्य पर आई0टी0सी0 प्राप्त किया। क0नि0प्रा0 ने नवम्बर 2013 एवं मार्च 2015 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय न तो इस अननुमन्य आई0टी0सी0 ₹ 5.67 लाख को उत्क्रमित किया और न ही साधारण ब्याज सहित इसकी माँग सृजित की। इसके परिणामस्वरूप ₹ 7.80 लाख के आई0टी0सी0 का अनुत्क्रमण तथा ब्याज का अनारोपण हुआ।

2.3.15.7 आई0टी0सी0 का अनियमित समायोजन और ब्याज का प्रभारित न किया जाना।

क0नि0 प्रा0 ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय ₹ 24.07 लाख की गैर अनुमन्य आई0टी0सी0 की ब्याज सहित माँग सृजित करने के बजाय इस गैर अनुमन्य आई0टी0सी0 को उत्क्रमित कर दिया एवं इसे व्यापारियों के शेष आई0टी0सी0 से समायोजित कर दिया।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम 2008 की धारा 14 (2) के अन्तर्गत यदि किसी व्यापारी के स्वतः संज्ञान में यह आता है कि उसने किसी ऐसी आई0टी0सी0 का दावा कर लिया है जो कि अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के अनुकूल नहीं है, तो वह ऐसी घटना के संज्ञान में आने के बाद अगली कर विवरणी दाखिल करते समय इसे उत्क्रमित करेगा। व्यापारी उत्क्रमित की गयी आई0टी0सी0 की धनराशि को 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से साधारण ब्याज सहित कोषागार में जमा करने का दायी होगा।

हमने दो ज्वा0कमि0 (का0स0) और तीन खण्डों में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की एवं पाया कि नमूना जाँच किये गये 798 व्यापारियों में से आठ व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 से 2011–12 के दौरान ₹ 24.07 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया था, जो कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुकूल नहीं था। क0नि0प्रा0 ने सितम्बर 2011 एवं जनवरी 2015 के मध्य कर निर्धारण करते समय इस पर देय ब्याज प्रभारित किये बिना इस गैर अनुमन्य आई0टी0सी0 को उत्क्रमित किया एवं इसे व्यापारी के अवशेष आई0टी0सी0 से समायोजित कर दिया, जबकि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार व्यापारी इस उत्क्रमित की गयी आई0टी0सी0 को साधारण ब्याज सहित जमा करने के दायी थे। इसके परिणामस्वरूप ₹ 24.07 लाख की आई0टी0सी0 का अनियमित समायोजन और ₹ 14.29 लाख के ब्याज का अनारोपण हुआ।

2.3.15.8 समाधान योजना के अन्तर्गत संविदाकार को अनियमित रूप से आई0टी0सी0 अनुमन्य किया जाना

क0नि0प्रा0 द्वारा समाधान योजना के अन्तर्गत संकर्म संविदा के निष्पादन में अन्तरित माल की खरीद पर ₹ 19.14 लाख की आई0टी0सी0 जो कि अनुमन्य नहीं थी, व्यापारी को अनुमन्य कर दी गयी।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 6(2) के अन्तर्गत कोई व्यापारी जो समाधान राशि अदा करने का विकल्प लेता है वह उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 13 के अन्तर्गत किसी पंजीकृत व्यापारी से कर योग्य माल की खरीद पर आई0टी0सी0 का लाभ लेने का पात्र नहीं होगा।

हमने जनवरी 2015 में खण्ड 19 लखनऊ में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की एवं पाया कि नमूना जाँच किये गये 101 व्यापारियों में से एक व्यापारी रेडी मिक्स कंक्रीट, स्टोन ग्रिट, सैण्ड आदि की खरीद एवं बिक्री करने तथा सिविल संविदा

के कार्य में संलग्न था। उसने वर्ष 2010–11 के लिए सिविल कार्य संविदा हेतु समाधान योजना का विकल्प लिया। व्यापारी ने ₹ 5.96 करोड़ के माल की खरीद की एवं ₹ 55.27 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया। क्रय किये गये माल का पुनर्बिक्री एवं संकर्म संविदा के निष्पादन दोनों में उपयोग किया गया था। व्यापारी ने कार्य के निष्पादन के लिए वर्ष 2010–11 के दौरान ₹ 2.96 करोड़ का भुगतान प्राप्त किया जिसमें ₹ 2.07 करोड़ (प्राप्त भुगतान का 70 प्रतिशत) की सामग्री का अन्तरण किया गया था। चूँकि व्यापारी ने समाधान योजना का विकल्प लिया था वह संकर्म संविदा के निष्पादन में अन्तरित किये गये माल की खरीद पर आई0टी0सी0 पाने का पात्र नहीं था। क0नि0प्रा0 ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय ₹ 55.27 लाख के सम्पूर्ण आई0टी0सी0 दावे को अनुमन्य किया जबकि संकर्म संविदा के निष्पादन में प्रयोग किये गये ₹ 2.07 करोड़ के माल पर समानुपातिक रूप से ₹ 19.14 लाख की आई0टी0सी0 को अस्वीकार किया जाना अपेक्षित था। इसके परिणामस्वरूप व्यापारी को ₹ 19.14 की आई0टी0सी0 अनियमित रूप से अनुमन्य हुई।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग ने उप–प्रस्तर 2.3.15.1 से 2.3.15.8 तक पर हमारे प्रेक्षणों को स्वीकार किया एवं बताया कि कार्यवाही की जा रही है (नवम्बर 2015)।

2.3.16 कर का न/कम आरोपण

छः ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 35 खण्डों के अवधि 2008–09 से 2013–14 के लिये 47,076 व्यापारियों में नमूना जाँच किये गये 7,669 व्यापारियों में से 74 प्रकरणों में कर निर्धारण प्राधिकारियों (क0नि0प्रा0) ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय दरों की अनुसूची में उल्लिखित कर की सही दर को लागू नहीं किया, कुछ मामलों में माल के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण कर की निम्नतर दरें लागू की गयीं एवं कुछ मामलों में कोई कर आरोपित नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 6.48 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ, जैसा कि निम्नलिखित प्रस्तरों में उल्लिखित है:

2.3.16.1 टर्नओवर का कर निर्धारण से छूट जाना

व्यापारियों द्वारा ₹ 12.54 करोड़ के टर्नओवर को अपने विवरणियों में घोषित नहीं किया गया जबकि यह उनके कर निर्धारण पत्रावलियों में उपलब्ध थे। क0नि0प्रा0 द्वारा कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय यह टर्नओवर छूट गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 61.10 लाख के कर का कम आरोपण हुआ।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 28 के अन्तर्गत क0नि0प्रा0 से अपेक्षित है कि वह व्यापारियों द्वारा अपने व्यापार के सम्बन्ध में रखी जाने वाली पुस्तकों, खातों एवं अभिलेखों एवं अन्य प्रासंगिक अभिलेखों की जाँच के पश्चात् कर निर्धारण सम्पन्न करें।

हमने दो ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 10 खण्डों में व्यापारिक और लाभ/हानि खाता, वार्षिक बैंलेंस शीट, वर्तमान एवं विगत वर्ष के कर निर्धारण आदेशों की जाँच की एवं पाया कि नमूना जाँच किये गये 2,077 व्यापारियों में से 13 व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 से 2012–13 के दौरान क0नि0प्रा0 को दाखिल की गयी अपनी विवरणियों में ₹ 12.54 करोड़ के टर्नओवर को घोषित नहीं किया था। टर्नओवर के विवरण, व्यापारियों की सम्बन्धित कर निर्धारण पत्रावलियों में उपलब्ध थे। क0नि0प्रा0 ने जनवरी 2012 एवं मार्च 2015 के मध्य इन व्यापारियों के कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय पुस्तकों, खातों एवं अभिलेखों तथा अन्य प्रासंगिक अभिलेखों की सम्यक रूप से जाँच नहीं की, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 12.54 करोड़ का टर्नओवर छूट गया एवं इसके फलस्वरूप ₹ 61.10 लाख के कर का कम आरोपण हुआ।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं कहा कि एक मामले मे ₹ 28000 का कर आरोपित कर दिया गया है एवं शेष मामलों में कार्यवाही की जा रही है (नवम्बर 2015)।

2.3.16.2 कर की गलत दर लगाया जाना एवं माल का गलत वर्गीकरण

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम, 2008 की धारा 4(1) के अन्तर्गत अनुसूची I में शामिल वस्तुएं कर मुक्त हैं, अनुसूची II में शामिल वस्तुएं चार प्रतिशत की दर से कर योग्य हैं, अनुसूची III में शामिल वस्तुएं एक प्रतिशत की दर से कर योग्य हैं तथा अनुसूची IV में शामिल वस्तुएं (गैर–वैट माल), शासन द्वारा समय समय पर विज्ञापित दरों के अनुसार कर योग्य हैं। जो वस्तुएं उपरोक्त किसी भी अनुसूची में वर्गीकृत नहीं हैं वो अनुसूची V से आच्छादित हैं एवं 12.5 प्रतिशत की दर से कर योग्य हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त, कुछ निश्चित वस्तुओं पर शासन द्वारा समय समय पर विज्ञापित दरों से अतिरिक्त कर भी आरोपणीय है।

- **कर की गलत दर लगाया जाना**

क0नि0प्रा0 ने ₹ 77.35 करोड़ के माल की बिक्री पर अनुसूची में प्रावधानित कर की दर के बजाय व्यापारियों द्वारा अपने विवरणियों में घोषित कर की गलत दर को लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 4.56 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ।

हमने चार ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 28 खण्डों के कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की जाँच की एवं पाया कि नमूना जाँच किये गये 3,984 व्यापारियों में से 46 व्यापारियों ने 2008–09 से 2013–14 के दौरान ₹ 77.39 करोड़ के माल की बिक्री पर अपनी विवरणियों में कम दर से कर देयता स्वीकार की थी अथवा कर मुक्ति का दावा किया था। क0नि0प्रा0 ने मार्च 2011 और मार्च 2015 के मध्य इन व्यापारियों के कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय अनुसूची में निर्धारित कर की दर के स्थान पर व्यापारियों द्वारा अपनी विवरणियों में घोषित की गयी कर की दर से करारोपण किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 4.56 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ, जैसा कि **परिशिष्ट–III** में दर्शाया गया है।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग न हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और बताया कि तीन मामलों में ₹ 9.50 लाख का कर आरोपित कर दिया गया है। डिप्टी कमि0 खण्ड 4 वाराणसी के मामले में बताया कि एडहेसिव अनुसूची–II की प्रविष्टि सं0 171 के अन्तर्गत आच्छादित है अतः सही कर आरोपित किया गया है। हम उत्तर से सहमत नही हैं क्योंकि उक्त प्रविष्टि में सेल्फ एडहेसिव प्लेट्स, शीट्स, फिल्म फ्वायल, टेप, प्लास्टिक के स्ट्रिप चाहे रोल में हों अथवा नहीं शामिल हैं, यह एडहेसिव को आच्छादित नहीं करता है। शेष मामलों के लिए बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

- **माल का त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण**

क0नि0प्रा0 ने ₹ 10.77 करोड़ के माल की बिक्री पर व्यापारियों द्वारा घोषित वस्तु के वर्गीकरण को स्वीकार किया एवं निम्नतर दर से कर आरोपित किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 92.07 लाख के कर का कम आरोपण हुआ।

हमने दो ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं पाँच खण्डों में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की एवं पाया कि नमूना जाँच किये गये 1086 व्यापारियों में से 13 व्यापारियों ने ₹ 10.77 करोड़ के माल की बिक्री पर वस्तुओं का गलत वर्गीकरण किया था एवं कम दर से करदेयता स्वीकार किया था। क0नि0प्रा0 ने फरवरी 2013 और मार्च 2015 के मध्य वर्ष 2009–10 से 2012–13 के लिए कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते

समय वस्तुओं को सही वर्गीकृत कर अनुसूची में दी गयी दरों पर कर आरोपण करने के बजाय व्यापारियों द्वारा घोषित दरों को स्वीकार करते हुए माल की बिक्री पर त्रुटिपूर्ण दर से कर आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 92.07 लाख के कर का कम आरोपण हुआ, जैसा कि **परिशिष्ट–IV** में दर्शाया गया है।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और बताया कि एक मामले में ₹ 10.56 लाख का कर आरोपित कर दिया गया है और डि0कमि0 खण्ड 1, रायबरेली के मामले में उत्तर दिया कि ट्रैक्टर अटैचमेन्ट एवं पार्ट्स अनुसूची–II की क्र0सं0 125 की प्रविष्टि के अन्तर्गत आच्छादित है। हम उत्तर से सहमत नहीं हैं क्योकि प्रविष्टि में केवल ट्रैक्टर, ट्रैक्टर ट्राली, हार्वेस्टर्स एवं अटैचमेन्ट्स तथा उनके पार्ट्स; ट्रैक्टर टायर्स एवं ट्यूब्स आच्छादित हैं। ट्रैक्टर एसेसरीज उपरोक्त प्रविष्टि में आच्छादित नहीं है। शेष मामलों में उत्तर दिया कि कार्यवाही की जा रही है (नवम्बर 2015)।

2.3.16.3 समाधान राशि का कम आरोपण

क0नि0प्रा0 ने ₹ 10.72 करोड़ के भुगतान पर छः प्रतिशत के स्थान पर दो प्रतिशत की दर से समाधान राशि स्वीकार किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 38.09 लाख की समाधान राशि का कम आरोपण हुआ।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 6 के प्रावधानों के अन्तर्गत कोई व्यापारी उसके द्वारा देय कर के भुगतान के स्थान पर समाधान राशि भुगतान करने का विकल्प ले सकता है। विज्ञप्ति सं0 1278 दिनांक 9 जून 2009 द्वारा सिविल एवं इलेक्ट्रिकल संविदाकारों हेतु शासन द्वारा लायी गयी समाधान योजना के अनुसार, यदि कोई संविदाकार वित्तीय वर्ष के दौरान निष्पादित कार्य के मूल्य की धनराशि के पाँच प्रतिशत तक आयातित वस्तुओं का अन्तरण करता है तो समाधान राशि दो प्रतिशत की दर से आगणित होगी और यदि कोई संविदाकार पाँच प्रतिशत से अधिक प्रान्त बाहर से आयातित वस्तुओं का अन्तरण करता है तो समाधान राशि की गणना छः प्रतिशत की दर से की जायेगी।

हमने दो खण्डों में कर निर्धारण आदेशों, आयातित माल के उपभोग विवरण एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 294 व्यापारियों में से दो सिविल संविदाकारो ने वर्ष 2009–10 के दौरान ₹ 1.14 करोड़ मूल्य का आयातित माल संकर्म संविदा के निष्पादन में प्रयोग किया जो कि संविदागत धनराशि ₹ 10.72 करोड़ के पाँच प्रतिशत से अधिक था। चूँकि कार्य संविदा के निष्पादन में प्रयुक्त आयातित माल वित्तीय वर्ष में संविदागत मूल्य के पाँच प्रतिशत से अधिक था, अतः छः प्रतिशत की दर से ₹ 64.34 लाख समाधान राशि आरोपणीय थी। जबकि क0नि0प्रा0 ने फरवरी 2013 एवं अप्रैल 2013 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय दो प्रतिशत की दर से ₹ 26.25 लाख की समाधान राशि आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 38.09 लाख की कम समाधान राशि का आरोपण हुआ।

समापन गोष्ठी में शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और कहा कि दोनों मामलों में कार्यवाही चल रही है (नवम्बर 2015)।

2.3.17 अर्थदण्ड का अनारोपण

दण्डात्मक प्रावधान व्यापारियों के दुराशय पूर्ण क्रिया–कलापों को हतोत्साहित करने के लिये बनाये गये हैं। क0नि0प्रा0 कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय व्यापारियों द्वारा किये गये अपराधों जैसे–टर्नओवर का छिपाया जाना, स्वीकृत कर का विलम्ब से जमा किया जाना, मिथ्यापूर्ण घोषणा पत्रों को प्रस्तुत किया जाना इत्यादि, पर

ध्यान नहीं दिया। यद्यपि कि अधिनियम में अर्थदण्ड के आरोपण के लिये स्पष्ट प्रावधान हैं फिर भी सम्बन्धित क0नि0प्रा0 ने इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की, जिसके परिणामस्वरूप छः ज्वा0कमि0(का0स0) और 35 खण्डों के 58,298 व्यापारियों में से नमूना जाँच किये गये 8,556 व्यापारियों में से 82 व्यापारियों के मामलों में, 2008–09 से 2013–14 की अवधि में ₹ 114.82 करोड़ के अर्थदण्ड का अनारोपण हुआ, जैसा कि निम्नलिखित प्रस्तरों में उल्लिखित है।

2.3.17.1 टर्नओवर का छिपाया जाना

₹ 25.77 करोड़ के छिपाये गये टर्नओवर पर क0नि0प्रा0 द्वारा कर निर्धारण करते समय ₹ 2.48 करोड़ का अर्थदण्ड नही आरोपित किया गया था।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54 (1)(2) के अन्तर्गत जहाँ व्यापारी ने अपने टर्नओवर का विवरण छिपाया हो या जानबूझ कर ऐसे टर्नओवर का गलत विवरण प्रस्तुत किया हो या इस अधिनियम के अधीन मिथ्या कर विवरणी प्रस्तुत किया हो या संदाय कर जिसका वह इस अधिनियम के अधीन भुगतान करने का दायी हो, अपवंचन किया हो तो क0नि0प्रा0 व्यापारी को निर्देश दे सकता है कि वह, उसके द्वारा देय कर यदि कोई हो, के साथ–साथ, छिपायी गयी या परिवर्जित की गई कर की धनराशि का तीन गुना अर्थदण्ड के रूप में भुगतान करे।

हमने चार ज्वा0कमि0(का0स0) और 14 खण्डों के कर निर्धारण आदेशों, कर निर्धारण पत्रावलियों, व्यापारियों द्वारा जमा स्वीकृत कर तथा वाणिज्य कर अपीलीय प्राधिकारियों के आदेशों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 2,296 व्यापारियों में से 24 व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 से 2013–14 के दौरान ₹ 25.77 करोड़ का क्रय एवं विक्रय का टर्नओवर छिपाया। क0नि0प्रा0 ने जनवरी 2012 और मार्च 2015 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय इस छिपाये गये टर्नओवर पर ₹ 82.67 लाख का कर आरोपित किया। यद्यपि कि सात मामलों में अपीलीय प्राधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी थी कि व्यापारियों ने टर्नओवर छिपाया था एवं शेष मामलों में व्यापारियों ने स्वयं ही इसे स्वीकार किया एवं छिपाये गये टर्नओवर पर देय कर को जमा कर दिया, सम्बंधित क0नि0प्रा0 ने न तो ₹ 2.48 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही अर्थदण्ड आरोपित न किये जाने के कारणों को अंकित किया, जैसा कि **परिशिष्ट–V** में दशार्या गया है।

समापन गोष्ठी में शासन/विभाग ने कहा कि तीन मामलों में ₹ 4.77 लाख का अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है एवं शेष मामलों में कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.3.17.2 गलत घोषणा पत्र दाखिल किया जाना

क0नि0प्रा0 ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय जाली घोषणापत्रों को दाखिल किये जाने के लिए ₹ 3.22 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नही किया।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54 (1)(11)(i) (सपठित के0बि0क0 अधिनियम की धारा 9) के अन्तर्गत यदि कर निर्धारण प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि कोई व्यापारी अथवा व्यक्ति जैसा प्रकरण हो, मिथ्या या गलत प्रमाण पत्र अथवा घोषणा पत्र जारी करता है या प्रस्तुत करता है जिसके कारण बिक्री या खरीद पर कर आरोपणीय होने से रह जाता है तो वह ऐसे व्यापारी या व्यक्ति को निर्देश दे सकता है, कि वस्तु के मूल्य के 50 प्रतिशत के बराबर अर्थदण्ड के रूप में भुगतान करे।

हमने मार्च 2015 में खण्ड 2 मिर्जापुर में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 91 व्यापारियों में से एक व्यापारी ने फार्म 'एफ'

में घोषणा के विरुद्ध ₹ 6.44 करोड़ के माल की कन्साइनमेंट बिक्री पर कर मुक्ति का दावा किया था। क0नि0प्रा0 द्वारा सत्यापन पर ये फार्म जाली पाये गये। क0नि0प्रा0 ने जुलाई 2014 में कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय कर मुक्ति को अस्वीकार कर दिया और ₹ 24.40 लाख का कर आरोपित कर दिया लेकिन न तो ₹ 3.22 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही अर्थदण्ड आरोपित न किये जाने का कारण अंकित किया।

2.3.17.3 संकर्म संविदा कर का विलम्ब से जमा किया जाना

संविदाकारों को भुगतान करते समय, स्रोत पर की गई कर की कटौती ₹ 1.86 करोड़ को निर्धारित अवधि के अन्दर जमा न किये जाने पर क0नि0प्रा0 ने व्यापारियों पर ₹ 3.72 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 34 (8) सपठित धारा 34 (1) के अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति कटौती करने में असफल रहता है या कटौती करने के पश्चात इस प्रकार काटी गयी धनराशि को कटौती किये जाने वाले माह के अगले माह के 20वें दिन की समाप्ति के पूर्व सरकारी कोषागार में जमा करने में असफल रहता है तो क0नि0प्रा0 निर्देश दे सकता है कि ऐसा व्यक्ति काटी गई धनराशि के दो गुने से अनधिक धनराशि का भुगतान अर्थदण्ड के रूप में करे।

हमने आठ खण्डों में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 1,459 व्यापारियों में से 10 व्यापारियों नें वर्ष 2008–09 से 2011–12 के दौरान ठेकेदारों को भुगतान करते समय स्रोत पर ₹ 1.86 करोड़ संकर्म संविदा कर (सं0सं0क0) की कटौती की लेकिन उसे निर्धारित समय के अन्दर सरकारी कोषागार में जमा नहीं किया। विलम्ब की अवधि पाँच दिनों से दो वर्ष 20 दिनों तक की थी। क0नि0प्रा0 ने नवम्बर 2011 एवं मार्च 2015 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय न तो ₹ 3.72 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही अर्थदण्ड आरोपित न किये जाने का कारण ही अंकित किया।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग ने बताया कि एक मामले में ₹ 19.84 लाख का अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है एवं शेष मामलों में कार्यवाही की जा रही है (नवम्बर 2015)।

2.3.17.4 स्वीकार किये गये कर का विलम्ब से जमा किया जाना

बिना युक्तियुक्त कारण के ₹ 5.56 करोड़ के स्वीकार किये गये कर को निर्धारित समय के अन्दर जमा करने में असफल रहने पर क0नि0प्रा0 द्वारा कर निर्धारण के समय ₹ 1.11 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया गया।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54 (1)(1) के अन्तर्गत यदि क0नि0प्रा0 इस बात से संतुष्ट है कि कोई व्यापारी या अन्य कोई व्यक्ति बिना किसी युक्तियुक्त कारण के निश्चित अवधि अथवा बढ़ाई गई अवधि में देय कर जमा करने में असफल रहा है तो वह व्यापारी को निर्देश दे सकता है कि उसके द्वारा देय कर, यदि कोई हो तो, वह कर के साथ–साथ ऐसे देय कर के 20 प्रतिशत के बराबर अर्थदण्ड अदा करे। क0वा0क0 ने परिपत्र दिनांक 23 अप्रैल 2002 और 1 मई 2013 द्वारा निर्देशित किया है कि ऐसे मामलों में जहाँ अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया जाता है क0नि0प्रा0 को अर्थदण्ड आरोपित न किये जाने हेतु सकारण आदेशों को अंकित करना चाहिए।

हमने ज्वा0कमि0 (का0स0)–I गाजियाबाद और 24 खण्डों में कर निर्धारण आदेश एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 3,689 व्यापारियों में से

40 व्यापारियों ने 2008–09 से 2012–13 की अवधि में ₹ 5.56 करोड़ का अपना स्वीकार किया गया कर समय के अन्दर जमा नहीं किया था। विलम्ब की अवधि पाँच दिनों से दो वर्ष 11 माह 17 दिनों के बीच की थी। क0नि0प्रा0 ने दिसम्बर 2011 एवं मार्च 2015 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय न तो ₹ 1.11 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही अर्थदण्ड आरोपित न किये जाने का कारण ही अंकित किया, जैसा कि क0वा0क0 द्वारा निर्देशित था। विवरण **परिशिष्ट–VI** में दिया गया है।

2.3.17.5 बिना घोषणा पत्र के माल का आयात

बिना आयात घोषणा पत्र का प्रयोग किये ₹ 259.60 करोड़ के माल का आयात करने पर क0नि0प्रा0 द्वारा ₹ 103.60 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया गया था।

उ0प्र0मू0सं0क0 नियमावली का नियम 56 प्रान्त के बाहर किसी भी स्थान से प्रान्त के अन्दर माल का आयात करने हेतु आयात घोषणा पत्र (प्रपत्र XXXVIII) जारी एवं दाखिल किया जाना प्राविधानित करता है। उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54 (1)(14) के अन्तर्गत जहाँ कोई व्यापारी या अन्य कोई व्यक्ति, यथा स्थिति, ऐसे माल के विक्रय या ऐसे माल का प्रयोग करके विनिर्मित, प्रसंस्कृत या पैक किये गये माल के विक्रय पर संदाय कर के अपवंचन की दृष्टि से धारा 50 या 51 के अधीन उपबंधों के उल्लंघन में किसी माल का आयात करता है या आयात करने का प्रयास करता है या आयात करने का दुष्प्रेरण करता है या इस अधिनियम के किन्ही उपबन्धों के उल्लंघन में किसी कर योग्य माल का परिवहन करता है या परिवहन करने का प्रयास करता है तो क0नि0प्रा0 ऐसे व्यक्ति को माल के मूल्य के 40 प्रतिशत की धनराशि, अर्थदण्ड के रूप में भुगतान करने के लिए निर्देशित कर सकता है।

हमने मार्च 2015 में ज्वा0कमि0 (का0स0) गोरखपुर के कार्यालय में कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 83 व्यापारियों में से एक व्यापारी ने वर्ष 2010–11 में ₹ 259.60 करोड़ का गेहूँ, बिना प्रपत्र XXXVIII में घोषणा पत्र को जारी किये आयात किया था। क0नि0प्रा0 ने मार्च 2014 में कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय बिना आयात घोषणा प्रपत्र के माल का आयात करने पर न तो ₹ 103.60 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही इसके लिए कोई कारण अंकित किया, जबकि वर्ष 2008–09 एवं 2009–10 के कर निर्धारण आदेशों में क0नि0प्रा0 ने स्वयं ही खातापालकों को अर्थदण्ड की नोटिस जारी करने का निर्देश दिया था।

इसी प्रकार के मामले पूर्व में भी वर्ष 2007–08 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में हमारे द्वारा इंगित किये गये थे। विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया था एवं ₹ 822.19 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित कर दिया था, लेकिन इस प्रकार की अनियमिततायें अब भी विद्यमान हैं।

2.3.17.6 कर का अधिक संग्रहण

व्यापारियों ने अपनी कर देयता से ₹ 22.99 लाख के अधिक कर का संग्रहण किया था। हालांकि, क0नि0प्रा0 ने कर के अधिक संग्रहण हेतु ₹ 68.97 लाख का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54(1)(16) के अन्तर्गत यदि क0नि0प्रा0 इस बात से संतुष्ट है कि किसी व्यापारी ने इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कर के रूप में वसूली की है तो वह निर्देश दे सकता है कि ऐसा व्यापारी वसूले गये कर के

साथ–साथ इस प्रकार वसूले गये कर की धनराशि के तीन गुने के बराबर अर्थदण्ड के रूप में भुगतान करे।

हमने तीन ज्वा0कमि0 (का0स0) और दो खण्डों में कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 442 व्यापारियों में से छः व्यापारियों ने अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए ₹ 22.99 लाख की अधिक धनराशि कर के रूप में प्रभारित/वसूली किया था। क0नि0प्रा0 ने मार्च 2013 एवं दिसम्बर 2014 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय कर के रूप में अधिक वसूल की गयी धनराशि को तो जब्त कर लिया परन्तु न तो ₹ 68.97 लाख का अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही अर्थदण्ड आरोपित न किये जाने का कारण ही अंकित किया।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग ने कहा कि यद्यपि अर्थदण्ड आरोपण अनिवार्य नही है हालांकि, प्रस्तर 2.3.17.2 तथा प्रस्तर 2.3.17.4 से प्रस्तर 2.3.17.6 के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है (नवम्बर 2015)।

शासन राजस्व के रिसाव को रोकने के लिए कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा कर निर्धारण के समय विवरणियों की उचित जांच किया जाना सुनिश्चित कर सकता है।

2.3.18 ब्याज का प्रभारित न किया जाना

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 33(2) के अन्तर्गत कर का भुगतान करने के दायी प्रत्येक व्यापारी को देय तिथि की समाप्ति से पूर्व ऐसी कर की धनराशि को राजकीय कोषागार में जमा कर देना चाहिए, असफल रहने पर असंदत्त धनराशि पर निर्धारित अंतिम देय तिथि के अगले दिन से लेकर ऐसी धनराशि के भुगतान की तिथि तक सवा प्रतिशत प्रतिमाह की दर से साधारण ब्याज देय और भुगतान योग्य होता है।

2.3.18.1 बैंक गारन्टी के नकदीकरण पर ब्याज का प्रभारित न किया जाना

क0नि0प्रा0 ने ₹ 2.55 करोड़ की बैंक गारन्टी का नकदीकरण कराया और बिना ₹ 86.06 लाख का ब्याज प्रभारित किये, इसे देय कर के विरुद्ध समायोजित कर दिया।

हमने खण्ड 1 इलाहाबाद में कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 31 व्यापारियों में से एक व्यापारी के मामले में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अंतिम आदेश के पश्चात क0नि0प्रा0 द्वारा ₹ 2.55 करोड़ की बैंक गारन्टी का नकदीकरण करा कर राजकीय कोषागार में जमा कर दिया गया था। यद्यपि कि ₹ 2.55 करोड़ का स्वीकार किया गया कर देय तिथि से दो वर्ष तीन माह के विलम्ब के पश्चात जमा किया गया था, क0नि0प्रा0 ने मई 2012 में कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय राजकीय खाते में बिलम्ब से जमा पर ब्याज प्रभारित नही किया। स्वीकार किये गये कर के राजकीय कोषागार में विलम्बित जमा से ₹ 86.06 लाख का ब्याज प्रभारणीय था, जो कि क0नि0प्रा0 द्वारा प्रभारित नही किया गया। जिसके परिणामस्वरूप ₹ 86.06 लाख का ब्याज प्रभारित नही हुआ।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और कहा कि कार्यवाही चल रही है (नवम्बर 2015)।

2.3.18.2 स्वीकार किये गये कर के विलम्ब से जमा किये जाने पर ब्याज का प्रभारित न किया जाना

व्यापारियों ने ₹ 6.21 करोड़ का स्वीकार किया गया कर बिना ब्याज के, विलम्ब से जमा किया। क0नि0प्रा0 ने विवरणियों की संवीक्षा करते समय इस तथ्य को संज्ञान में नही लिया और ₹ 53.52 लाख का ब्याज प्रभारित करने में असफल रहे।

हमने पाँच ज्वा0कमि0 (का0स0) और चार खण्डों में कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 1,210 व्यापारियों में से 16 व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 से 2013–14 के लिए अपने स्वीकार किये गये कर ₹ 6.21 करोड़ को 11 दिनों से लेकर छः वर्ष चार माहों तक के विलम्ब से जमा किया था। स्वीकार किये गये कर के विलम्बित भुगतान पर ₹ 53.52 लाख का ब्याज प्रभारणीय था। क0नि0प्रा0 ने सितम्बर 2011 और मार्च 2015 के मध्य कर निर्धारण करते समय इस तथ्य को संज्ञान में नही लिया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 53.52 लाख के ब्याज का प्रभारण नहीं हुआ, जैसा कि **परिशिष्ट–VII** में दिखाया गया है।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और बताया कि दो मामलों में ₹ 23,000 के ब्याज की वसूली कर ली गई है और शेष मामलों में कार्यवाही चल रही है (नवम्बर 2015)।

2.3.18.3 त्रुटिपूर्ण वसूली प्रमाण पत्र के कारण कम ब्याज का प्रभारित किया जाना

क0नि0प्रा0 द्वारा त्रुटिपूर्ण वसूली प्रमाण पत्र जारी किये जाने के कारण ₹ 17.12 लाख का कम ब्याज प्रभारित हुआ।

हमने तीन खण्डों में कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 538 व्यापारियों में से पाँच व्यापारियों के मामलों में क0नि0प्रा0 ने मई 2013 और जनवरी 2015 के मध्य वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 के लिए कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय स्वीकार की गयी बिक्री पर कर आरोपित किया। हालांकि, व्यापारियों ने कर को समय से जमा नहीं किया, इस विफलता पर क0नि0प्रा0 ने ₹ 30.68 लाख के स्वीकार किये गये कर की वसूली के लिए वसूली प्रमाण पत्र जारी किया और माँग पत्र की प्राप्ति की तिथि से कर जमा करने की तिथि तक एक प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज की माँग की। स्वीकार किये गये कर पर देय तिथि से जमा करने तिथि तक सवा प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज की माँग की जानी चाहिए थी। वसूली प्रमाण पत्र के निर्गमन में इस चूक के कारण ₹ 17.12 लाख का ब्याज कम प्रभारित हुआ।

समापन गोष्ठी के समय शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और बताया कि सभी मामलों में कार्यवाही की जा रही है (नवम्बर 2015)।

2.3.19 केन्द्रीय पंजीयन प्रमाण पत्र (के0पं0प्र0प0) में सीमेंट/स्टील की खरीद के लिए अनियमित रूप से अधिकृत किया जाना

क0नि0प्रा0 ने विद्युत के निर्माण में संलग्न व्यापारी को फैक्ट्री के भवन निर्माण हेतु आयरन, स्टील एवं सीमेंट की खरीद के लिए के0पं0प्र0प0 में अनियमित रूप से अधिकृत किया, जिसके परिणामस्वरूप व्यापारी को ₹ 93.73 लाख तक का अनुचित लाभ हुआ।

के0बि0क0 अधिनियम की धारा 7(3) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति जो दूसरे राज्य से कर की रियायती दर से माल खरीदने के लिए अभिप्रेत हो, वह इस अधिनियम के अन्तर्गत

पंजीयन के लिए आवेदन करेगा। पंजीयन प्राधिकारी आवेदनकर्ता को पंजीकृत करेगा एवं विहित प्रपत्र में पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करेगा जिसमें उस वर्ग या वर्गों के माल को विनिर्दिष्ट करेगा जो उसके द्वारा, पुनः विक्रय के लिए या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त बनाये गये नियमों के अधीन रहते हुए उसके द्वारा इस विक्रयार्थ माल के विनिर्माण या प्रसंस्करण में या दूर संचार नेटवर्क में या खनन में या बिजली या किसी अन्य प्रकार की शक्ति के लिए उत्पादन या वितरण में उपयोग में लाये जाने के लिए आशयित है।

पुनश्च, कमिश्नर वाणिज्य कर (क0वा0क0) ने सभी क0नि0प्रा0 को परिपत्र सं0 17 दिनांक 4 दिसम्बर 1992 द्वारा यह निर्देश जारी किया था (1992) कि निर्माताओं/व्यापारियों को भवन निर्माण के लिए सीमेंट एवं अन्य भवन निर्माण सामग्रियों की फार्म 'सी' से खरीद की सुविधा प्रदान नही की जायेगी।

हमने ज्वा0कमि0 (का0स0) गौतमबुद्ध नगर के कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की जाँच की और पाया कि नमूना जाँच किये गये 58 व्यापारियों में से एक व्यापारी को कच्चे माल की खरीद हेतु के0पं0प्र0प0 प्रदान किया गया था जिसमें सभी प्रकार की भवन निर्माण सामग्री का क्रय शामिल था। व्यापारी ने वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 के दौरान ₹ 7.17 करोड़ की सीमेंट एवं स्टील की रियायती दर से खरीद की और इसे फैक्ट्री के निर्माण में प्रयोग किया। चूँकि व्यापारी विद्युत के उत्पादन के कार्य में संलग्न थे, आयरन, स्टील और सीमेंट इसके निर्माण में प्रयोग के लिए कच्चा माल नहीं था। निर्माताओं के लिए फार्म 'सी' की सुविधा केवल उन माल को क्रय करने के लिए है जिसका उपयोग उस माल के विनिर्माण या प्रसंस्करण में किया जाये जो बेचने के उद्देश्य से हो। क0नि0प्रा0 द्वारा के0पं0प्र0प0 में आयरन, स्टील एवं सीमेंट की खरीद के लिए अधिकृत किया जाना, अधिनियम के प्रावधान के विरुद्ध होने के साथ ही साथ कमिश्नर वाणिज्य कर के दिनांक 4 दिसम्बर 1992 के आदेश के भी विरुद्ध था। क0नि0प्रा0 ने वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 के लिए कर निर्धारण आदेश को अन्तिम रूप प्रदान करते समय कमिश्नर वाणिज्य कर के निर्देशों का पालन नहीं किया, जिसके फलस्वरूप व्यापारी को ₹ 93.73 लाख का अनुचित लाभ मिला।

समान प्रकृति के प्रकरण, हमारे द्वारा लेखापरीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2011–12 (प्रस्तर 2.15.1) एवं लेखापरीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2012–13 प्रस्तर (2.23) में प्रतिवेदित किये गये थे, यद्यपि विभाग द्वारा के0पं0प्र0प0 से सीमेंट को हटाने के लिए आश्वासन दिया गया था फिर भी ये अनियमिततायें अभी भी विद्यमान हैं।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और बताया कि कार्यवाही की जा रही है। अग्रेतर उत्तर प्राप्त नही हुआ है (नवम्बर 2015)।

2.3.20 कम्प्यूटरीकरण प्रणाली में कमियाँ

विभाग का कम्प्यूटरीकरण पर्याप्त नहीं था क्योंकि प्रान्त के व्यापारियों के संव्यवहारों का दूसरे प्रान्त के व्यापारियों के संव्यवहारों से सत्यापन सम्भव नही था, आई0टी0सी0 माड्यूल यथार्थपरक नही थे और इन्ट्रानेट की गति धीमी थी जिसका क0नि0प्रा0 के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

सिस्टम के माड्यूल जैसे प्राप्ति, पंजीयन, विवरणी, चालान, कर निर्धारण, प्रशासन एवं हेल्पडेस्क इत्यादि के अध्ययन से यह पता चला कि:

- किसी व्यापारी के संव्यवहारों के विवरणों का दूसरे प्रान्त के पंजीकृत व्यापारियों के संव्यवहारों से सत्यापन करने के लिए सम्बंधित कर निर्धारण प्राधिकारी को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध नही थी।

- आई0टी0सी0 के दावों को अनुमन्य करने एवं कर बीजकों के विरुद्ध की गयी बिक्री की धनराशि को स्वीकार करने के लिए यह आवश्यक है कि व्यापारी द्वारा की गई सभी खरीद एवं बिक्री सत्यापित हो। वर्तमान में चल रहे ऑनलाइन व्यास सिस्टम में संव्यवहारों का शत–प्रतिशत सत्यापन संभव नहीं था क्योंकि ₹ 50 लाख या इससे अधिक टर्नओवर के व्यापारी ही इस सिस्टम में ई–रिटर्न दाखिल कर रहे थे।
- व्यापारियों द्वारा डाटा अपलोडिंग के समय डाटा में एकरूपता की कमी के कारण खरीद एवं बिक्री के आँकड़ों में मेल नहीं था।
- यद्यपि नोटिसों एवं कर निर्धारण आदेशों को ऑनलाइन निर्गत करने की सुविधा थी लेकिन इसकी विधिक स्वीकार्यता नही थी। इसलिए इसे मैनुअली भी भेजना अपेक्षित था जिसके फलस्वरूप कार्यों की द्विरावृत्ति हुई।
- डाटा के अपलोडिंग एवं डाउनलोडिंग के समय इन्ट्रानेट की धीमी गति ने कर निर्धारण के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला।

क0नि0प्रा0 लेखापरीक्षा के विचार से सहमत थे। उपरोक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि कम्प्यूटरीकृत प्रणाली की कमजोरियाँ राजस्व के रिसाव के साथ क0नि0प्रा0 की दक्षता पर प्रतिकूल प्रभाव परिलक्षित करती हैं।

समापन गोष्ठी के समय शासन/विभाग ने बताया कि किसी व्यापारी के संव्यवहारों के विवरणों का दूसरे प्रान्त के पंजीकृत व्यापारियों के संव्यवहारो के विवरण से सत्यापन कराने की सुविधा, राज्य के विभाग के साथ–साथ दूसरे राज्यों द्वारा व्यापारियों के सभी संव्यवहारो के विवरण के अपलोड न किये जाने के कारण उपलब्ध नहीं थी।

शासन ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया कि डाटा के भरने हेतु विहित प्रारूप की अनुपलब्धता के कारण खरीद एवं बिक्री के आँकड़ों में मेल नहीं था।

2.3.21 मानव संसाधन प्रबन्धन

2.3.21.1 मानवशक्ति की कमी

2010–11 से 2014–15 के दौरान डि0कमि0, असि0कमि0 और वा0क0अ0 के संवर्ग में 10.93 प्रतिशत से 68.78 प्रतिशत तक की भारी कमी से विभागीय कार्यप्रणाली और राजस्व संग्रह प्रभावित हुआ।

मानवशक्ति की उपलब्धता, विभाग की आसान एवं दक्ष कार्य प्रणाली के लिए मूलभूत कारक है। यह तथ्य प्रकाश में आया कि यद्यपि लेखापरीक्षा से आच्छादित अवधि में कर निर्धारितों की संख्या 5,94,695 से बढ़कर 6,98,997 हो गयी थी, फिर भी मानवशक्ति की अत्यन्त कमी थी। विभाग में मानवशक्ति की स्थिति **सारणी 2.9** में दिखायी गयी है।

सारणी 2.9

मानवशक्ति की कमी

पद	स्वीकृत पद	तैनाती की स्थिति					कमी की प्रतिशतता (न्यूनतम–अधिकतम)
		2010–11	2011–12	2012–13	2013–14	2014–15	
एडीशनल कमिश्नर	98	93	56	86	83	97	1.02–42.86
ज्वाइंट कमिश्नर	157	155	138	151	114	147	1.27–27.39
डिप्टी कमिश्नर	494	419	368	375	289	440	10.93–41.50
असिस्टेण्ट कमिश्नर	964	382	599	631	501	628	34.54–60.37
वाणिज्य कर अधिकारी	1,275	507	398	647	423	486	49.25–68.78
अराजपत्रित कर्मचारी	12,271	9,785	8,664	7,859	8,738	7,079	20.26–42.31

स्रोतः कमिश्नर वाणिज्य कर द्वारा उपलब्ध कराये गये आँकड़े

सारणी से यह देखा जा सकता है कि 2010–11 से 2014–15 के दौरान डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर और वाणिज्य कर अधिकारी संवर्ग में 10.93 प्रतिशत से 68.78 प्रतिशत के मध्य भारी कमी थी, जिसने विभागीय कार्य प्रणाली एवं राजस्व उत्पादन को प्रभावित किया जैसा कि प्रस्तर 2.3.15 एवं 2.3.16 में दिखाया गया है।

समापन गोष्ठी में शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और बताया कि खाली पदों के भरे जाने की कार्यवाही चल रही है।

शासन स्वीकृत पदों के अनुसार मानवशक्ति की तैनाती हेतु विचार कर सकता है।

2.3.21.2 प्रशिक्षण

2010–11 से 2013–14 के दौरान 799 व्यक्तियों को एक दिन एवं 304 व्यक्तियों को दो दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। एक वर्ष में केवल एक या दो दिन का प्रशिक्षण किसी कर्मचारी को प्रशिक्षित करने/कौशल उन्नयन हेतु पर्याप्त नहीं हो सकता।

विभाग में योग्यता निर्माण में प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण साधन है। आवधिक प्रशिक्षण देकर कर्मचारियों की कुशलता एवं योग्यता में सुधार किया जा सकता है। 2010–11 से 2014–15 के दौरान कार्यरत कर्मचारियों और प्रशिक्षित किये गये कर्मचारियों का विवरण **सारणी 2.10** में दिया गया है।

सारणी 2.10

कर्मचारियों के प्रशिक्षण की स्थिति

पद नाम	वर्ष									
	2010–11		2011–12		2012–13		2013–14		2014–15	
	कार्यरत पद	प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या	कार्यरत पद	प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या	कार्यरत पद	प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या	कार्यरत पद	प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या	कार्यरत पद	प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या
डिप्टी कमिश्नर	419	06	368	00	375	15	289	00	440	00
असिस्टेण्ट कमिश्नर	382	15	599	101	631	140	501	98	628	102
वाणिज्य कर अधिकारी	507	21	398	00	647	58	423	191	486	59
संवर्ग ग कर्मचारी	9,785	17	8,664	00	7,859	00	8,738	66	7,079	00

स्रोत : कमिश्नर वाणिज्यकर द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना

हमने पाया कि 2010–11 से 2014–15 के दौरान 799 व्यक्तियों को केवल एक दिन और 304 व्यक्तियों को दो दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। एक वर्ष में केवल एक या दो दिन का प्रशिक्षण किसी कर्मचारी के कौशल में उन्नयन हेतु पर्याप्त नहीं हो सकता।

समापन गोष्ठी के समय शासन/विभाग द्वारा कहा गया कि नये कर्मचारियों एवं कार्यरत वर्तमान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। हम शासन के उत्तर से सहमत नहीं हैं क्योंकि अपने उत्तर के समर्थन में आयोजित किये गये कार्यक्रमों की संख्या एवं प्रशिक्षित किये गये कर्मचारियों की संख्या का विवरण लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराया गया था।

विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु आवधिक रिफ्रेशर कोर्स/वैट प्रशासन और कम्प्यूटरीकरण पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए शासन विचार कर सकता है।

2.3.22 आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली

आन्तरिक नियंत्रण वैधानिक प्रावधानों, नियमों एवं विभागीय निर्देशों को व्यवस्थित रूप से लागू कराने में तर्कपूर्ण आश्वासनों को उपलब्ध कराने के लिए माना जाता है। आन्तरिक

नियंत्रण त्वरित एवं प्रभावी सेवाओं तथा कर एवं शुल्क के अपवंचन के विरुद्ध समुचित सुरक्षा के लिए वित्तीय एवं प्रबन्धन सूचना की विश्वसनीय प्रणाली को सृजन करने में भी मदद करता है। अतः यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी विभाग की है कि एक उचित आंतरिक नियंत्रण संरचना स्थापित है तथा उसे प्रभावी बनाने हेतु समय–समय पर समीक्षा एवं सुधार किया जाता है।

2.3.22.1 आन्तरिक लेखापरीक्षा शाखा में मानवशक्ति की कमी

लेखापरीक्षा अधिकारियों के सभी पद रिक्त पड़े हुए थे तथा वरिष्ठ लेखा परीक्षकों/लेखा परीक्षकों के पदों में 56 से 74 प्रतिशत तक की भारी कमी थी। पदों को भरने के लिए विभाग द्वारा कोई प्रयास नहीं किये गये थे।

आन्तरिक लेखापरीक्षा शाखा क0वा0क0 के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करती है। आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा में कोई लेखापरीक्षा अधिकारी तैनात नहीं था। 13 लेखापरीक्षा अधिकारियों एवं 91 वरिष्ठ लेखापरीक्षकों/लेखापरीक्षकों के स्वीकृत पद के विरुद्ध केवल 28 वरिष्ठ लेखापरीक्षकों/लेखापरीक्षकों की तैनाती थी, जैसा कि **सारणी 2.11** में वर्णित है।

सारणी 2.11
आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा में मानवशक्ति की कमी

वर्ष	स्वीकृत पद		कार्यरत पद		रिक्त पद		कमी का प्रतिशत	
	ले0परीक्षा अधिकारी	व0ले0परीक्षक /ले0परीक्षक	ले0परीक्षा अधिकारी	व0ले0परीक्षक /ले0परीक्षक	ले0परीक्षा अधिकारी	व0ले0परीक्षक /ले0परीक्षक	ले0परीक्षा अधिकारी	व0ले0परीक्षक /ले0परीक्षक
2010–11	13	91	0	40	13	51	100	56
2011–12	13	91	0	34	13	57	100	63
2012–13	13	91	0	24	13	67	100	74
2013–14	13	91	0	31	13	60	100	66
2014–15	13	91	0	28	13	63	100	69

स्रोत : कमिश्नर वाणिज्यकर द्वारा उपलब्ध कराये गये आँकड़े

उपरोक्त सारणी दर्शाती है कि लेखापरीक्षा अधिकारियों के सभी पद खाली पड़े हुए थे एवं वरिष्ठ लेखापरीक्षकों/लेखापरीक्षकों के पदों में 56 से 74 प्रतिशत तक की भारी कमी थी। आन्तरिक लेखापरीक्षा शाखा में खाली पड़े हुए पदों को भरने के लिए विभाग द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया था।

समापन गोष्ठी में शासन/विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया और बताया कि खाली पड़े हुए पदों को प्रोन्नति एवं सीधी नियुक्ति द्वारा भरे जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

2.3.22.2 खण्डों की आन्तरिक लेखापरीक्षा की स्थिति

2010–11 से 2014–15 के दौरान विभाग की आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा द्वारा की गयी खण्डों की लेखापरीक्षा का विवरण **सारणी 2.12** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.12
खण्डों की आन्तरिक लेखापरीक्षा की स्थिति

वर्ष	खण्डों की कुल संख्या	लेखापरीक्षा हेतु योजित इकाईयाँ	लेखा परीक्षित इकाईयों की संख्या	कमी की प्रतिशतता
2010–11	436	436	386	11
2011–12	436	436	198	55
2012–13	436	436	65	86
2013–14	437	437	18	96
2014–15	437	23	21	09

स्रोत : कमिश्नर वाणिज्यकर द्वारा उपलब्ध कराये गये आँकड़े

यह दर्शाता है कि खण्डों की लेखापरीक्षा के लिये आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा की लेखापरीक्षा योजना यथार्थपरक नहीं है क्योंकि वर्ष 2010–11 से 2014–15 के मध्य नौ

से 96 प्रतिशत तक की कमी रही। अग्रेतर, वर्ष 2010–11 से 2014–15 के दौरान 36 खण्डों में कोई आंतरिक लेखापरीक्षा आयोजित नहीं की गयी थी।

समापन गोष्ठी में शासन/विभाग द्वारा कहा गया था कि 80 प्रतिशत मानवशक्ति की कमी के कारण ज्यादातर खण्डों की लेखापरीक्षा सम्भव नहीं हो पा रही है।

रिक्त पड़े पदों को भर कर वैट प्रशासन के प्रभावकारी परिचालन हेतु आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा को सुदृढ़ बनाने के लिए शासन विचार कर सकता है।

2.3.22.3 अवशेष प्रस्तरों तथा उनकी वसूली की स्थिति

आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा प्रकाश में लाये गये प्रस्तरों का निस्तारण न किये जाने के कारण मामलों की संख्या एवं उसमें निहित धनराशि वर्षानुवर्ष संचित हो रही थी। 2010–11 से 2014–15 के दौरान वसूली का प्रतिशत अत्यन्त कम 0.03 प्रतिशत से 2.58 प्रतिशत के मध्य था।

आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा द्वारा उठायी गयी आपत्तियों, उनका अनुपालन तथा वसूली का विवरण **सारणी 2.13** में दिया गया है।

सारणी 2.13
अवशेष प्रस्तरों एवं उनकी वसूली की स्थिति

(₹ लाख में)

वर्ष	प्रारम्भिक शेष		वर्ष के दौरान जुड़े मामले		वर्ष के दौरान निस्तारित मामले एवं उनकी वसूली		निस्तारित मामलों एवं वसूली की प्रतिशतता		अन्तिम शेष	
	मामलों की सं0	धनराशि	मामलों की सं0	धनराशि	मामलों की सं0	धनराशि	मामलों की सं0	धनराशि	मामलों की सं0	धनराशि
2010–11	6,626	5,697.55	2,226	1,486.28	346	185.65	3.91	2.58	8,506	6,998.18
2011–12	8,506	6,998.18	1,546	1,373.28	344	171.39	3.42	2.05	9,708	8,200.07
2012–13	9,708	8,200.07	1,241	35,017.21	130	15.11	1.19	0.03	10,819	43,202.17
2013–14	10,819	43,202.17	552	897.44	278	182.57	2.44	0.41	11,093	43,917.04
2014–15	11,093	43,917.04	529	749.65	394	153.78	3.39	0.34	11,228	44,512.91

स्रोत : कमिश्नर वाणिज्यकर द्वारा उपलब्ध कराये गये आँकड़े

उपरोक्त सारणी दर्शाती है कि मामलों की संख्या और इन मामलों में निहित धनराशि वर्षानुवर्ष संचित हो रही थी।

2010–11 से 2014–15 के दौरान वसूली का प्रतिशत अत्यन्त कम 0.03 प्रतिशत से 2.58 प्रतिशत के मध्य था।

समापन गोष्ठी के दौरान शासन/विभाग हमारे प्रेक्षण से सहमत हुए और कहा कि मामलों के निस्तारण और उनकी वसूली में तेजी लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

2.3.23 निष्कर्ष

निष्पादन लेखा परीक्षा के दौरान हमें निम्नलिखित बिन्दुओं का पता चला :

- अन्तर्विभागीय सूचना/आँकड़ों के आदान–प्रदान के लिए तन्त्र एवं सर्वेक्षण के लिए प्रतिमान अस्तित्व में न होने के कारण विभाग 79,363 अपंजीकृत व्यापारियों को चिन्हित एवं पंजीकृत करने एवं ₹ 289.82 करोड़ अर्थदण्ड आरोपित करने में असफल रहा।

  अनुशंसा: शासन अपंजीकृत व्यापारियों की पहचान करने के उददेश्य से अन्तर्विभागीय सूचना/आँकड़ों के आदान–प्रदान हेतु तन्त्र एवं सर्वेक्षण के लिए प्रतिमान विकसित करने के लिये विचार कर सकता है।

- 2010–11 से 2014–15 के दौरान प्रत्येक माह में समान रूप से कर निर्धारण वाद पारित न किये जाने के फलस्वरूप वर्ष के अंतिम माहों में 6,042 से लेकर 1,84,052 वाद कर निर्धारण हेतु अवशेष थे। उसके कारण शासन को 2010–11 से 2014–15 के दौरान कर निर्धारण वादों को पारित करने के लिए तीन बार एक माह से लेकर तीन माह तक समयावधि का विस्तार करना पड़ा। इससे आगामी वर्षों के कर निर्धारण पर भी प्रभाव पड़ता है।

  अनुशंसाः शासन निर्धारित समय के अन्दर कर निर्धारण वादों को पारित करने के लिए प्रभावी कदम उठा सकता है।

- 2011–12 से 2014–15 के दौरान पाँच प्रतिशत के मानक के सापेक्ष 0.27 से 0.44 प्रतिशत व्यापारियों का बहुत कम प्रतिशत कर सम्परीक्षा हेतु चयन किया गया था एवं 2010–11 में कोई भी व्यापारी कर सम्प्रेक्षा हेतु चयनित नहीं किया गया था।

  अनुशंसाः कर सम्प्रेक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभाग को निर्धारित नमूना आकार का दृढ़ता से अनुपालन करना चाहिए ताकि विभाग द्वारा स्वयं ही राजस्व क्षति के और अधिक मामले खोजे जायें तथा उनका सुधार किया जा सके।

- अधिक दावाकृत आई0टी0सी0 की अनियमित अनुमन्यता, क्रय/विक्रय टर्नओवर का छिपाना, कर की गलत दर का लगाया जाना, वस्तुओं का गलत वर्गीकरण, आवर्त का छिपाया जाना, स्वीकृत कर का विलम्ब से जमा किया जाना, बिना घोषणा पत्रों के माल का आयात किया जाना, गलत घोषणा पत्र प्रस्तुत किया जाना आदि के कारण ₹ 128.28 करोड़ के राजस्व का रिसाव और अर्थदण्ड का अनारोपण हुआ।

  अनुशंसाः शासन राजस्व के रिसाव को रोकने के लिए कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा कर निर्धारण आदेश को पारित करते समय विवरणियों की पर्याप्त जाँच सुनिश्चित कर सकता है।

- कर्मचारियों की अत्यधिक कमी के कारण खण्डों की अपर्याप्त आन्तरिक लेखापरीक्षा की दृष्टि से आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली अपूर्ण थी।

  अनुशंसाः शासन वैट प्रशासन के प्रभावी परिचालन हेतु खाली पदों को भर कर आंतरिक लेखापरीक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु विचार कर सकता है।

2.4 लेखापरीक्षा प्रेक्षण

हमारी 539 वाणिज्य कर कार्यालयों के 2,04,213 में से 87,400 कर निर्धारण आदेशों की जाँच में अधिनियमों/नियमों के प्रावधानों को न अपनाये जाने, कर/अर्थदण्ड/ब्याज के न/कम आरोपण, अनियमित करमुक्ति, कर की त्रुटिपूर्ण दर लगाये जाने आदि के प्रकरण सहित अनेक मामले प्रकाश में आये जो कि इस अध्याय में आगे दिये गये प्रस्तरों में उल्लिखित हैं। ये प्रकरण उदाहरणात्मक हैं तथा हमारे नमूना जाँच पर आधारित हैं। कर निर्धारण प्राधिकारियों के स्तर पर ऐसी त्रुटियाँ प्रत्येक वर्ष हमारे द्वारा इंगित की जाती हैं परन्तु ऐसी अनियमितताएं न केवल बनी रहती हैं अपितु लेखापरीक्षा होने तक ये विभाग द्वारा प्रकाश में नहीं लाई गयीं।

2.5 कर का न/कम आरोपण

82 वाणिज्य कर कार्यालयों के 2007–08 (वैट) से 2012–13 की अवधि के लिये 11,425 में से 108 व्यापारियों के मामलों में कर निर्धारण प्राधिकारियों ने कर निर्धारण करते समय दरों की अनुसूची में उल्लिखित कर की सही दर को लागू नहीं किया, कुछ मामलों में माल के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण कर की न्यूनतर दरें लागू की गयी थीं, समाधान शुल्क का कम आरोपण एवं कुछ मामलों में कोई कर आरोपित नहीं किया गया था जिसके परिणामस्वरूप ₹ 2.39 करोड़ के अर्थदण्ड के साथ ₹ 7.23 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ जैसा कि निम्नलिखित प्रस्तरों में उल्लिखित है:

2.5.1 उ0प्र0मू0सं0क0 के अन्तर्गत कर का न/कम आरोपण

उत्तर प्रदेश मूल्य सवंर्धित कर (उ0प्र0मू0सं0क0) अधिनियम, 2008 की धारा 4(1) के अन्तर्गत अनुसूची I में शामिल वस्तुएं कर मुक्त हैं, अनुसूची II में शामिल वस्तुएं चार प्रतिशत की दर से कर योग्य हैं, अनुसूची III में शामिल वस्तुएं एक प्रतिशत की दर से कर योग्य हैं तथा वे वस्तुएं जो अनुसूची IV में शामिल हैं, शासन द्वारा समय समय पर विज्ञापित दरों के अनुसार कर योग्य हैं। जो वस्तुएं उपरोक्त किसी भी अनुसूची में वर्गीकृत नहीं हैं वो अनुसूची V से आच्छादित हैं एवं 1 जनवरी 2008 से 12.5 प्रतिशत की दर से कर योग्य हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम 2008 की धारा 3–क के अन्तर्गत शासन द्वारा समय समय पर विज्ञापित दरों के अनुसार अतिरिक्त कर भी आरोपणीय है।

2.5.1.1 कर की गलत दर लगाये जाने से कर का न/कम आरोपण

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने ₹ 40.01 करोड़ के माल की बिक्री पर अनुसूची में वर्णित दरों के बजाय व्यापारियों द्वारा दाखिल विवरणियों में दर्शाये गये कर को स्वीकार किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 2.93 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ।

हमने 68 वाणिज्य कर कार्यालयों (वा0क0का0) में (अप्रैल 2013 एवं मार्च 2015 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 9,855 में से 86 व्यापारियों के मामले में, क0नि0प्रा0 ने मार्च 2011 एवं मार्च 2014 के मध्य वर्ष 2007–08 (1.1.2008 से 31.3.2008) से 2011–2012 के लिए कर निर्धारण करते समय ₹ 40.01 करोड़ के माल की बिक्री पर अनुसूची में वर्णित दरों के बजाय व्यापारियों द्वारा दाखिल अपनी विवरणियों में दर्शाये गये कर को स्वीकार किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 2.93 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ जैसा कि **परिशिष्ट–VIII** में दर्शाया गया है।

हमने मामले को शासन एवं विभाग को (जून 2013 एवं जुलाई 2015 के मध्य) प्रतिवेदित किया। विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं 10 मामलों में ₹ 77.71 लाख कर आरोपित कर दिया जिसमें से ₹ 1.02 लाख वसूल किया जा चुका है। एक मामले में विभाग ने उत्तर दिया कि वस्तु धातु की कास्टिंग है जो वैट अधिनियम की अनुसूची II से आच्छादित है। हम विभाग के उत्तर से सहमत नही हैं क्योंकि वस्तु कास्टिंग से बनी मशीनरी पार्ट्स है जो वैट अधिनियम के अनुसूची V से आच्छादित है तथा एक अन्य मामले में विभाग ने उत्तर दिया कि सामग्री प्रदूषण उपकरण है जो कि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करता है तथा यह वैट अधिनियम की अनुसूची II में वर्गीकृत है। हम विभाग के उत्तर से सहमत नही हैं क्योंकि निर्मित कैनोपी डी0जी0 सेट की एसेसरी है जो कि ध्वनि प्रदूषण यन्त्र में आच्छादित नहीं है क्योकि न तो यह स्वतंत्र रूप से प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये प्रयोग में लायी जाती है और न ही प्रदूषण नियंत्रण प्लांट में प्रयोग की जाती है। यह विशिष्ट रूप से डी0जी0 सेट में प्रयोग की जाती है एवं यह वर्गीकृत नही है। अन्य मामलों के लिए विभाग ने कहा कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.5.1.2 माल के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण कर का न/कम आरोपण

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने ₹ 66.79 करोड़ के माल की बिक्री पर माल का सही वर्गीकरण कर अनुसूची में वर्णित दर से कर लगाने के बजाय व्यापारियों द्वारा घोषित वर्गीकरण को स्वीकार किया एवं कर की गलत दर लगाया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 3.31 करोड़ का कर कम आरोपित हुआ।

हमने नौ वा0क0का0 में (जुलाई 2014 एवं फरवरी 2015 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 883 में से 11 व्यापारियों के मामलों में क0नि0प्रा0 ने मई 2012 एवं मार्च 2014 के मध्य वर्ष 2008–09 से 2010–11 के लिए कर निर्धारण करते समय ₹ 66.79 करोड़ के माल की बिक्री पर माल का सही वर्गीकरण करते हुये अनुसूची में वर्णित दर से कर लगाने के बजाय व्यापारियों द्वारा घोषित वर्गीकरण को स्वीकार किया एवं कर की गलत दर लगाया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 3.31 करोड़ का कम कर आरोपित हुआ जैसा कि **परिशिष्ट–IX** में वर्णित है।

हमने मामले को विभाग एवं शासन को प्रतिवेदित किया (जुलाई 2015)। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.5.1.3 गणना की त्रुटि के कारण कर का कम आरोपण

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने ₹ 34.20 करोड़ के कर योग्य टर्नओवर पर कर की गणना करने में त्रुटि की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 17.24 लाख कर का कम आरोपण हुआ।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम, 2008 की धारा 28 एवं उ0प्र0 स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 2007 की धारा 9(4) के अन्तर्गत क0नि0प्रा0 की यह जिम्मेदारी है कि व्यापारियों द्वारा दाखिल विवरणियों/अभिलेखों की जाँच करते समय तथा कर निर्धारण आदेशों को पारित करते समय देखें कि सभी करों को सही आरोपित किया गया है एवं सभी गणना सही की गयी है।

हमने पाँच वा0क0का0 में (मई 2013 एवं सितम्बर 2014 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 749 में से पाँच व्यापारियों के मामलों में क0नि0प्रा0 ने अप्रैल 2012 एवं मार्च 2014 के मध्य वर्ष 2008–09 से 2012–13 की

अवधि के लिए कर निर्धारण आदेश पारित करते समय ₹ 34.20 करोड़ के कर योग्य टर्नओवर पर कर की गणना करने में त्रुटि की, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 17.24 लाख कर का कम आरोपण हुआ। विवरण **सारणी 2.14** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.14

गणना की त्रुटि के कारण कर का कम आरोपण

(₹ लाख में)

क0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण का माह एवं वर्ष)	कर योग्य टर्नओवर	आरोपणीय/ आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	आरोपणीय कर	आरोपित कर	कम आरोपित कर
1	डि0कमि0 खण्ड 7 गाजियाबाद	1	2009–10 (मार्च 2013)	3,208.76	1	32.09	27.09	5.00
2	डि0कमि0 खण्ड 9 कानपुर	1	2012–13 (मार्च 2014)	78.70	2	1.57	0.57	1.00
3	डि0कमि0 खण्ड 18 लखनऊ	1	2008–09 (मई 2012)	90.53	12.5	11.32	1.32	10.00
4	डि0कमि0 खण्ड 6 नोएडा	1	2010–11 (मार्च 2014)	5.35	13.5	0.72	0.07	0.65
5	डि0कमि0 खण्ड 2 वाराणसी	1	2008–09 (अप्रैल 2012)	36.66	12.5	4.58	3.99	0.59
योग		**5**		**3,420.00**		**50.28**	**33.04**	**17.24**

स्रोतः कर निर्धारण पत्रावलियों के आधार पर उपलब्ध सूचना

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (जुलाई 2013 एवं अक्टूबर 2014 के मध्य) प्रतिवेदित किया। विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं तीन मामलों में ₹ 1.65 लाख का कर आरोपित कर दिया। अवशेष मामलों के लिए विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.5.1.4 उ0प्र0मू0सं0क0 के अन्तर्गत समाधान राशि का कम आरोपण

कर निर्धारण प्राधिकारी नें एक सिविल संविदाकार द्वारा संकर्म संविदा के निष्पादन के लिये प्राप्त भुगतान ₹ 4.73 करोड़ पर लागू छः प्रतिशत के बजाय दो प्रतिशत से समाधान राशि स्वीकार किया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 13.05 लाख की समाधान राशि का कम आरोपण हुआ।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम, 2008 की धारा 6 के अन्तर्गत सिविल संविदाकारों के लिए 9 जून 2009 को लागू की गयी समाधान योजना के प्रावधानों के अनुसार यदि कोई संविदाकार वित्तीय वर्ष के दौरान निष्पादित ठेके की धनराशि का पाँच प्रतिशत तक प्रान्त के बाहर से आयातित वस्तुओं का प्रयोग करता है, तो समाधान राशि की दर दो प्रतिशत होगी तथा यदि कोई संविदाकार पाँच प्रतिशत के ऊपर प्रान्त बाहर से आयातित वस्तुओं का प्रयोग करता है तो समाधान राशि की दर वित्तीय वर्ष के दौरान संविदाकार द्वारा निष्पादित ठेकों के विरुद्ध प्राप्त भुगतान का छः प्रतिशत होगी।

हमने डि0कमि0 खण्ड 2, सुल्तानपुर कार्यालय में कर निर्धारण आदेश, प्रान्त बाहर की वस्तुओं के उपयोग का विवरण एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की और पाया कि एक संविदाकार ने संकर्म संविदा के निष्पादन में ₹ 97.75 लाख की आयातित वस्तुओं का प्रयोग किया जो वर्ष 2008–09 और 2009–10 के दौरान निष्पादित संविदागत राशि ₹ 4.73 करोड़ के पाँच प्रतिशत से अधिक था। चूंकि संकर्म संविदा के निष्पादन में आयातित वस्तुओं का प्रयोग प्रत्येक वित्तीय वर्ष में संविदागत मूल्य का पाँच प्रतिशत से अधिक था अतः समाधान योजना के प्रावधानों के अनुसार छः प्रतिशत की दर से ₹ 28.37 लाख की समाधान राशि आरोपणीय थी। तथापि, मार्च 2014 में कर निर्धारण को अन्तिम रूप देते समय क0नि0प्रा0 ने ₹ 15.32 लाख (₹ 4.73 करोड़ पर दो प्रतिशत

की दर से तथा ₹ 97.25 लाख पर छः प्रतिशत की दर से) समाधान राशि आरोपित किया। जिसके परिणामस्वरूप ₹ 13.05 लाख कम समाधान राशि का आरोपण हुआ।

हमने मामले को विभाग एवं शासन को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2015)। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.5.1.5 उ0प्र0व्या0क0 के अन्तर्गत समाधान शुल्क का कम आरोपण

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप देते समय लागू दर के बजाय निम्नतर दर से समाधान राशि स्वीकार किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 10.51 लाख समाधान राशि का कम आरोपण हुआ।

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा 7 घ के प्रावधानों के अन्तर्गत कोई व्यापारी उसके द्वारा देय कर के बदले में समाधान राशि का भुगतान करने का विकल्प ले सकता है। सिविल संविदाकारो के लिए 15 फरवरी 2005 से समाधान राशि की गणना विज्ञप्ति सं0 के0ए0एन0आई0–2–362/ग्यारह–2005 दिनांक 11 फरवरी 2005 के अन्तर्गत दो प्रतिशत की दर से की जायेगी। विद्युत संविदाकारों के लिए 1 फरवरी 2005 से विज्ञप्ति सं0 के0ए0एन0आई0–2–271–X दिनांक 2 फरवरी 2005 के अन्तर्गत समाधान राशि की गणना दो प्रतिशत की दर से की जायेगी। यदि कोई विद्युत संविदाकार प्रपत्र 'सी' अथवा आयात घोषणा पत्र फार्म XXXI का प्रयोग करता है तो समाधान राशि की गणना चार प्रतिशत की दर से की जायेगी।

हमने दो वाणिज्य कर कार्यालयों में (दिसम्बर 2013) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 232 व्यापारियों में से दो संविदाकारों ने वर्ष 2008–09 के दौरान संकर्म संविदा के निष्पादन के लिए ₹ 27.02 करोड़ प्राप्त किये। इसमें से ₹ 4.12 करोड़ पर संविदाकारों ने सिविल संविदा के लिए सही दर दो प्रतिशत से तथा ₹ 3.19 करोड़ पर विद्युत संविदा के लिए सही दर चार प्रतिशत से समाधान राशि अदा नही किया था जबकि ये संविदायें उ0प्र0व्या0क0 अवधि के साथ–साथ विज्ञप्ति के तिथि के बाद की तिथि से सम्बन्धित थीं। क0नि0प्रा0 ने अप्रैल 2012 एवं मई 2012 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय लागू दर के बजाय कम दर से समाधान राशि स्वीकार किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 10.51 लाख समाधान राशि का कम आरोपण हुआ। विवरण **सारणी 2.15** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.15

उ0प्र0व्या0क0 के अन्तर्गत समाधान राशि का कम आरोपण

(₹ लाख में)

क0 स0	इकाई का नाम	व्यापारियो की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण का माह एवं वर्ष)	वर्ष के दौरान निष्पादित ठेके से प्राप्त सकल धनराशि	धनराशि जिस पर कम समाधान राशि आरोपित किया गया	आरोपणीय समाधान राशि (प्रतिशत में)	आरोपित समाधान राशि (प्रतिशत में)	कम आरोपित समाधान राशि (प्रतिशत में)	कम आरोपित समाधान राशि
1	डि0 कमि0 खण्ड 14 गाजियाबाद	1	2008–09 (अप्रैल 2012)	2,164.00	411.87	2	1	1	4.12
2	डि0 कमि0 खण्ड 25 कानपुर	1	2008–09 (मई 2012)	538.40	319.37	4	2	2	6.39
योग		**2**		**2,702.40**	**731.24**				**10.51**

स्रोतः लेखापरीक्षा निष्कर्षों के आधार पर उपलब्ध सूचना

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (जनवरी 2014 एवं अगस्त 2014 के मध्य) प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.5.2 रियायती दर पर डीजल खरीद के लिए अनियमित रूप से अधिकृत किया जाना

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने कर निर्धारण करते समय फार्म 'डी' के विरुद्ध ₹ 4.78 करोड़ के डीजल के क्रय पर ₹ 58.41 लाख की छूट अनुमन्य किया जो कि अनुमन्य नहीं थी जिसके फलस्वरूप ₹ 58.41 लाख के कर का कम आरोपण एवं वस्तु के मूल्य के 50 प्रतिशत की दर से ₹ 2.39 करोड़ के अर्थदण्ड का अनारोपण हुआ।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम, 2008 की धारा 4(1)(ग) के प्रावधानों के अन्तर्गत जारी अनुसूची IV की प्रविष्टि सं0 4(ख) के अनुसार डीजल पर 29 जनवरी 2009 से 17.23 प्रतिशत की दर से कर आरोपणीय है एवं अनुसूची IV की प्रविष्टि सं0 4(क) के अनुसार नान–वैट माल के अतिरिक्त किसी कर योग्य माल का निर्माता शासन की विज्ञप्ति सं0–2758 दिनांक 29.09.2008 द्वारा 30 सितम्बर 2008 से फार्म डी के विरुद्ध रियायती दर पाँच प्रतिशत की दर पर डीजल खरीदने के लिए हकदार है।

यह न्यायिक (एस0टी0आई0 2000 एस0सी0 53, उत्तर प्रदेश बनाम मेसर्स लाल कुआं स्टोन क्रसर प्रा0लि0) रूप से निर्णीत है कि बड़े पत्थरों को गिट्टी अथवा चूर्ण में बदलना निर्माण नहीं है।

अग्रेतर उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54(1)(11)(i) के अनुसार यदि क0नि0प्रा0 इस बात से संतुष्ट है कि कोई व्यापारी इस अधिनियम के अधीन विहित मिथ्या या गलत प्रमाण–पत्र या घोषणा पत्र जारी करता हो या प्रदान करता हो, जिसके कारण से विक्रय या क्रय पर कर उद्ग्रहणीय नहीं रह जाता है, तो वह ऐसे व्यापारी को निर्देश दे सकता है कि वस्तु के मूल्य के 50 प्रतिशत के बराबर अर्थदण्ड के रूप में भुगतान करे।

हमने तीन वा0क0का0 में (सितम्बर 2013 एवं दिसम्बर 2013 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 348 में से तीन व्यापारियों ने ₹ 4.78 करोड़ के डीजल की फार्म 'डी' के विरुद्ध खरीद पर ₹ 58.41 लाख की कर की रियायत का दावा किया, जो कि अनुमन्य नहीं था क्योंकि न्यायिक रूप से बड़े पत्थरों को गिट्टी एवं चूर्ण में बदलना निर्माण नहीं माना गया है। क0नि0प्रा0 ने सितम्बर 2011 एवं दिसम्बर 2012 के मध्य कर निर्धारण करते समय रियायत अनुमन्य किया जिसके फलस्वरूप ₹ 58.41 लाख के कर का कम आरोपण एवं वस्तु के मूल्य का 50 प्रतिशत की दर से ₹ 2.39 करोड़ के अर्थदण्ड का अनारोपण हुआ। विवरण **सारणी 2.16** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.16

डीजल खरीद के लिये अनियमित रूप से अधिकृत किया जाना एवं अर्थदण्ड का अनारोपण

(₹ लाख में)

क0 स0	इकाई का नाम	व्यापारियो की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	कर योग्य आवर्त	आरोपणीय / आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	अनुमन्य अदेय लाभ की धनराशि	आरोपणीय अर्थदण्ड
1	ज्वा0कमि0 (का0स0) झाँसी	1	2009–10 (मई 2012)	डीजल	87.39	17.23 / 5	10.69	43.70
			2010–11 (जून 2012)	डीजल	112.03	17.23 / 5	13.7	56.01
2	डि0कमि0 खण्ड 4 झाँसी	1	2009–10 (अक्टूबर 2012)	डीजल	34.53	17.23 / 5	4.22	17.27
			2010–11 (दिसम्बर 2012)	डीजल	51.80	17.23 / 5	6.34	25.90
3	डि0कमि0 खण्ड 6 झाँसी	1	2009–10 (सितम्बर 2011)	डीजल	93.73	17.23 / 5	11.46	46.86
			2010–11 (जुलाई 2012)	डीजल	98.19	17.23 / 5	12.00	49.09
	योग	**3**			**477.67**		**58.41**	**238.83**

स्रोतः कर निर्धारण पत्रावलियों के आधार पर उपलब्ध सूचना

हमने मामले को विभाग एवं शासन को नवम्बर 2013 एवं फरवरी 2014 के मध्य प्रतिवेदित किया। विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं एक प्रकरण में ₹ 23.46 लाख का कर आरोपित कर दिया जबकि अर्थदण्ड आरोपित नही किया था। अवशेष मामलों के लिए विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.6 अर्थदण्ड का अनारोपण

दण्डात्मक प्रावधान व्यापारियों के दुराशयपूर्ण क्रिया–कलापों को हतोत्साहित करने के लिए बनाये गये हैं। क0नि0प्रा0 ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय व्यापारियों द्वारा किये गये अपराधों जैसे लेखों से बाहर संव्यवहार, कर का विलम्ब से जमा किया जाना, उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम एवं उसके अधीन निर्मित नियमों के प्रावधानों के प्रतिकूल संव्यवहार आदि पर ध्यान नहीं दिया। यद्यपि अधिनियम में अर्थदण्ड के आरोपण के लिये स्पष्ट प्रावधान हैं, फिर भी सम्बन्धित क0नि0प्रा0 ने इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही प्रारम्भ नही की जिसके परिणामस्वरूप 2008–09 से 2011–12 तक की अवधि में 33 वा0क0का0 के 4,451 में से 45 व्यापारियों के प्रकरणों में ₹ 2.13 करोड़ के अर्थदण्ड का आरोपण नहीं हुआ जैसा कि निम्नलिखित प्रस्तरों में उल्लिखित है:

2.6.1 टर्नओवर का छिपाया जाना

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने छिपाये गये ₹ 94 लाख के टर्नओवर पर ₹ 17.73 लाख अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54(1)(2) के अन्तर्गत जहाँ पर व्यापारी ने अपने टर्नओवर का विवरण छिपाया हो या जानबूझ कर ऐसे टर्नओवर का गलत विवरण प्रस्तुत किया हो या इस अधिनियम के अधीन मिथ्या कर विवरणी प्रस्तुत किया हो या कर संदाय का अपवंचन किया हो जिसका वह इस अधिनियम के अधीन भुगतान करने का दायी है, तो क0नि0प्रा0 व्यापारी को निर्देश दे सकता है कि वह कर, यदि उसके द्वारा देय हो, के साथ–साथ छिपायी गयी या परिवर्जित की गयी कर की धनराशि का तीन गुना अर्थदण्ड के रूप में भुगतान करे।

हमने छः वा0क0का0 में (अक्टूबर 2014 एवं फरवरी 2015 के मध्य) व्यापारियों के अंतिम कर निर्धारण आदेश, व्यापारियों द्वारा जमा किया गया स्वीकृत कर एवं वाणिज्य कर अपीलीय प्राधिकारियों के आदेशों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 1,126 में से सात व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 से 2011–12 की अवधि में अपने ₹ 94 लाख क्रय एवं बिक्रय के टर्नओवर को छिपाया था। चूँकि व्यापारियों ने अपने टर्नओवर को छिपाया था अतः वे छिपाये गये कर की धनराशि के तीन गुने के बराबर अर्थदण्ड के दायी थे। क0नि0प्रा0 में मार्च 2012 एवं फरवरी 2014 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय इस छिपाये गये टर्नओवर पर ₹ 5.91 लाख का कर आरोपित किया। यद्यपि दो[5] मामलों में अपीलीय प्राधिकारियों ने (जून 2012 एवं जनवरी 2014 के मध्य) यह पुष्टि कर दी थी कि व्यापारियों ने अपने टर्नओवर को छिपाया/देय कर का भुगतान अपवंचित किया था अथवा व्यापारियों ने स्वयं ही इसे स्वीकार कर लिया था एवं हुए छिपाये गये टर्नओवर पर देय कर जमा कर दिया था, सम्बन्धित क0नि0प्रा0 ने न तो ₹ 17.73 लाख का अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही अर्थदण्ड आरोपित न किये जाने का कारण अंकित किया।

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (नवम्बर 2014 एवं अप्रैल 2015 के मध्य) प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं एक मामले में

[5] डि0कमि0 खण्ड 19 आगरा, डि0कमि0 खण्ड 10 बरेली।

₹ 3.26 लाख अर्थदण्ड आरोपित कर दिया एवं दूसरे मामले में विभाग ने उत्तर दिया कि प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा छिपायी गयी बिक्री को नियमित पाया गया है परन्तु विभाग ने वर्तमान स्थिति से अवगत नही कराया। शेष मामलों के लिए विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.6.2 कर का विलम्ब से जमा होना

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप देते समय ₹ 6.34 करोड़ के स्वीकार किये गये कर को विलम्ब से जमा किये जाने पर ₹ 1.26 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नही किया।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54 (1)(1) के अन्तर्गत, यदि क0नि0प्रा0 इस बात से संतुष्ट है कि कोई व्यापारी या अन्य कोई व्यक्ति बिना किसी युक्तियुक्त कारण के अपने टर्नओवर का विवरण प्रस्तुत करने में असफल रहा या अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार कर जमा करने में असफल रहता है तो वह व्यापारी को यदि उसके द्वारा कोई कर देय हो तो कर के साथ–साथ अर्थदण्ड के रूप में ऐसे देय कर का 20 प्रतिशत के बराबर धनराशि अदा करने का निर्देश दे सकता है।

हमने 27 वा0क0का0 में (अगस्त 2013 एवं दिसम्बर 2014 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 3,404 में से 35 व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 एवं 2011–12 की अवधि के लिए अपने स्वीकार किये गये कर ₹ 6.34 करोड़ को समय से जमा नहीं किया था। विलम्ब की अवधि चार दिनों से लेकर 1,303 दिनों की थी। चूँकि कर विलम्ब से जमा किया गया था जिसके लिये वे आरोपित कर के साथ–साथ देय कर के 20 प्रतिशत धनराशि के बराबर अर्थदण्ड के भुगतान के भी दायी थे, जबकि क0नि0प्रा0 ने दिसम्बर 2010 एवं मार्च 2014 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय न तो ₹ 1.26 करोड़ अर्थदण्ड आरोपित किया और न ही अर्थदण्ड आरोपित न किये जाने का कोई कारण ही अंकित किया जैसा कि **परिशिष्ट–X** में दर्शाया गया है।

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (अक्टूबर 2013 एवं फरवरी 2015 के मध्य) प्रतिवेदित किया। विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं 16 मामलों में ₹ 72.55 लाख का अर्थदण्ड आरोपित कर दिया। शेष मामलों के लिए विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.6.3 मिथ्या खरीद

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय बिना वस्तुओं की वास्तविक खरीद किये ₹ 1.37 करोड़ के कर बीजक प्राप्त करने पर आई0टी0सी0 उत्क्रमित कर दी परन्तु ₹ 68.70 लाख अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54 (1)(11)(iv) के अन्तर्गत यदि क0नि0प्रा0 इस बात से संतुष्ट है कि कोई व्यापारी या अन्य व्यक्ति जैसा भी मामला हो, माल का वास्तविक क्रय किये बिना कर बीजक या बिक्री बीजक प्राप्त करता है, तो वह ऐसे व्यापारी या व्यक्ति को निर्देश दे सकता है कि वह वस्तु के मूल्य के 50 प्रतिशत के बराबर धनराशि अर्थदण्ड के रूप में भुगतान करें।

हमने तीन वा0क0का0 में (सितम्बर 2014 एवं फरवरी 2015 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 333 में से तीन व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 से 2010–11 के दौरान ₹ 1.37 करोड़ के कर बीजक बिना वास्तविक खरीद किये प्राप्त किया था एवं आई0टी0सी0 का दावा किया था। चूँकि व्यापारियों ने

बिना वास्तविक खरीद किये आई0टी0सी0 का दावा किया था जिसके लिए वे वस्तु के मूल्य के 50 प्रतिशत धनराशि के बराबर अर्थदण्ड के भुगतान के दायी थे जबकि क0नि0प्रा0 ने अक्टूबर 2013 एवं मार्च 2014 के मध्य कर निर्धारण आदेश को अन्तिम रूप प्रदान करते समय आई0टी0सी0 उत्क्रमित कर दिया परन्तु ₹ 68.70 लाख अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया जैसा कि **सारणी 2.17** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.17

मिथ्या खरीद पर अर्थदण्ड का अनारोपण

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियो की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण का माह एवं वर्ष)	बिना वास्तविक खरीद के प्राप्त विक्रय/कर बीजक से आच्छादित धनराशि	आरोपणीय अर्थदण्ड
1	डि0कमि0 खण्ड 6 गाजियाबाद	1	2010–11 (मार्च 2014)	109.68	54.84
2	डि0कमि0 खण्ड 8 मेरठ	1	2008–09 (अक्टूबर 2013)	15.27	7.63
3	डि0कमि0 खण्ड 1 सहारनपुर	1	2010–11 (मार्च 2014)	12.47	6.23
योग		**3**		**137.42**	**68.70**

स्रोतः कर निर्धारण पत्रावलियों के आधार पर उपलब्ध सूचना

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (अक्टूबर 2014 एवं मार्च 2015 के मध्य) प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.7 प्रवेश कर का न/कम आरोपण

क0नि0प्रा0 ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय प्रवेश कर की दरों की अनुसूची में दी गयी सही दर लागू नही किया, कुछ मामलों में कोई प्रवेश कर आरोपित नही किया गया था, कुछ अन्य मामलों में निर्माता के द्वारा कम प्रवेश कर वसूला जाना एवं खरीद पर प्रवेश कर की अनियमित छूट के परिणामस्वरूप 25 वा0क0का0 के 3,050 में से 34 व्यापारियों के मामलों में 2008–09 से 2011–12 तक की अवधि में ₹ 2.76 करोड़ के प्रवेश कर का न/कम आरोपण के साथ–साथ ₹ 2.35 करोड़ का अर्थदण्ड भी आरोपित नही हुआ जैसा कि निम्नलिखित प्रस्तरों में दर्शाया गया है:

2.7.1 स्टॉक ट्रान्सफर से प्राप्त माल पर प्रवेश कर का कम आरोपण

क0नि0प्रा0 ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय राज्य के बाहर से स्टॉक ट्रांसफर से प्राप्त माल पर ऐसे मामलों में उसके बिक्रय मूल्य ₹ 1,906.94 करोड़ पर प्रवेश कर आरोपित करने के बजाय माल ₹ 1,751.34 करोड़ पर प्रवेश कर आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 1.56 करोड़ के प्रवेश कर का कम आरोपण हुआ।

उ0प्र0 माल के प्रवेश पर कर अधिनियम 2007 की धारा 4 के अन्तर्गत शासन द्वारा समय–समय पर अधिसूचित दरों की अनुसूची के अनुसार माल के मूल्य पर प्रवेश कर आरोपणीय है। केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत परिभाषित (कुछ वस्तुओं को छोड़कर) आयरन एवं स्टील पर 'माल के मूल्य' के एक प्रतिशत की दर से प्रवेश कर आरोपणीय है। अग्रेतर, उक्त अधिनियम की धारा 2 (एच)(iv) के अन्तर्गत, यदि माल को क्रय से भिन्न प्रकार से अर्जित या प्राप्त किया गया हो तो वहाँ 'माल के मूल्य' का तात्पर्य ऐसे मूल्य या कीमत से होगा जिस पर उसी प्रकार के या उसी गुणवत्ता के माल उस स्थानीय क्षेत्र में, जिसमें माल उपभोग, प्रयोग या विक्रय के लिए लाये या प्राप्त किये जा रहे हों, खुले बाजार में थोक मूल्य पर विक्रय किये जाते हों।

हमने ज्वा0कमि0 (का0स0) I कानपुर में कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की (नवम्बर 2014) एवं पाया कि 98 में से दो व्यापारियों ने वर्ष 2010–11 के

दौरान ₹ 1,751.34 करोड़ का आयरन एवं स्टील राज्य के बाहर से खरीद से इतर तरीके (स्टॉक ट्रान्सफर) से प्राप्त किया जिस पर व्यापारियों द्वारा घोषित मूल्य पर प्रवेश कर आरोपित किया गया था। क0नि0प्रा0 ने फरवरी एवं मार्च 2014 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय इस तथ्य की जाँच नहीं की कि माल खरीद से इतर तरीके से अर्जित किया गया था जिस पर माल के विक्रय कीमत ₹ 1,906.94 करोड़ पर प्रवेश कर आरोपणीय था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 1.56 करोड़ कम प्रवेश कर आरोपित हुआ।

हमने मामले को विभाग एवं शासन को जनवरी 2015 में प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही चल रही है (नवम्बर 2015)।

2.7.2 प्रवेश कर का न/कम आरोपण

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय ₹ 81.64 करोड़ के माल की स्थानीय क्षेत्र के बाहर से खरीद पर ₹ 1.16 करोड़ के बजाय ₹ 25.12 लाख प्रवेश कर आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 90.66 लाख प्रवेश कर का न/कम आरोपण हुआ।

उ0प्र0 माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 2007 की धारा 4 के अन्तर्गत शासन द्वारा समय–समय पर अधिसूचित दरों की अनुसूची के अनुसार माल के मूल्य पर प्रवेश कर आरोपणीय है। विज्ञप्ति सं0–422 दिनांक 31 मार्च 2011 के अनुसार आयरन एवं स्टील पर दिनांक 1 अप्रैल 2011 से पाँच प्रतिशत की दर से प्रवेश कर आरोपणीय था तथा उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम के अन्तर्गत किसी व्यापारी द्वारा क्रय या विक्रय पर देय कर की धनराशि की सीमा तक छूट अनुमन्य थी।

हमने 13 वा0क0का0 में (दिसम्बर 2013 एवं मई 2015 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 1,591 में से 18 व्यापारियों ने 2008–09 से 2011–12 की अवधि के दौरान स्थानीय क्षेत्र के बाहर से ₹ 81.64 करोड़ का माल क्रय किया था, जिस पर ₹ 1.16 करोड़ प्रवेश कर आरोपणीय था। क0नि0प्रा0 ने नवम्बर 2011 एवं मार्च 2015 के मध्य कर निर्धारण आदेश को अन्तिम रूप प्रदान करते समय पाँच व्यापारियों के प्रकरणों में केवल ₹ 25.12 लाख प्रवेश कर आरोपित किया। इसके फलस्वरूप ₹ 90.66 लाख के प्रवेश कर का न/कम आरोपण हुआ जैसा कि **परिशिष्ट–XI** में दर्शाया गया है।

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (फरवरी 2014 एवं जुलाई 2015 के मध्य) प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं एक मामलें में ₹ 0.35 लाख प्रवेश कर आरोपित किया। शेष मामलों में विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.7.3 निर्माताओं द्वारा प्रवेश कर का न/कम वसूल किया जाना

निर्माताओं ने प्रवेश कर वसूल करते समय वैट के घटक को टर्नओवर में शामिल नहीं किया था एवं कुछ मामलों में माल का परिदान करने के समय व्यापारियों से कोई प्रवेश कर वसूल नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 8.55 लाख के प्रवेश कर की न/कम वसूली हुयी।

उ0प्र0 माल के स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश पर कर अधिनियम, 2007 की धारा 12 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति जो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अनुसूची में विनिर्दिष्ट ऐसे माल को राज्य के भीतर, किसी विनिर्माता से किसी स्थानीय क्षेत्र में लाने का इरादा रखता हो, वह विनिर्माता से माल का परिदान प्राप्त करते समय, स्थानीय क्षेत्र में ऐसे माल के प्रवेश

पर देय कर का भुगतान विनिर्माता को करेगा और विनिर्माता इस प्रकार भुगतान किये गये कर को प्राप्त करेगा। पुनश्च विनिर्माता ऐसे माल की सुपुर्दगी क्रेता को तब तक नहीं करेगा जब तक ऐसे कर का भुगतान क्रेता द्वारा नहीं कर दिया जाता। धारा 12 (2) इस प्रकार प्राप्त किये गये कर को विहित रीति से जमा करने के लिए प्राविधानित करती है। अधिनियम की धारा 12 (3) के अन्तर्गत जहाँ यदि कोई भी विनिर्माता इस धारा के अधीन कर को जमा करने में असफल रहता है, वहाँ वह जैसा कि अधिनियम की धारा 12(5) में प्राविधानित है उस पर देय ब्याज और शास्ति सहित, कर का भुगतान करने का दायी होगा।

हमने चार वा0क0का0 में (जून 2013 एवं सितम्बर 2014 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 569 में से छः व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 से 2010–11 की अवधि के दौरान ₹ 86.97 करोड़ (वैट सहित) के माल की बिक्री एवं परिदान स्थानीय क्षेत्र के बाहर के क्रेताओं को किया, जिस पर प्रवेश कर वसूली योग्य था। तीन मामलों में विनिर्माताओं ने प्रवेश कर की गणना करते समय ₹ 77.62 करोड़ के माल के मूल्य में ₹ 3.93 करोड़ के वैट के घटक को शामिल नहीं किया एवं शेष तीन मामलों में ₹ 41.98 लाख के टर्नओवर पर कोई प्रवेश कर वसूल नहीं किया गया। क0नि0प्रा0 ने अप्रैल 2012 एवं मई 2013 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय इस तथ्य को संज्ञान में नहीं लिया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 8.55 लाख के प्रवेश कर की न/कम वसूली हुई।

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (अगस्त 2013 एवं सितम्बर 2014 के मध्य) प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने हमारे प्रेक्षण को स्वीकार किया एवं दो मामलों में ₹ 1.42 लाख का प्रवेश कर आरोपित किया। शेष मामलों के लिए विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.7.4 प्रवेश कर का न/कम वसूल किया जाना तथा निर्माताओं पर अर्थदण्ड का अनारोपण

एक मामलें में निर्माता ने माल का परिदान करते समय वैट के घटक को टर्नओवर में शामिल किये बिना क्रेता से प्रवेश कर वसूल किया एवं शेष तीन मामलों में कोई प्रवेश कर वसूल नही किया गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 15.39 लाख प्रवेश कर की कम वसूली एवं ₹ 30.73 लाख अर्थदण्ड का अनारोपण हुआ।

हमने तीन वा0क0का0 में (फरवरी 2014 एवं अप्रैल 2015 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 335 व्यापारियों में से चार विनिर्माताओं ने 2008–09 से 2011–12 की अवधि के दौरान ₹ 52.34 करोड़ के माल की बिक्री एवं परिदान स्थानीय क्षेत्र के बाहर के क्रेताओं को किया एवं एक मामले में वैट सहित सही टर्नओवर ₹ 49.05 करोड़ के बजाय ₹ 46.81 करोड़ के टर्नओवर पर (वैट को शामिल किये बिना) ₹ 93.62 लाख प्रवेश कर वसूल किया, जबकि ₹ 3.29 करोड़ के टर्नओवर पर कोई प्रवेश कर वसूल नहीं किया गया। पुनश्च यदि विनिर्माता कर वसूल करने व जमा करने में असफल रहता है, क0नि0प्रा0 निर्देश दे सकता है कि ऐसा व्यक्ति ऐसे में वसूलनीय धनराशि के दो गुने से अनधिक धनराशि अर्थदण्ड के रूप में अदा करेगा। क0नि0प्रा0 ने सितम्बर 2010 एवं जून 2014 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय इस तथ्य को संज्ञान में नहीं लिया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 15.39 लाख प्रवेश कर की न/कम वसूली एवं ₹ 30.78 लाख अर्थदण्ड का अनारोपण हुआ जैसा कि **सारणी 2.18** में वर्णित है।

सारणी 2.18

प्रवेश कर का न/कम वसूल किया जाना तथा निर्माताओं पर अर्थदण्ड का अनारोपण

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियो की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	कर योग्य टर्नओवर	प्रवेश कर की दर (प्रतिशत)	वसूलनीय प्रवेश कर की धनराशि	वसूली गयी प्रवेश कर की धनराशि	न वसूली गयी प्रवेश कर की धनराशि	आरोपणीय अर्थदण्ड
1.	ज्वा0 कमि0 (का0स0) गोरखपुर	1	2008–09 (सितम्बर 2010)	गुटखा	53.66	5	2.68	0	2.68	5.36
			2009–10 (अप्रैल 2013)		90.38		4.52	0	4.52	9.04
		1	2009–10 (अप्रैल 2013)	पेपर	109.93	2	2.20	0	2.20	4.40
2.	डि0 कमि0 खण्ड 7 मेरठ	1	2009–10 (अप्रैल 2012)	पेपर	1,968.36	2	39.37	37.68	1.69	3.38
			2010–11 (मार्च 2013)		2,936.99	2	58.74	55.94	2.80	5.60
3.	डि0 कमि0 खण्ड 2 नोएडा	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	वाटर प्रूफ पेपर	38.33	2	0.77	0	0.77	1.54
			2011–12 (जून 2014)		36.74		0.73	0	0.73	1.46
	योग	**4**			**5,234.39**		**109.01**	**93.62**	**15.39**	**30.78**

स्रोतः कर निर्धारण आदेश एवं व्यापारियों की पत्रावलियों से उपलब्ध सूचना

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (अप्रैल 2014 एवं जुलाई 2015 के मध्य) प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.7.5 वसूले गये प्रवेश कर को विलम्ब से जमा करने पर अर्थदण्ड का अनारोपण

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने विनिर्माताओं द्वारा वसूले गये ₹ 1.02 करोड़ प्रवेश कर को विलम्ब से जमा करने पर ₹ 2.04 करोड़ अर्थदण्ड आरोपित नही किया।

हमने दो वा0क0का0 में कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 262 व्यापारियों में से दो विनिर्माताओं ने ₹ 1.02 करोड़ प्रवेश कर स्थानीय क्षेत्र के बाहर के क्रेताओं से वसूला जिसे विहित समय के अन्तर्गत राजकीय कोषागार में जमा नहीं किया। विलम्ब की अवधि पाँच दिन से चार वर्षों की थी। क0नि0प्रा0 ने मार्च 2014 एवं जुलाई 2014 के मध्य कर निर्धारण को अन्तिम रूप प्रदान करते समय इस तथ्य को संज्ञान में नहीं लिया कि विनिर्माताओं ने वसूला गया प्रवेश कर विलम्ब से जमा किया था एवं ₹ 2.04 करोड़ अर्थदण्ड आरोपित करने में असफल रहे जैसा कि **सारणी 2.19** में दर्शाया गया है।

सारणी 2.19

वसूले गये प्रवेश कर को विलम्ब से जमा करने पर अर्थदण्ड का अनारोपण।

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियो की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	विलम्ब से जमा किया गया प्रवेश कर	विलम्ब की अवधि दिन में	आरोपणीय अर्थदण्ड
1.	ज्वा0कमि0 (का0स0) I लखनऊ	1	2008–09 (जुलाई 2014)	गुटखा	26.06	1,460	52.12
			2011–12 (जून 2014)		68.35	365	136.70
2.	डि0कमि0 खण्ड 1 रामपुर	1	2009–10 (मार्च 2014)	पेपर	5.83	05 से 11	11.66
			2010–11 (मार्च 2014)		1.57	07 से 40	3.14
	योग	**2**			**101.81**		**203.62**

स्रोतः कर निर्धारण आदेश एवं व्यापारियों की पत्रावलियों से उपलब्ध सूचना

हमने मामले को विभाग एवं शासन को प्रतिवेदित किया (जुलाई 2015)। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

2.7.6 खरीद पर प्रवेश कर की अनियमित छूट

कर निर्धारण प्राधिकारियों ने ₹ 3.65 करोड़ के माल की स्थानीय क्षेत्र के बाहर से खरीद पर ₹ 5.44 लाख की अननुमन्य छूट मान्य की।

धारा 6 सपठित शासन की विज्ञप्ति दिनांक 4 मार्च 2008 एवं 31 मार्च 2011 के अनुसार व्यापारी को प्रवेश कर में वैट के अन्तर्गत खरीद अथवा बिक्री पर अधिनियम के अन्तर्गत आरोपणीय कर की पूर्ण धनराशि की छूट अनुमन्य है।

हमने दो वा0क0का0 में (अगस्त 2013 एवं सितम्बर 2013 के मध्य) कर निर्धारण आदेशों एवं पत्रावलियों की नमूना जाँच की एवं पाया कि 210 में से दो व्यापारियों ने वर्ष 2008–09 के दौरान ₹ 3.65 करोड़ के माल की स्थानीय क्षेत्र के बाहर से खरीद पर ₹ 6.03 लाख प्रवेश कर अदा किया एवं ₹ 5.44 लाख की छूट का दावा किया। क0नि0प्रा0 जून 2012 में कर निर्धारण करते समय यह संज्ञान में लेने में असफल रहे, कि छूट अनुमन्य नहीं थी, क्योंकि एक मामले में खरीद विज्ञप्ति दिनांक 31 मार्च 2011 के पूर्व से सम्बन्धित की थी एवं दूसरे मामले में वस्तु की प्रकृति बदल गयी थी एवं इस प्रकार यह विज्ञप्ति दिनांक 4 मार्च 2008 की परिधि में नहीं थी। इस प्रकार क0नि0प्रा0 ने अनियमित रूप से ₹ 5.44 लाख के छूट का लाभ अनुमन्य किया जैसा कि **सारणी 2.20** में वर्णित है।

सारणी 2.20

खरीद पर प्रवेश कर की अनियमित छूट

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियो की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	करयोग्य आवर्त	आरोपित प्रवेश कर	अनियमित छूट
1	ज्वा0कमि0 (का0स0) झाँसी	1	2008–09 (जून 2012)	आयरन एवं स्टील	306.00	3.06	3.06
2	डि0कमि0 खण्ड 10 कानपुर	1	2008–09(जून 2012)	ब्लैंक चेक बुक एवं ड्राफ्ट्स	59.39	2.97	2.38
योग		**2**			**365.39**	**6.03**	**5.44**

स्रोतः लेखापरीक्षा परिणामों पर आधारित उपलब्ध सूचना

हमने मामले को विभाग एवं शासन को (सितम्बर 2013 एवं अगस्त 2014 के मध्य) प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही प्रचलित है (नवम्बर 2015)।

केन्द्रीय बिक्री कर

2.8 घोषणा पत्रों का दुरुपयोग

भू–तत्व एवं खनिकर्म कार्यालयों के अभिलेखों की हमारी जाँच में अनधिकृत उत्खनन, शासकीय आदेशों का अधिनियमों/नियमों में अनुरूपता न होना, पर्यावरण अधिनियम का अनुपालन न किया जाना, रायल्टी के विलम्बित भुगतान पर ब्याज की वसूली न/कम किए जाने और रायल्टी की न/कम वसूली किए जाने के प्रकरण प्रकाश में आये जिनका उल्लेख इस अध्याय के अनुवर्ती प्रस्तरों में किया गया है। ये मामले उदाहरणात्मक है तथा हमारे द्वारा किए गये नमूना जाँच पर आधारित है। इस प्रकार की त्रुटियाँ हमारे द्वारा प्रत्येक वर्ष इंगित की जाती है परन्तु ऐसी अनियमितताएं न केवल बनी रहती है अपितु हमारी लेखापरीक्षा होने तक पकड़ में नहीं आती है। शासन को आन्तरिक नियन्त्रण प्रणाली को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है जिससे भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों की पुनरावृत्ति होने से बचा जा सके।

6.10 बिना खनन योजना के खनिजों का उत्खनन

पट्टेदारों ने 2.01 लाख घनमीटर बालू/मोरम का बिना खनन योजना के उत्खनन किया। इस प्रकार, पट्टेदारों द्वारा उत्खनित खनिज का मूल्य ₹ 3.08 करोड़ पट्टेदारों से वसूली योग्य था।

उ0प्र0 उ0ख0प0 नियमावली, 1963 यथा संशोधित के नियम 34(2) के अनुसार स्वस्थाने चट्टान किस्म के खनिज निक्षेप एवं बालू अथवा मौरम अथवा बजरी अथवा बोल्डर अथवा इनमें से कोई मिली जुली अवस्था में हो और नदी तल में अनन्य रूप से पायी जाती हो, के सम्बन्ध में खनन संक्रियायें, निदेशक द्वारा सम्यक् रूप से अनुमोदित खनन योजना के अनुसार, जिसमें वार्षिक विकास योजनाओं का ब्योरा होगा, की जायेगी। नियम 34(3) प्राविधानित करता है कि उपनियम 2 मे अभिदिष्ट खनन योजना खनिज परिहार नियमावली, 1960 के उपबन्धों के अनुरूप भारतीय खान ब्यूरो से मान्यता प्राप्त किसी योग्य व्यक्ति द्वारा तैयार की जायेगी।

खनिज परिहार नियमावली, 1960 के नियम 22–क में प्रावधान है कि खनन संक्रियाएँ विधिवत अनुमोदित खनन योजना के अनुसार होनी चाहिए और खनन पट्टा संचालन के दौरान स्वीकृत खनन योजना में संशोधन हेतु पूर्व अनुमोदन भी अपेक्षित है।

खान अधिनियम की धारा 21(5) के अन्तर्गत जब कभी कोई व्यक्ति विधिसम्मत प्राधिकार के बिना, किसी खनिज को किसी भूमि से हटायेगा, राज्य सरकार ऐसे व्यक्ति से ऐसे उठाये गये खनिज या जहाँ ऐसा खनिज पूर्व में ही निस्तारित कर दिया गया है, का खनिज मूल्य रायल्टी के साथ वसूल कर सकती है। अग्रेतर उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली के नियम 21(2) के अन्तर्गत कुल रायल्टी खनिज के खनिमुख मूल्य के 20 प्रतिशत की दर से अधिक निर्धारित नहीं होगी।

हमने फैजाबाद एवं गाजीपुर के जि0खा0का0 के खनन पट्टा पत्रावलियों और खनन योजनाओं की नमूना जाँच की (जुलाई 2014) और देखा कि सभी सात प्रकरणों में पट्टेदारों ने जनवरी 2013 से जून 2014 के मध्य 2.01 लाख घनमीटर बालू/मोरम का बिना खनन योजना के उत्खनन किया जिस पर पट्टेदारों ने ₹ 61.59 लाख रायल्टी के रूप में भुगतान किया। इस प्रकार, पट्टेदारों द्वारा खनिज का उत्खनन अनाधिकृत था और खनिज मूल्य ₹ 3.08 करोड़ पट्टेदारों से वसूली योग्य था। पट्टेदारों द्वारा बिना खनन योजना के उपखनिज का उत्खनन किया गया, जिसके लिये जि0खा0का0 द्वारा पट्टाधारकों को एम0एम0–11 प्रपत्र निर्गत करते हुए उपखनिज का उत्खनन अनुमन्य किया गया जिसे उन्होनें आगे उपखनिजों को ट्रकों या अन्य परिवहन के साधनों से पारेषित करने हेतु निर्गत किया।

हमने मामले को शासन एवं विभाग को (सितम्बर 2014 तथा फरवरी 2015 के मध्य) प्रतिवेदित किया। उत्तर में विभाग ने लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2011–12 के प्रस्तर 6.12.1 के सम्बन्ध में 18 सितम्बर 2014 को दिये गये अपने पहले के उत्तर का सन्दर्भ दिया, जिसमे विभाग ने सभी जिलाधिकारियों एवं जि0खा0का0 को निर्देशित किया था कि बिना स्वीकृत खनन योजना के कोई खनन संक्रिया अनुमन्य न किया जाय। हम विभाग के उत्तर से सहमत नहीं है क्योंकि निर्देशों के निर्गत किये जाने के पश्चात भी बिना स्वीकृत खनन योजना के खनन संक्रिया जारी रही (नवम्बर 2015)।

6.11 शासनादेशों का अधिनियम/नियमों के अनुरूप न होना

शासनादेशों ने कार्यदायी संस्थाओं को इस प्रकार के प्रकरणों में जहाँ पास के रूप में प्रपत्र एम0 एम0–11 के बिना उप खनिजों की आपूर्ति की गयी हो, से केवल रायल्टी वसूल करने के लिये अधिकृत किया था जबकि खान अधिनियम के प्रावधानों से स्पष्ट है कि पास के अभाव में खनिज मूल्य की वसूली तथा शास्ति का आरोपण अनिवार्य है। इसने शासन को खनिज मूल्य के ₹ 13.20 करोड़ और शास्ति के ₹ 77.75 लाख से वंचित कर दिया।

खान अधिनियम की धारा 4(1–क) एवम् धारा 21(1) से (5) के साथ पठित उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 का नियम 70(1) प्रावधानित करता है कि खनन पट्टा या अनुज्ञा का धारक या इस निमित्त उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति उपखनिज को किसी वाहन, पशु या परिवहन के अन्य साधन से ले जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक पास फार्म एम0एम0–11 में निर्गत करें। नियम 70 (2) में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी उपखनिज को उपनियम (1) के अन्तर्गत जारी फार्म एम0एम0–11 के बिना, रेलवे को छोड़कर किसी वाहन, पशु या परिवहन के अन्य साधन से प्रदेश के अन्दर नहीं ले जायेगा। नियम 70(6) में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति जो इन नियम के किसी प्रावधान का प्रतिषेध करता हुआ पाया जाता है, तो दोष सिद्धि पर, कारावास जिसे छः माह तक बढ़ाया जा सकता है या अर्थदण्ड जो ₹ 25,000 तक हो सकता है या दोनों जैसा कि शासनादेश संख्या 7338/86– 2011–183/2011 लखनऊः दिनांक 1 दिसम्बर 2011 द्वारा संशोधित किया गया, का भागी होगा। शासनादेश संख्या 594/77–5–2001–2002/77 टी0सी0–1 लखनऊ दिनांक 02 फरवरी 2001 और शासनादेश संख्या 4951(1)/77–5/2006–506/05 लखनऊ दिनांक 25 अक्टूबर 2006 प्राविधानित करता है कि अधिशासी अधिकारी को, ऐसे प्रकरणों में जहाँ कार्यदायी संस्था को उप खनिजों की आपूर्ति बिना एम0एम0–11 के की गयी है, रायल्टी वसूलने या रायल्टी भुगतान के साक्ष्य के रूप में चालान की प्रति प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया गया है।

हमने 16 जि0खा0का0 में विवरणी एवं कोषागार पत्रक की (जून 2014 एवं फरवरी 2015 के मध्य) जाँच की और देखा कि कार्यदायी संस्थाओं ने 311 निर्माण कार्यों को ठेकेदारों के माध्यम से करवाया। इन सभी प्रकरणों में ठेकेदारों ने बिल के साथ उनके द्वारा प्रयुक्त उपखनिजों के एम0एम0–11 फार्म प्रस्तुत नहीं किया, इसलिये उपरोक्त शासनादेशों के अनुपालन में कार्यदायी संस्थाओं ने बिल से रायल्टी की कटौती कर ली और ₹ 2.64 करोड़ रायल्टी के एवज में जमा किया।

हमने देखा कि उक्त शासनादेश खान अधिनियम और उ0प्र0 उ0ख0प0 नियमावली के अनुरूप नहीं थे क्योंकि शासनादेश के अनुसार कार्यदायी संस्थायें, बिना एम0 एम0–11 के आपूर्ति किये गये खनिजों के मामलों में केवल रायल्टी या रायल्टी के साक्ष्य के रूप में कोषागार चालान की प्रति प्राप्त करने के लिये अधिकृत थे। खान अधिनियम की धारा 21(5) और 21(1) के अन्तर्गत खनिज मूल्य की वसूली तथा अर्थदण्ड का आरोपण अनिवार्य है। चूँकि खनिज मूल्य की वसूली एवम् अर्थदण्ड के आरोपण के बारे में शासनादेश मौन है, अतः ये आरोपित एवं वसूल नहीं किये जा रहे हैं। अकेले 16 जि0खा0का0 के उपरोक्त प्रकरणों में ही अधिनियम के अनुसार खनिज मूल्य के ₹ 13.20 करोड़ के अतिरिक्त अवैध परिवहन का अर्थदण्ड ₹ 77.75 लाख आरोपणीय था, जैसा कि **परिशिष्ट–XXIV** दर्शाया गया है।

हमने मामले को शासन एवं विभाग को (जून 2014 तथा मई 2015 के मध्य) प्रतिवेदित किया। विभाग ने उत्तर दिया (सितम्बर 2015) कि कार्यदायी संस्थाओं ने शासनादेशों

के अनुसार कार्यवाही की है। विभाग ने हमारे विशेष प्रेक्षण जो कि खान अधिनियम और उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली के साथ शासनादेशो की विसंगति पर है, का उत्तर नहीं दिया। कथित शासनादेश खनिज मूल्य व अर्थदण्ड की वसूली के प्रावधान जिस पर खान अधिनियम की धारा 21 का मुख्य जोर है, के बिना निर्गत किये गये। उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली के प्रावधान कि, बिना वैध एम0 एम0–11 के खनिजों के परिवहन करने पर व्यक्ति पर शास्ति और/या दण्ड आरोपित किया जायेगा, को भी शासनादेश में ध्यान में नहीं रखा गया। खान अधिनियम और उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली के साथ शासनादेशों की विसंगति ने एक रिक्तता छोड़ दी जिसके द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से उपखनिजों के अवैध परिवहन एवं खनिजों के अवैध खनन को स्वीकृति प्रदान की गयी क्योंकि खनिजों के इस अवैध परिवहन में कोई अवरोधक नहीं है (नवम्बर 2015)।

हम अपने पहले के प्रतिवेदनों मे भी संस्तुति कर चुके हैं कि शासन अपने शासनादेशों को, खान अधिनियम और उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली के अनुरूप पुनरीक्षित करने पर विचार करे।

6.12 पर्यावरण अधिनियम का अनुपालन नही किया जाना

जैसा निर्धारित है कि एक एकड़ या अधिक क्षेत्रफल में खनन करने वाले खनन पट्टाधारक अपने स्वयं के खर्च पर प्रति एकड़ 200 पेड़ लगायेगा। 41 पट्टाधारकों के प्रकरण में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में अभिलेखों में कोई साक्ष्य नहीं मिले। चूँकि पट्टा धारकों ने पट्टे की प्रावधानों का उल्लंघन किया था इसलिये उल्लंघन के लिये न्यूनतम जुर्माना ₹ 41 लाख आरोपित नहीं किया गया।

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 15 के अनुसार जो भी इस अधिनियम के प्रावधानों या बनाये गये नियमों या इसके अधीन जारी आदेशों या दिशा–निर्देशों का उल्लंघन करता है या पालन करने में विफल रहता है, वह ऐसे प्रत्येक विफलता या उल्लंघन के सम्बन्ध में एक अवधि तक कारावास जो पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है या जुर्माने की धनराशि जो एक लाख रुपये तक बढ़ाई जा सकती है या दोनो से दण्डनीय होगा और यदि इस तरह की विफलता या उल्लंघन जारी रहता है तो अतिरिक्त जुर्माने जो पांच हजार रुपये प्रतिदिन, नयी विफलता या उल्लंघन के लिये दोष सिद्ध होने के बाद इस प्रकार की विफलता या उल्लंघन जारी रहने के दौरान के लिये हो सकता है। खनन योजना न केवल नियोजित और वैज्ञानिक खनन के लिये बल्कि पर्यावरण के संरक्षण के लिये भी आवश्यक है। शासन ने आदेश सं0 1483(1)/14–2–08–65/2008–टी0 सी0 दिनांक 4 जून 2008 के द्वारा खनन पट्टे में वृक्षारोपण की शर्त जोड़ने के निर्देश दिये गये हैं। इस शर्त के अनुसार खनन पट्टाधारक एक एकड़ अथवा अधिक क्षेत्र में खनन कार्य कर रहा है वह अपने स्वयं के खर्च पर प्रति एकड़ 200 वृक्ष लगायेगा।

हमने इलाहाबाद के जि0खा0का0 के पट्टाधारकों की पत्रावली की जाँच की (फरवरी 2015) और देखा कि मार्च 2014 से जनवरी 2015 के मध्य सभी 41 पट्टाधारकों द्वारा पत्थर की गिट्टी का खनन किया गया। पट्टे की शर्त के अनुसार वृक्षारोपण किया जाना अनिवार्य था। सभी 41 पट्टाधारकों के प्रकरण में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य अभिलेखों में नहीं मिले। जि0खा0अ0 ने पट्टाधारकों द्वारा वृक्षारोपण कार्य सुनिश्चित करने के लिये कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने न तो इन खनन संक्रियाओं को बन्द कराया और न ही आवश्यक शास्ति का आरोपण किया। उल्लंघन के लिये न्यूनतम एक लाख रुपये प्रत्येक पट्टाधारक पर आरोपणीय ₹ 41 लाख आरोपित नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, इस प्रकार के उल्लंघन के दौरान अतिरिक्त जुर्माना

जो ₹ 5,000 प्रति दिन तक हो सकता है, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के अधीन आरोपणीय है।

हमने मामले को शासन एवं विभाग को प्रतिवेदित किया (मार्च 2015 तथा जून 2015)। विभाग ने उत्तर दिया (नवम्बर 2015) कि उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली 1963 में वृक्षारोपण न करने के लिये अर्थदण्ड आरोपित करने हेतु कोई प्रावधान नहीं है। हम विभाग के उत्तर से सहमत नहीं है क्योंकि शासन ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों के अनुपालन के लिये खनन पट्टों में वृक्षारोपण के लिये जून 2008 में शासनादेश निर्गत किया था।

6.13 रायल्टी के विलम्बित भुगतान पर ब्याज का न/कम प्रभारण

2011–12 से 2013–14 की अवधि के लिये 185 ईंट भट्ठा मालिकों ने औसत 2 से 462 दिनों के विलम्ब से रायल्टी के ₹ 93.06 लाख जमा किये। विभाग ने ₹ 6.73 लाख के विरुद्ध ₹ 1.18 लाख ब्याज वसूल किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 5.55 लाख के ब्याज के न/कम प्रभारित हुआ।

उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली के नियम 58 (2) प्राधिनित करता है कि 30 दिवसों की नोटिस अवधि के बीत जाने के बाद किसी किराया, रायल्टी या सीमांकन शुल्क और राज्य सरकार के अन्य देयों के भुगतान में हुए विलम्ब के लिए 24 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज प्रभारित किया जायेगा। शासन ने ईंट भट्टा मालिकों पर रायल्टी के आरोपण और उस पर प्रभारणीय ब्याज के लिये समय समय पर एक मुश्त समाधान योजना जारी की है।

हमने (जून 2014 और मार्च 2015 के मध्य) चार जि0खा0का0 में ईंट भट्ठा पंजिका और सम्बन्धित पत्रावलियों की जाँच की और देखा कि 2011–12 से 2013–14 की अवधि के लिये दौरान कुल नमूना जाँच किये 959 में से 185 ईंट भट्ठा स्वामियों ने ₹ 93.06 लाख की रायल्टी औसत दो से 462 दिनों के विलम्ब से जमा की। विभाग ने ₹ 6.73 लाख के ब्याज के विरुद्ध ₹ 1.18 लाख वसूल किया। इसके परिणामस्वरूप ब्याज के ₹ 5.55 लाख का न/कम प्रभारण हुआ। विवरण **सारणी 6.10** में दिया गया है।

सारणी 6.10

रायल्टी के विलम्बित भुगतान पर ब्याज का न/कम प्रभारित किया जाना

(धनराशि ₹ में)

क्र0 सं0	जिला का नाम	वर्ष	प्रकरणों की संख्या	देय और जमा धनराशि	प्रभारणीय ब्याज	प्राप्त ब्याज	अन्तर	विलम्ब की अवधि दिनों में
1	जि0 खा0 का0 इलाहाबाद	2013–14	56	30,94,200	2,09,456	0	2,09,456	3 से 332
2	जि0 खा0 का0 औरैया	2012–13	29	15,63,300	1,67,212	1,08,918	58,294	4 से 371
		2013–14	11	8,89,650	15,190	3,152	12,038	9 से 73
3	जि0 खा0 का0 सन्त कबीर नगर	2013–14	39	15,70,050	1,00,178	0	1,00,178	24 से 311
4	जि0 खा0 का0 सन्त रवि दास नगर	2011–12	14	4,85,100	97,846	400	97,446	54 से 462
		2012–13	32	14,90,500	70,914	5,850	65,064	9 से 361
		2013–14	4	2,13,250	12,383	0	12,383	2 से 192
योग			**185**	**93,06,050**	**6,73,179**	**1,18,320**	**5,54,859**	**2 से 462**

स्रोतः लेखापरीक्षा निष्कर्षों के आधार पर उपलब्ध सूचना

हमने मामले को शासन एवं विभाग को प्रतिवेदित किया (जून 2014 से जून 2015)। उत्तर में विभाग ने हमारे प्रेक्षणों को स्वीकार किया और बताया कि वसूली की अद्यतन स्थिति क्षेत्रीय कार्यालयो से प्राप्त की जा रही है (नवम्बर 2015)।

6.14 ईंट भट्टा मालिकों से रायल्टी और अनुज्ञा फीस की वसूली न किया जाना

1,430 ईंट भट्ठा स्वामियों ने 2011–12 से 2014–15 की अवधि के लिये कोई रायल्टी और अनुज्ञा शुल्क नहीं अदा किया यद्यपि यह योजना में निर्दिष्ट था। इसके परिणामस्वरूप रायल्टी ₹ 6.55 करोड़ और अनुज्ञा शुल्क ₹ 28.60 लाख की वसूली नहीं हुयी।

समय समय पर सरकार द्वारा घोषित की गयी एकमुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0एस0) के अनुसार ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा ₹ 2,000 प्रति ईंट भट्ठा प्रार्थना–पत्र शुल्क अदा कर अनुज्ञापत्र प्राप्त करने के बाद ईंट भट्ठा क्षेत्रों की श्रेणी के अनुसार निर्धारित दरों पर रायल्टी की धनराशि एकमुश्त अदा करना अपेक्षित है। अग्रेतर, ओ0टी0एस0एस0 में प्रावधान है कि यदि ईंट भट्ठा स्वामी रायल्टी की समेकित धनराशि अदा करने में विफल रहता है, तो सक्षम अधिकारी ऐसे व्यवसाय को बन्द करा देगा और बकाया रायल्टी/अर्थदण्ड की वसूली के लिए कार्यवाही आरम्भ करेगा। इसके अतिरिक्त ओ0टी0एस0एस0 के अनुसार किराया, रायल्टी फीस या अन्य देय रकम पर निर्धारित दर से ब्याज भी प्रभारित किया जा सकता है। 2 नवम्बर 2012 की अधिसूचना के अनुसार रायल्टी की नई दर ₹ 27 प्रति हजार ईंट है।

हमने (मई 2014 और मार्च 2015 के मध्य) 16 जि0खा0का0 में ईंट भट्ठा पंजिका और ईंट भट्ठा स्वामियों की पत्रावलियों में अनुरक्षित अन्य संगत अभिलेखों की नमूना जाँच की और देखा कि अक्टूबर 2011 से मार्च 2015 के दौरान कुल नमूना जाँच किये 3,074 ईंट भट्ठे में से 1,430 (श्रेणी अः 160, श्रेणी बः 370 और श्रेणी सः 900) संचालित थे। यद्यपि यह योजना में निर्दिष्ट था फिर भी 2011–12 से 2014–15 की अवधि के लिये इन ईंट भट्ठा स्वामियों ने कोई रायल्टी और अनुज्ञा प्रार्थना पत्र शुल्क नहीं अदा किया। सम्बन्धित जिला खान अधिकारियों (जि0खा0अ0) द्वारा न तो उनके व्यवसाय को रोकने और न ही देय रायल्टी ₹ 6.55 करोड़ और अनुज्ञा शुल्क ₹ 28.60 लाख वसूलने की कार्यवाही शुरू की गयी। विवरण **परिशिष्ट–XXV** में दर्शाया गया है।

हमने मामले को शासन एवं विभाग को प्रतिवेदित किया (जून 2014 से जून 2015)। उत्तर में विभाग ने हमारे प्रेक्षणों को स्वीकार किया और बताया कि वसूली की अद्यतन स्थिति कार्यालयो से प्राप्त की जा रही है (नवम्बर 2015)।

6.15 ईंट बनाने में प्रयुक्त मिट्टी पर रायल्टी का कम आरोपण

628 ईंट भट्टा मालिको ने संशोधित दर पर रायल्टी ₹ 2.93 करोड़ जमा करने के बजाय संशोधन–पूर्व की दर पर ₹ 1.96 करोड़ की रायल्टी जमा किया। इसके परिणामस्वरूप ईट बनाने में प्रयुक्त मिट्टी पर ₹ 96.51 लाख रायल्टी कम आरोपित हुयी।

उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली के नियम 21 के अनुसार रायल्टी समय समय पर संशोधित दर के आधार पर देय होगी। राज्य सरकार द्वारा रायल्टी और अपरिहार्य भाटक की दरों में दिनांक 2 नवम्बर 2012 को जारी शासनादेश सं0 2974/86–2012–200/77 टी0सी0 II लखनऊ द्वारा दिनांक 2 नवम्बर 2012 से संशोधन कर दिया गया है। ईंट बनाने की मिट्टी के लिये दिनांक 2 नवम्बर 2012 से प्रभावी रायल्टी की दर ₹ 18 प्रति हजार से ₹ 27 प्रति हजार संशोधित कर दिया गया था।

हमने 12 जि0खा0का0 की ईंट भट्टा पत्रावली की जाँच (जून 2014 और मार्च 2015 के मध्य) की और देखा कि विभाग ने मार्च 2012 से फरवरी 2015 की अवधि के दौरान कुल नमूना जाँच किये गये 2,232 प्रकरणों में से 628 में संशोधित दर से रायल्टी का आरोपण नहीं किया। ईंट भट्टा मालिकों द्वारा ₹ 2.93 करोड़ रायल्टी संशोधित दर पर

जमा करने के बजाय संशोधन–पूर्व की दर पर ₹ 1.96 करोड़ की रायल्टी जमा किया गया। इसके परिणामस्वरूप रायल्टी ₹ 96.51 लाख कम आरोपित हुयी जैसा कि **परिशिष्ट–XXVI** में प्रदर्शित है।

हमने मामले को शासन एवं विभाग को प्रतिवेदित (जून 2014 से जून 2015 के मध्य) किया। उत्तर में विभाग ने हमारे प्रेक्षणों को स्वीकार किया और बताया कि वसूली की अद्यतन स्थिति क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त की जा रही है (नवम्बर 2015)।

विनीता मिश्रा

लखनऊ
25 जनवरी 2016

(विनीता मिश्रा)
महालेखाकार
(आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र लेखापरीक्षा)
उत्तर प्रदेश

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली
27 जनवरी 2016

(शशि कान्त शर्मा)
भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक

परिशिष्टियाँ

परिशिष्ट–I

विभागों/शासन द्वारा स्वीकार की गयी संस्तुतियों पर की गयी कार्यवाही

(सन्दर्भित प्रस्तर संख्या 1.8)

प्रतिवेदन का वर्ष	निष्पादन लेखापरीक्षा का नाम	संस्तुतियों की संख्या	विभाग द्वारा स्वीकार की गई संस्तुतियों की संख्या	स्वीकृत संस्तुतियों का विवरण	स्थिति
2009–10	व्यापार कर से मूल्य संवर्धित कर में पारगमन	17	9	यह सुनिश्चित हो कि बजट अनुमानों को तैयार करते समय बजट मैनुअल के प्रावधानों का पालन किया जा रहा है।	बजट अनुमानों को तैयार करते समय बजट मैनुअल के प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है।
				वाणिज्य कर विभाग में व्यापक मानवशक्ति की समीक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाये जायें।	केन्द्रीय सर्वर मे सम्पूर्ण डाटाबेस उपलब्ध है।
				कुशल मानव शक्ति द्वारा स्थानीय एवं केन्द्रीय सर्वर पर सहगामी डाटाबेस की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाये जायें।	इसके लिये आवश्यक कदम उठाये गये हैं।
				वाणिज्य कर विभाग के विभिन्न कियाकलापों से सम्बन्धित दिन प्रतिदिन के कार्यों के निष्पादन हुतु मैनुअल बनाये जाने के सम्बन्ध में शीघ्र ही उचित दिशा निर्देश निर्गत हों।	प्रवर्तन मैनुअल, टैक्स आडिट मैनुअल आदि जारी हो गये हैं। कर निर्धारण मैनुअल का कार्य किया जा रहा है।
				नियमित अन्तराल पर आन्तरिक लेखापरीक्षा अनुभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाय।	प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।
				जाँच चौकियों के समाप्त हो जाने के पश्चात करापवंचक व्यापारियों की घुसपैठ रोकने हेतु एक प्रभावी तंत्र विकसित हो और एक ऐसी व्यवस्था बनायी जाये जिससे यह सुनिश्चत किया जा सके कि उत्तर प्रदेश से होकर अन्य प्रान्तों को जाने वाले वाहनों ने उ0प्र0 में ही अपने माल को नहीं उतारा।	विभाग द्वारा प्रभावी प्रणाली लायी गयी है।
				नये मैनुअल तैयार होने तक, वर्तमान में उपलब्ध मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार ही मामलों का निस्तारण हो।	अनुपालन हो रहा है।
				अप्रयुक्त घोषणा प्रपत्रों के रद्दीकरण से सम्बन्धित आदेश शीघ्रतिशीघ्र निर्गत हो जिससे अप्रयुक्त घोषणा प्रपत्रों का दुरुपयोग रोकना सुनिश्चित हो।	अप्रयुक्त घोषणा पत्र के दुरुपयोग को बचाने हेतु निरस्तीकरण के आदेश दिये गये।
				सभी संवर्गों में खाली पदों को भरने हेतु उचित कदम उठाया जाना सुनिश्चित हो जिससे आडिट प्लान में चिन्हित सभी इकाइयों की आन्तरिक लेखापरीक्षा की जा सके।	निदेशक आन्तरिक लेखापरीक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा कार्यवाही की जा रही है।
2009–10	परिवहन विभाग के कार्यकलाप	8	5	बजट मैनुअल में निर्धारित प्रकियाओं पर आधारित बजट अनुमान बनाये जायें।	बजट मैनुअल में निर्धारित प्रकियाओं के अनुसार बजट अनुमान बनाये जा रहे हैं।
				बकायों की समीक्षा करने, वसूली प्रमाण–पत्रों को समय से जारी करने तथा इन बकायों की वसूली हेतु विशेष अभियान को चलाये जाने हेतु एक तंत्र निर्धारित किया जाये।	विभाग में बकायों की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाये जाते हैं। वाहन साफ्टवेयर पर वसूली प्रमाण–पत्रों के विवरण भी डाल दिये गये हैं।
				विभागीय मैनुअल को बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाये जायें।	विभागीय मैनुअल को बनाने की कार्यवाही हो रही है।
				अधिक लदान रोकने हेतु एक तंत्र बनाया जाय; और	अधिक लदान वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है।
				अधिनियमों/नियमावलियों के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।	नियमित रूप से लागू किये जा रहे हैं।
2010–11	अन्तर्राज्यीय व्यापार एवं वाणिज्य में घोषणा पत्रों का उपयोग	5	3	केन्द्रीय स्तर के साथ साथ नोडल अधिकारियों के स्तर पर घोषणा पत्रों की सुरक्षित अभिरक्षा हेतु उचित तन्त्र विकसित करना।	ऐसे घोषित फार्मो के अभिरक्षा हेतु दो ताला पद्धति विकसित की गयी है। ऐसे घोषित फार्मो के लिए ऑनलाइन पद्धति लायी गयी है।
				ऑनलाइन क्रास वेरीफीकेशन हेतु टिनएक्सिस वेबसाइट पर केन्द्रीय घोषणा पत्रों के आँकड़े डालना।	डाटा अपलोड किया जा रहा है।
				वाणिज्य कर विभाग की अधिकारिक वेबसाइट	विभागीय वेबसाइट में सभी व्यापारियों के

प्रतिवेदन का वर्ष	निष्पादन लेखापरीक्षा का नाम	संस्तुतियों की संख्या	विभाग द्वारा स्वीकार की गई संस्तुतियों की संख्या	स्वीकृत संस्तुतियों का विवरण	स्थिति
				में सन्दिग्ध/ खतरनाक व्यापारियों के आँकड़े तैयार करके उसका प्रकाशन।	डाटाबेस को अपलोड कर दिया गया है।
2010–11	मोटर यान विभाग में कम्प्यूटरीकरण	8	8	प्रणाली के समुचित रूप से कार्य करने के लिये एक दीर्घ कालिक सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति/योजना बने।	विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर 'वाहन' एवं 'सारथी' साफ्टवेयर के विभिन्न माड्यूलों की आवश्यकता के अनुसार नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यालय के स्तर पर हस्ताक्षरित एम ओ यू से हार्डवेयर की नियमित ए एम सी की जा रही है। विभागीय प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ की स्थापना के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा गया है और विचाराधीन है।
				आँकड़ों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वाहनों के पंजीयन से सम्बन्धित प्रविष्टियों का सत्यापन हो।	डाटा अनुमोदन के माध्यम से प्रविष्ट डाटा के सत्यापन के लिये 'वाहन' एवं 'सारथी' साफ्टवेयर मे प्रावधान किया गया है। अनुमोदन की सुविधा सक्षम अधिकारियों को दी गयी है।
				उपयुक्त डाटा वैलिडेशन जाँच का समावेश हो।	एन आई सी द्वारा 'वाहन' एवं 'सारथी' साफ्टवेयर में उपयुक्त डाटा वैलिडेशन के लिये चेक समाविष्ट किये गये हैं।
				अधिनियमों/नियमों के बेहतर प्रवर्तन हेतु व्यापारिक नियमों की पूर्ति जैसे– माँग पत्र, वसूली प्रमाण पत्र, बकाये की रिपोर्ट तथा एम0आई0एस0 रिपोर्ट्स बनाने के लिये साफ्टवेयर में संवर्द्धन हो।	साफ्टवेयर में माँग पत्र, वसूली प्रमाण पत्र, बकाये की रिपोर्ट तथा एम0आई0एस0 रिपोर्ट्स बनाने के लिये प्रावधान है। वाहन साफ्टवेयर से वसूली प्रमाण पत्र तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।
				जाली दस्तावेजों के प्रयोग को रोकने और आँकड़ों की विश्वसनीयता एवं उनकी उपयोगिता को सुनिश्चित करने के लिये, अनुप्रयोग नियंत्रण सुदृढ़ हो।	डाटा की विश्वसनीयता और उपयोगिता विभिन्न प्रतिवेदनों को ऑनलाइन कर सुनिश्चित की जा रही है।
				सारथी साफ्टवेयर तथा वाहन साफ्टवेयर का प्रवर्तन माड्यूल का शीघ्र कियान्वयन सुनिश्चित हो।	सारथी साफ्टवेयर पूरी तरह से कियान्वित है तथा वाहन का प्रवर्तन माड्यूल सभी कार्यालयों द्वारा फरवरी 2015 तक कियान्वित किया गया।
				प्रणाली से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए खतरों के निर्धारण की विश्वसनीय कियाविधि के साथ पर्याप्त रूप से अभिलेखित एक सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा नीति बने।	विभाग में कार्यान्वित किया गया है।
				प्रणाली के प्रबन्धन तथा डाटाबेस सम्बन्धी कार्य–कलापों के लिये कर्मचारियों का प्रशिक्षण हो।	विभाग एन आई सी के माध्यम से 'वाहन' तथा 'सारथी' साफ्टवेयर का नियमित प्रशिक्षण करवाता है।
2011–12	स्टाम्प एवं निबंधन विभाग की कार्य प्रणाली	3	1	असमानता को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास अधिनियम के तहत विकसित क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क लगाये जाने हेतु घोषणा अधिसूचना द्वारा लायें।	विभाग ने औद्योगिक विकास विभाग से ऐसा प्रावधान किये जाने हेतु एक पत्र संख्या 8341/स्टाम्प आडिट/ 2013–14 दिनांक 9 सितम्बर 2014 द्वारा अनुरोध किया।
2012–13	वाणिज्य कर विभाग में प्रवर्तन शाखा की कार्य प्रणाली	5	5	फार्म 38 डाउनलोड करने के पूर्व संव्यवहार का विवरण ऑनलाईन भरने का प्रावधान अनिवार्य करना।	अब यह अनिवार्य कर दिया गया है।
				ट्रांजिट डिक्लेरेशन फार्म हेतु एन्ट्री एवं वैधता नियंत्रण तथा आपदा प्रबन्धन के लिए प्रणाली की स्थापना।	विभाग द्वारा आवश्यक प्रावधान बना दिये गये हैं।
				बारम्बार करापवंचन करने वाले व्यापारी/ट्रान्सपोर्टरों का डाटा बेस रखने हेतु माड्यूल विकसित करना।	डाटाबेस अपलोड किया गया है और विभागीय अधिकारियों के लिये ऑन लाइन उपलब्ध है।
				प्रवर्तन अधिकारियों को उचित उपकरण उपलब्ध कराना जिससे कि वे वाणिज्य कर विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचनाओं/आँकड़ों का उपयोग कर सकें।	ऑनलाइन पद्धति लागू की जा चुकी है।
				प्रवर्तन अधिकारी द्वारा अभिग्रहण/सर्वेक्षण के मामलों में कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा	ऐसे मामलों की निगरानी हेतु एम0आई0एस0 रिपोर्ट की स्थापना की जा चुकी है।

प्रतिवेदन का वर्ष	निष्पादन लेखापरीक्षा का नाम	संस्तुतियों की संख्या	विभाग द्वारा स्वीकार की गई संस्तुतियों की संख्या	स्वीकृत संस्तुतियों का विवरण	स्थिति
				अंतिम आरोपित/ वसूले गये कर के सम्बन्ध में निगरानी/अनुश्रवण तन्त्र स्थापित करना।	
2013–14	संकर्म संविदा में कर का निर्धारण, आरोपण एवं संग्रहण	5	3	विभाग कर निर्धारण आदेश पारित करते समय कर निर्धारण आदेश में यह विवेचना कर सकता है कि कर का भार संविदी पर अन्तरित नहीं किया गया है और उसके साक्ष्य के रूप में सम्बन्धित अभिलेख को कर निर्धारण पत्रावली में भी संलग्न किया जाना चाहिए।	अब कर के भार के सम्बन्ध में कर निर्धारण आदेश में विवेचना की जा रही है और साक्ष्य के रूप में सम्बन्धित अभिलेखों को कर निर्धारण पत्रावली में भी संलग्न किया जा रहा है।
				विभाग प्रभावी ढंग से आन्तरिक लेखापरीक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा वार्षिक आयोजना यथार्थ रूप से तैयार करने पर विचार कर सकता है।	आन्तरिक लेखापरीक्षा शाखा को सुदृढ़ बनाने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।
				विभाग संविदाकारों/संविदी का एक अलग डाटाबेस रखने पर विचार कर सकते हैं जिसमें पंजीयन की तिथि, विवरणी भरने की तिथि, समाधान योजना का विकल्प अपनाने तथा टी0डी0एस0 कटौती के साथ साथ दावों की सूचना हो।	संकर्म संविदाकारों से सम्बन्धित सभी सूचनायें विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी हैं।

स्रोतः विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी और लेखापरीक्षा कार्यालय में उपलब्ध सूचना

परिशिष्ट–II
विवरणियों की जाँच
(सन्दर्भित प्रस्तर संख्या 2.3.11)

क0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	व्यापारी का नाम	अनियमितता की प्रकृति
1.	ज्वा0कमि0 (का0स0) इलाहाबाद	1	2008–09 (मार्च 2011)	मे0 ज्योति फैब्रिकेटर्स, नैनी, इलाहाबाद	वस्तु की मात्रा/ माप अनुलग्नक–VIII ए में नहीं दिया गया है।
2.	डि0कमि0 खण्ड 1 इलाहाबाद	1	2011–12 (मार्च 2014)	मे0 आर0के0 ट्रेडर्स, लालगोपाल गंज, इलाहाबाद	अनुलग्नक–I में वस्तु का नाम नहीं दिया गया है।
3.	डि0कमि0 खण्ड 10 इलाहाबाद	1	2012–13 (जून 2014)	मे0 मनीष लुब्रिकेण्ट्स लीडर रोड,, इलाहाबाद	व्यापारी कम्पनी, फर्म या व्यक्ति है फार्म XXVI–ए मे नहीं दर्शाया गया है।
		1	2012–13 (मार्च 2015)	मे0 बेस्ट पम्प्स इण्डिया प्रा0लि0 लूकरगंज, इलाहाबाद	पार्टनर/प्रोपराइटर/कर्ता आदि का नाम व हस्ताक्षर फार्म XXVI मे अंकित नहीं।
4.	असि0कमि0 खण्ड 10 इलाहाबाद	1	2010–11 (फरवरी 2013)	मे0 गणपति भोग रेस्टोरेन्ट, लीडर रोड, इलाहाबाद	फार्म XXVI–ए में बैंक एकाउन्ट का विवरण अंकित नहीं।
		1	2010–11 (मार्च 2013)	मे0 जे0एम0 सेल्स शाहगंज, इलाहाबाद	साइकिल पार्टस व साइकिल एसेसरीज पर एक ही दर से कर देयता स्वीकार की गयी।
5.	डि0कमि0 खण्ड 1 अमरोहा	1	2012–13 (मार्च 2015)	मे0 डी0पी0एच0 इलेक्ट्रिकल्स, गुलरिया रोड, अमरोहा	फार्म XXVI–ए में बैंक एकाउन्ट का विवरण अंकित नहीं।
6.	डि0कमि0 खण्ड 2 बाँदा	1	2008–09 (जनवरी 2012)	मे0 रामलाल किशोरीलाल, कैथी बाजार, बांदा	फार्म XXVI–ए में पिछले वर्ष से लायी गयी आई0टी0सी0 शून्य दिखाई गयी है लेकिन संलग्नक–IV में यह ₹ 91,530 दिखाई गयी है।
7.	असि0कमि0 खण्ड 2 चन्दौली	1	2008–09 (मार्च 2011)	मे0 अग्रवाल मेडिकल्स, मुगलसराय, चन्दौली	यद्यपि व्यापारी द्वारा ₹ 57,660 आई0टी0सी0 का दावा किया गया है परन्तु संलग्नक–XIII (कर योग्य वस्तुओं के सम्बन्ध में आई0टी0सी0 की गणना) में विवरण नहीं भरा गया है।
		1	2008–09 (मार्च 2011)	मे0 एवन आटो इन्टरप्राइजेज, मुगलसराय, चन्दौली	व्यापारी एक कम्पनी, फर्म अथवा व्यक्ति है; बैंक खाते का विवरण और आई0टी0सी0 की गणना (संलग्नक–II) का विवरण अंकित नहीं है।
		1	2008–09 (मार्च 2011)	मे0 अनुराग आटोमोबाइल्स, पड़ाव, चन्दौली	सम्बन्धित कालमों में वस्तु का नाम नहीं दिया गया है।
8.	डि0कमि0 खण्ड 1 देवबन्द	1	2012–13 (माच 2015)	मे0 महालक्ष्मी ट्रेडर्स, मेन बाजार देवबन्द	फार्म XXVI में क्रम संख्या 10(बी) पर वस्तु का नाम नहीं दिया गया है।
9.	डि0कमि0 खण्ड 2 गोरखपुर	1	2008–09 (मार्च 2011)	मे0 साहनी कम्प्यूटर्स, शानी मार्केट, गोरखपुर	फार्म XXVI में कम संख्या 10(बी) पर वस्तु का नाम बिक्री का आवर्त, कर की दर एवं कर की धनराशि नहीं दिया गया है।
10.	डि0कमि0 खण्ड 12 मेरठ	1	2008–09 (मार्च 2011)	मे0 एच0एम0टी0 इन्टरप्राइजेज, छिप्पी टैंक मेरठ	फार्म XXVI–ए में बैंक एकाउन्ट का विवरण अंकित नहीं।
11.	डि0कमि0 खण्ड 2 रामपुर	1	2009–10 (मार्च 2012)	मे0 सागर होजरी, बाजार कला, रामपुर	फार्म XXVI–ए में बैंक एकाउन्ट का विवरण अंकित नहीं।
		1	2008-09 (मार्च 2011)	मे0 गणेश इन्टरप्राइजेज, मिलक, रामपुर	फार्म XXVI–ए में बैंक एकाउन्ट का विवरण अंकित नहीं।
योग		16			

स्रोतः लेखापरीक्षा परिणामों पर आधारित उपलब्ध सूचना

परिशिष्ट–III

कर की गलत दर लगाया जाना

(सन्दर्भित प्रस्तर संख्या 2.3.16.2 बुलेट–1)

(₹ लाख में)

क्र0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम (अनुसूची)	वस्तु का मूल्य	आरोपणीय/ आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	कम आरोपित कर
1.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) आगरा)	1	2011–12 (मार्च 2015)	मशीनरी (V)	25.34	13.5/5	2.17
		1	2011–12 (मार्च 2015)	व्हाइट पेट्रोलियम जेली (V)	1,469.62	13.5/5	124.92
2.	डि0कमि0 खण्ड 1 इलाहाबाद	1	2011–12 (अक्टूबर 2014)	टाफी(V)	18.40	13.5/5	1.56
3.	डि0कमि0 खण्ड 2 बाँदा	1	2010–11 (मार्च 2014)	वाशिंग सोप (V)	14.28	13.5/5	1.21
4.	डि0कमि0 खण्ड 1 बस्ती	1	2012–13 (मई 2014)	सिगरेट (V)	444.38	17.5/13.5	17.78
5.	असि0कमि0 खण्ड 1 देववन्द	1	2013–14 (जून 2014)	कोल्डड्रिंक एवं मिनरल वाटर (V)	2.82	14/5	0.25
6.	असि0कमि0 खण्ड 3 फैजबाद	1	2011–12 (मार्च 2014)	केरोसिन आयल पी0डी0एस0 से भिन्न (V)	495.20	13.5/5	42.09
7.	डि0कमि0 खण्ड 3 फिरोजाबाद	1	2011–12 (जनवरी 2015)	साफ्ट ड्रिंक (V)	14.60	13.5/5	1.24
8.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) I गाजियाबाद	1	2011–12 (जनवरी 2015)	हर्बल पाउडर (V)	1,239.73	13.5/5	105.38
		1	2011–12 (जुलाई 2014)	जिंक ड्रास ऐश (II)	502.03	5/4	5.02
9.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) II गाजियाबाद	1	2008–09 (मई 2012)	सीमेंट (V)	110.93	12.5/2	11.65
				आयरन एण्ड स्टील (II)	817.18	4/2	16.34
			2009–10 (मार्च 2013)	सीमेंट (V)	81.78	12.5/2	8.59
				आयरन एण्ड स्टील (II)	616.15	4/2	12.32
		1	2009–10 (नवम्बर 2012)	वैक्सीन (II)	518.60	4.5/4	2.59
					135.71	5/4	1.38
10.	डि0कमि0 खण्ड 3 गाजियाबाद	1	2010–11 (मार्च 2014)	फिल्टर प्रेस कास्टिंग (V)	2.60	13.5/5	0.22
				फिल्टर प्रेस रफ (V)	4.50	13.5/4	0.43
			2011–12 (फरवरी 2015)	फिल्टर प्रेस कास्टिंग (V)	12.77	13.5/5	1.09
				फिल्टर प्रेस रफ (V)	3.34	13.5/4	0.32
		1	2009–10 (अप्रैल 2013)	इलेक्ट्रिक केबिल (V)	2.14	12.5/4	0.18
					11.94	13.5/4.5	1.07
					4.88	13.5/5	0.41
		1	2010–11 (मार्च 2014)	मोबाइल बैटरी (V)	110.91	13.5/5	9.42
11.	डि0कमि0 खण्ड 2 जौनपुर	1	2011–12 (अक्टूबर 2013)	टाफी (V)	12.94	13.5/5	1.10
			2010–11 (अक्टूबर 2013)	टाफी (V)	0.34	13.5/5	0.03
12.	असि0कमि0 खण्ड 6 जौनपुर	1	2009–10 (अप्रैल 2013)	मिल्क कार्नफ्लैक्स, कोमल (V)	3.96	12.5/4	0.34
					17.60	13.5/4.5	1.58
					2.88	13.5/5	0.25
			2010–11 (मार्च 2014)		34.35	13.5/5	2.92
13.	असि0कमि0 खण्ड 27 कानपुर	1	2009–10 (जनवरी 2013)	पालिस्टर एड्हेसिव (V)	5.24	12.5/4	0.45
					43.07	13.5/4.5	3.66
					5.51	13.5/5	0.28
14.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) I लखनऊ	1	2010–11 (अगस्त 2013)	वार्निश (V)	8.50	13.5/5	0.72

(₹ लाख में)

क्र0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम (अनुसूची)	वस्तु का मूल्य	आरोपणीय/ आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	कम आरोपित कर
		1	2011–12 (जनवरी 2015)	पेट परफार्म (V)	11.97	13.5/5	1.02
15.	डि0कमि0 खण्ड 19 लखनऊ	1	2008–09 (जून 2012)	स्टोन बैलास्ट (V)	6.21	12.5/4	0.53
16.	वा0क0अ0 खण्ड 2 मऊ	1	2009–10 (फरवरी 2013)	मशीनरी पार्ट्स (V)	0.53	12.5/4	0.05
					4.84	13.5/4.5	0.44
					3.24	13.5/5	0.28
17.	डि0कमि0 खण्ड 9 मेरठ	1	2009–10 (मार्च 2011)	स्टील ब्रिज पार्ट्स (V)	1.70	12.5/4	0.14
		1	2009–10 (मार्च 2011)	कापर इन्सूलेटेड कन्डक्टर (V)	196.67	13.5/4.5	17.70
		1	2009–10 (जनवरी 2013)	लेजर सिस्टम (V)	18.14	13.5/4.5	1.63
					3.33	13.5/5	0.28
			2010–11 (जनवरी 2014)		24.41	13.5/5	2.07
18.	डि0कमि0 खण्ड 12 मेरठ	1	2010–11 (अक्टूबर 2013)	कम्प्यूटर पार्ट्स (V)	19.62	13.5/5	1.68
19.	डि0कमि0 खण्ड 1 मिर्जापुर	1	2011–12 (मार्च 2015)	पेस्टी साइड (II)	13.08	5/0	0.65
20.	असि0कमि0 खण्ड 3 मिर्जापुर	1	2009–10 (मार्च 2013)	मोटर पार्ट्स (V)	1.00	12.5/4	0.08
					19.10	13.5/4.5	1.72
					2.17	13.5/5	0.18
		1	2008–09 (मार्च 2012)	डी0टी0एच0 किट (V)	19.67	12.5/4	1.68
21.	डि0कमि0 खण्ड 4 मुरादाबाद	1	2011–12 (दिसम्बर 2014)	फ्रोजन मीट (II)	121.00	5/0	6.05
22.	डि0कमि0 खण्ड 1 नजीबाबाद	1	2009–10 (मार्च 2013)	बोल्डर (V)	25.51	12.5/4	2.17
					70.09	13.5/4.5	6.31
					10.27	13.5/5	0.87
		1	2009–10 (फरवरी 2013)	टाफी (V)	14.60	13.5/5	1.24
23.	डि0कमि0 खण्ड 2 नोएडा	1	2011–12 (जनवरी 2015)	एसेसरीज (V)	3.95	13.5/5	0.34
				फैब्रिक एसेसरीज (V)	18.48	13.5/5	1.57
		1	2011–12 (जनवरी 2015)	अल्युमिनियम कोटिंग पाउडर (V)	39.96	13.5/5	3.40
24.	असि0कमि0 खण्ड 2 नोएडा	1	2008–09 (सितम्बर 2013)	कोटा स्टोन (V)	6.82	12.5/4	0.58
		1	2009–10 (अप्रैल 2013)	पाउडर कोटिंग (V)	3.25	12.5/4	0.28
					35.98	13.5/4.5	3.24
					6.02	13.5/5	0.51
			2010–11 (दिसम्बर 2013)		45.16	13.5/5	3.84
25.	डि0कमि0 खण्ड 7 नोएडा	1	2008–09 (जनवरी 2012)	इण्डस्ट्रियल वाल्व पार्ट्स एण्ड कम्पोनेंट्स (V)	47.79	12.5/4	4.06
26.	असि0कमि0 खण्ड 14 नोएडा	1	2010–11 (फरवरी 2014)	सोया पनीर (टोफू) (V)	37.19	13.5/5	3.16
27.	असि0कमि0 खण्ड 1 रामपुर	1	2011–12 (मार्च 2014)	बेकरी प्रोडक्ट/ बिस्कुट (V)	8.58	13.5/5	0.73
		1	2011–12 (मार्च 2014)	कन्फेक्शनरी (V)	16.58	13.5/5	1.41
28.	डि0कमि0 खण्ड 2 शाहजहॉपुर	1	2010–11 (फरवरी 2014)	एक्यूप्रेसर डिवाइस (V)	22.50	13.5/5	1.91
29.	डि0कमि0 खण्ड 1 सोनभद्र	1	2011–12 (मार्च 2015)	ट्रैक्टर ऐसेसरीज (V)	20.67	13.5/5	1.76
30.	डि0कमि0 खण्ड 3 सोनभद्र	1	2009–10 (जनवरी 2013)	मशीनरी हेलमेट (V)	1.71	12.5/4	0.15
					5.51	13.5/4.5	0.50
					2.93	13.5/5	0.25
31.	असि0कमि0 खण्ड 5 सोनभद्र	1	2011–12 (फरवरी 2015)	ए0बी0सी0 पाउडर (V)	3.93	13.5/5	0.33

(₹ लाख में)

क0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम (अनुसूची)	वस्तु का मूल्य	आरोपणीय/ आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	कम आरोपित कर
32.	डि0कमि0 खण्ड 4 वाराणसी	1	2011–12 (जनवरी 2015)	एड्हेसिव (V)	1.95	13.5/5	0.16
33.	डि0कमि0 खण्ड 11 वाराणसी	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	टापिंग क्रीम (V)	28.36	13.5/5	2.41
	योग	**46**			**7,738.69**		**456.32**

स्रोतः लेखापरीक्षा परिणामों पर आधारित उपलब्ध सूचना

परिशिष्ट–IV

माल का त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण

(सन्दर्भित प्रस्तर संख्या 2.3.16.2 बुलेट–2)

(₹ लाख में)

क्र0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम	वस्तु का मूल्य	आरोपणीय/आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	कम आरोपित कर
1.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) आगरा	1	2011–12 (फरवरी 2015)	माल्टो डेक्सट्रिन पाउडर को एस. एम. पी. माना गया (V)	92.71	13.5/5	7.88
2.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) इलाहाबाद	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	ए0सी0 शीट को स्टील माना गया (V)	12.95	13.5/5	1.23
3.	डि0कमि0 खण्ड 3 फिरोजाबाद	1	2011–12 (जनवरी 2015)	एड्हेसिव को केमिकल माना गया (V)	16.64	13.5/5	1.41
		1	2011–12 (मार्च 2015)	उक्त	51.86	13.5/5	4.41
		1	2011–12 (दिसम्बर 2014)	उक्त	45.44	13.5/5	3.86
4.	डि0कमि0 खण्ड 1 गाजियाबाद	1	2009–10 (मार्च 2013)	आइस टी को चाय माना गया (V)	0.13	12.5/4	0.01
					1.09	13.5/4.5	0.10
					0.22	13.5/5	0.02
			2010–11 (फरवरी 2013)		3.59	13.5/5	0.31
		1	2009–10 (मार्च 2013)	यूनिवर्सल रिमोट कन्ट्रोल को टी0वी0 पार्ट्स माना गया (V)	16.59	12.5/4	1.41
					46.74	13.5/4.5	4.21
			2010–11 (फरवरी 2014)		113.38	13.5/5	9.64
		1	2010–11 (जनवरी 2014)	साइकिल एसेसरीज को साइकिल पार्ट्स माना गया (V)	71.82	13.5/5	6.27
		1	2009–10 (मार्च 2013)	कुक्ड फूड को बटर माना गया (V)	0.39	12.5/4	0.03
					4.57	13.5/4.5	0.41
					0.52	13.5/5	0.04
			2010–11 (नवम्बर 2013)		7.41	13.5/5	0.63
5.	डि0कमि0 खण्ड 3 मिर्जापुर	1	2010–11 (फरवरी 2014)	क्लोरीनेटेड पैराफीन को केमिकल माना गया (V)	160.69	13.5/5	13.66
6.	डि0कमि0 खण्ड 7 नोएडा	1	2010–11 (नवम्बर 2013)	प्रिन्टेड विनाइल को प्रिन्टेड मैटीरियल (स्टीकर) माना गया (V) (प्रान्तीय)	20.23	13.5/5	1.72
				प्रिन्टेड विनाइल को प्रिन्टेड मैटीरियल (स्टीकर) माना गया (V) (केन्द्रीय)	104.05	13.5/5	8.84
			2012–13 (मई 2014)	प्रिन्टेड विनाइल को प्रिन्टेड मैटीरियल (स्टीकर) माना गया (V) (प्रान्तीय)	23.23	13.5/5	1.97
				प्रिन्टेड विनाइल को प्रिन्टेड मैटीरियल (स्टीकर) माना गया (V) (केन्द्रीय)	275.39	13.5/5	23.41
7.	डि0कमि0 खण्ड 1 रायबरेली	1	2010–11 (फरवरी 2014)	ट्रैक्टर एसेसरीज को ट्रैक्टर पार्ट्स माना गया (V)	3.51	13.5/5	0.30
		1	2010–11 (दिसम्बर 2013)		3.58	13.5/5	0.30
योग		**13**			**1,076.73**		**92.07**

स्रोतः लेखापरीक्षा परिणामों पर आधारित उपलब्ध सूचना

परिशिष्ट–V

टर्नओवर का छिपाया जाना

(सन्दर्भित प्रस्तर संख्या 2.3.17.1)

(₹ लाख में)

क0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम	छिपाया गया टर्नओवर	छिपाये गये टर्नओवर पर आरोपित कर	आरोपणीय अर्थदण्ड
1.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) आगरा	1	2011–12 (मार्च 2015)	सोप	7.50	1.01	3.03
2.	डि00कमि0 खण्ड 2 बांदा	1	2011–12 (फरवरी 2015)	मशीनरी पार्ट्स	43.50	2.90	8.70
3.	डि0कमि0 खण्ड 2 चन्दौली	1	2010–11 (मार्च 2014)	स्पोंज आयरन	3.00	0.12	0.36
		1	2010–11 (मार्च 2014)	कोयला	3.00	0.12	0.36
4.	डि0कमि0 खण्ड 2 फैजाबाद	1	2010–11 (अगस्त 2014)	कन्सट्रक्शन मैटेरियल	1,828.57	35.06	105.18
5.	डि0कमि0 खण्ड 2 गाजियाबाद	1	2008–09 (जुलाई 2012)	कोयला	142.50	5.70	17.10
6.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) गोरखपुर	1	2009–10 (फरवरी 2013)	मोटर वेहिकल्स	10.10	1.35	4.05
		1	2008–09 (अप्रैल 2012)	एम0एस0 स्क्रैप एवं सीओ टू	17.25	0.83	2.49
7.	डि0कमि0 खण्ड 8 झाँसी	1	2008–09 (जनवरी 2012)	बोल्डर	5.00	0.63	1.89
8.	ज्वा0कमि0–II (का0स0) कानपुर	1	2010–11 (जुलाई 2013)	स्पेयर पार्ट्स	10.00	1.35	4.05
9.	डि0कमि0 खण्ड 27 कानपुर	1	2009–10 (जुलाई 2013)	प्लास्टिक दाना	22.40	1.12	3.36
10.	डि0कमि0 खण्ड 2 खतौली	1	2012–13 (जनवरी 2015)	सैण्ड ग्रिट	2.50	0.28	0.84
		1	2011–12 (फरवरी 2015)	स्क्रैप	5.00	0.20	0.60
		1	2010–11 (मार्च 2014)	कामर्शियल गैस	3.65	0.46	1.38
		1	2012–13 (मई 2014)	कोयला	11.54	0.46	1.38
		1	2013–14 (जुलाई 2014)	कोयला	7.18	0.29	0.87
11.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) I लखनऊ	1	2011–12 (दिसम्बर 2014)	आटो पार्ट्स	86.00	11.61	34.83
12.	डि0कमि0 खण्ड 1 मुजफ्फरनगर	1	2011–12 (जून 2014)	आयरन स्क्रैप	4.00	0.16	0.48
13.	डि0कमि0 खण्ड 1 नजीबाबाद	1	2011–12 (नवम्बर 2012)	क्रस्ड ग्रिट	8.75	0.48	1.44
14.	डि0कमि0 खण्ड 2 नोएडा	1	2009–10 (मार्च 2014)	प्रिंटिंग इंक	274.17	13.71	41.13
15.	डि0कमि0 खण्ड 3 नोएडा	1	2011–12 (अप्रैल 2013)	मोबाइल	11.00	1.02	3.06
16.	डि0कमि0 खण्ड 7 नोएडा	1	2011–12 (जून 2014)	कम्प्यूटर पार्ट्स एवं पेरीफेरल्स	2.00	0.10	0.30
				सिक्यारिटी सिस्टम	10.00	1.35	4.05
17.	डि0कमि0 खण्ड 1 रायबरेली	1	2009–10 (मई 2013))	एम0एस0 ऐन्गिल / स्क्रैप	40.00	1.60	4.80
18.	असि0कमि0 खण्ड 6 सहारनपुर	1	2008–09 (जनवरी 2012)	किराना	5.60	0.22	0.66
			2009–10 (मार्च 2012)		12.50	0.54	1.62
	योग	**24**			**2,576.71**	**82.67**	**248.01**

स्रोतः लेखापरीक्षा परिणामों पर आधारित उपलब्ध सूचना

परिशिष्ट–VI

स्वीकृत कर का विलम्ब से जमा किया जाना

(सन्दर्भित प्रस्तर संख्या 2.3.17.4)

(₹ लाख में)

क0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	कर की धनराशि	विलम्ब की अवधि दिनों में	आरोपणीय अर्थदण्ड
1.	डि0कमि0 2 अम्बेडकर नगर	1	2011–12 (फरवरी 2012)	0.60	141	0.12
2.	डि0कमि0 खण्ड 2 बाराबंकी	1	2010–11 (मार्च 2014)	1.59	05 से 48	0.32
3.	डि0कमि0 खण्ड 1 बस्ती	1	2010–11 (जुलाई 2013)	8.00	10 से 40	1.60
			2011–12 (जुलाई 2013)	35.63	05 से 11	7.13
		1	2010–11 (अक्टूबर 2013)	5.72	10 से 132	1.14
		1	2011–12 (फरवरी 2015)	11.32	15 से 24	2.26
4.	डि0कमि0 खण्ड 1 बुलंदशहर	1	2011–12 (दिसम्बर 2014)	3.50	08 से 61	0.70
		1	2011–12 (मार्च 2015)	21.43	153 से 285	4.29
5.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) I गाजियाबाद	1	2011–12 (मार्च 2015)	20.37	10	4.07
6.	डि0कमि0 खण्ड 2 गाजियाबाद	1	2010–11 (मार्च 2014)	44.79	05 से 08	8.96
7.	डि0कमि0 खण्ड 3 गाजियाबाद	1	2010–11 (जनवरी 2014)	17.82	1,059 से 1,077	3.56
8.	डि0कमि0 खण्ड 5 गोरखपुर	1	2010–11 (अक्टूबर 2013)	2.65	40 से 111	0.53
9.	डि0 कमि0 खण्ड 27 कानपुर	1	2010–11 (सितम्बर 2013)	6.50	08	1.30
10.	डि0कमि0 खण्ड 2 खतौली	1	2012–13 (जनवरी 2015)	3.00	38	0.60
11.	डि0कमि0 खण्ड 9 लखनऊ	1	2010–11 (जनवरी 20104)	17.51	06 से 11	3.50
		1	2009–10 (मई 2012)	11.45	05 से 11	2.29
		1	2009–10 (मार्च 2014)	6.95	07	1.39
12.	डि0कमि0 खण्ड 19 लखनऊ	1	2009–10 (मार्च 2013)	3.08	08 से 13	0.62
13.	डि0कमि0 खण्ड 12 मेरठ	1	2009–10 (अप्रैल 2013)	5.74	05 से 15	1.15
14.	असि0कमि0 खण्ड 12 मेरठ	1	2009–10 (मार्च 2013)	3.00	161 से 222	0.60
15.	डि0कमि0 खण्ड 3 मिर्जापुर	1	2010–11 (मार्च 2014)	26.11	07 से 13	5.22
16.	डि0कमि0 खण्ड 1 नजीबाबाद	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	38.32	06 से 17	7.66
		1	2008–09 (मार्च 2012)	4.90	06 से 08	0.98
17.	डि0कमि0 खण्ड 2 नोएडा	1	2009–10 (दिसम्बर 2012)	1.58	05 से 06	0.37
18.	असि0कमि0 खण्ड 2 नोयडा	1	2009–10 (अक्टूबर 2013)	2.70	27 से 30	0.54

(₹ लाख में)

क0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	कर की धनराशि	विलम्ब की अवधि दिनों में	आरोपणीय अर्थदण्ड
19.	डि0कमि0 खण्ड 3 नोएडा	1	2011–12 (जनवरी 2015)	5.80	06 से 33	1.16
20.	डि0कमि0 खण्ड 9 नोयडा	1	2009–10 (मई 2013)	5.55	06 से 07	1.11
21.	डि0कमि0 खण्ड 14 नोएडा	1	2010–11 (मार्च 2014)	16.18	12 से 41	3.24
		1	2010–11 (नवम्बर 2013)	11.40	05 से 09	2.28
		1	2010–11 (जनवरी 2014)	8.94	06 से 20	1.79
22.	डि0कमि0 खण्ड 1 रायबरेली	1	2010–11 (फरवरी 2014)	1.33	05 से 34	0.27
			2011–12 (मार्च 2015)	0.92	10 से 79	0.18
		1	2010–11 (जनवरी 2014)	2.00	09	0.40
		1	2010–11 (जनवरी 2014)	1.38	05 से 18	0.28
23.	डि0कमि0 खण्ड 1 रामपुर	1	2010–11 (सितम्बर 2013)	7.40	05	1.48
		1	2009–10 (मार्च 2014)	63.46	05 से 40	12.69
			2010–11 (मार्च 2014)	75.93	07 से 104	15.18
24.	डि0कमि0 खण्ड 4 शाहजहाँपुर	1	2009–10 (अप्रैल 2013)	34.08	24 से 28	6.82
25.	डि0कमि0 खण्ड 1 सिद्धार्थनगर	1	2009–10 (अप्रैल 2013)	2.87	05 से 10	0.57
		1	2008–09 (दिसम्बर 2011)	4.07	06 से 13	0.81
26.	डि0कमि0 खण्ड 1 सोनभद्र	1	2008–09 (अप्रैल 2012)	2.58	67	0.52
		1	2008–09 (मई 2012)	4.15	30 से 91	0.83
27.	डि0कमि0 खण्ड 2 उन्नाव	1	2011–12 (सितम्बर 2013)	4.06	10	0.81
	योग	**40**		**556.36**		**111.32**

स्रोतः लेखापरीक्षा परिणामों पर आधारित उपलब्ध सूचना

परिशिष्ट–VII

स्वीकृत कर के विलम्ब से जमा किये जाने पर ब्याज का प्रभारित न किया जाना

(सन्दर्भित प्रस्तर संख्या 2.3.18.2)

(₹ लाख में)

क0सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	विलम्ब से जमा की गयी धनराशि	विलम्ब की अवधि (दिनों में)	ब्याज की दर (प्रतिशत)	वसूल न की गयी ब्याज की धनराशि
1.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) गौतमबुद्धनगर	1	2008–09 (सितम्बर 2011)	324.67	60 से 1048	15	12.68
		1	2008–09 (जनवरी 2012)	148.77	69 से 99	15	5.34
2.	ज्वा0कमि0 (का0 स0)–I गाजियाबाद	1	2011–12 (मार्च 2015)	26.94	11 से 220	15	1.09
3.	ज्वा0कमि0 (का0 स0)–II गाजियाबाद	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	22.23	999	15	9.17
4.	ज्वा0कमि0 (का0 स0) गोरखपुर	1	2010–11 (मार्च 2014)	6.29	340	15	0.89
5.	ज्वा0कमि0 (का0 स0)–II कानपुर	1	2009–10 (मई 2012)	50.15	831	15	17.15
		1	2009–10 (मार्च 2013)	18.11	30 से 300	15	1.30
6.	डि0कमि0 खण्ड 11 कानपुर	1	2008–09 (मई 2012)	2.36	1,384	15	1.35
7.	डि0कमि0 खण्ड 5 लखनऊ	1	2011–12 (जनवरी 2015)	0.28	1,230	15	0.14
		1	2011–12 (जनवरी 2015)	0.19	1,261	15	0.09
8.	डि0कमि0 खण्ड 3 सोनभद्र	1	2008–09 (सितम्बर 2014)	0.68	2,310	15	0.10
			2009–10 (नवम्बर 2014)	1.30	1,950	15	0.19
			2010–11 (नवम्बर 2014)	1.65	1,590	15	0.25
			2011–12 (सितम्बर 2014)	1.65	1,230	15	0.25
			2012–13 (जून 2014)	1.78	870	15	0.28
			2013–14 (जून 2014)	1.85	510	15	0.29
		1	2010–11 (फरवरी 2014)	0.37	1,055 से 1,143	15	0.08
9.	असि0कमि0 खण्ड 3 सोनभद्र	1	2011–12 (मार्च 2015)	5.99	20 से 171	15	0.22
10.	डि0कमि0 खण्ड 2 उन्नाव	1	2008–09 (मार्च 2012)	2.06	1,050	15	0.90
		1	2008–09 (फरवरी 2012)	2.77	1,002	15	1.16
		1	2008–09 (मार्च 2012)	1.37	1,049	15	0.60
	योग	**16**		**621.46**			**53.52**

स्रोतः लेखापरीक्षा परिणामों पर आधारित उपलब्ध सूचना

परिशिष्ट–VIII

कर की गलत दर लगाये जाने से कर का न/कम आरोपण

(सन्दर्भित प्रस्तर संख्या 2.5.1.1)

(₹ लाख में)

क0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम (अनुसूची)	वस्तु का मूल्य	आरोपणीय/ आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	कम आरोपित कर
1.	डि0कमि0 खण्ड 4 इलाहाबाद	1	2010–11 (मार्च 2013)	वाशिंग सोप (V)	10.19	13.5/5	0.87
		1	2011–12 (दिसम्बर 2013)	ओल्ड मोटर पार्ट्स (V)	21.80	13.5/5	1.85
2.	डि0कमि0 खण्ड 11 इलाहाबाद	1	2010–11 (अगस्त 2013)	टाफी (कन्फेक्शनरी) (V)	98.84	13.5/5	8.06
3.	डि0कमि0 खण्ड 12 इलाहाबाद	1	2010–11 (नवम्बर 2013)	प्रिपेयर्ड चाय, काफी एवं बेकरी प्रोडक्ट्स (V)	6.05	13.5/5	0.51
		1	2010–11 (जनवरी 2014)	सेट टाप बाक्स (V)	125.31	13.5/5	10.65
		1	2010–11 (नवम्बर 2013)	कुक्ड फूड (V)	12.92	13.5/0	1.74
4.	असि0कमि0 खण्ड 12 इलाहाबाद	1	2010–11 (मार्च 2013)	यू0एस0बी0 पोर्ट (V)	18.36	13.5/5	1.56
		1	2010–11 (मार्च 2013)	मोटर पार्ट्स (V)	30.28	13.5/5	2.57
5.	असि0कमि0 खण्ड 1 बदायूँ	1	2009–10 (दिसम्बर 2012)	ट्रैक्टर एसेसरीज (V)	6.01	13.5/5	0.51
6.	असि0कमि0खण्ड 3 बहराइच	1	2008–09 (नवम्बर 2011)	मशीनरी एवं पार्ट्स (V)	14.73	12.5/4	1.25
		1	2008–09 (अगस्त 2011)	मशीनरी एवं पार्ट्स (V)	36.58	12.5/4	3.11
		1	2009–10 (नवम्बर 2012)	मशीनरी एवं पार्ट्स (V)	3.54	12.5/4	0.30
					13.11	13.5/4.5	1.18
					0.93	13.5/5	0.08
		1	2008–09 (अगस्त 2011)	मशीनरी एवं पार्ट्स (V)	20.38	12.5/4	1.73
			2009–10 (नवम्बर 2012)	मशीनरी एवं पार्ट्स (V)	12.10	12.5/4	1.03
					39.52	13.5/4.5	3.56
					4.10	13.5/5	0.34
		1	2009–10 (नवम्बर 2012)	मशीनरी एवं पार्ट्स (V)	3.62	12.5/4	0.31
					20.71	13.5/4.5	1.86
					0.20	13.5/5	0.02
		1	2009–10 (नवम्बर 2012)	मशीनरी एवं पार्ट्स (V)	44.85	12.5/4	3.81
					37.57	13.5/4.5	3.38
					0.51	13.5/5	0.04
7.	असि0कमि0 खण्ड 1 बस्ती	1	2007–08 (वैट) (मार्च 2011)	टाफी (V)	7.42	12.5/4	0.63
			2008–09 (मई 2012)	टाफी (V)	21.47	12.5/4	1.82
8.	डि0कमि0 खण्ड 3 बुलन्दशहर	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	सेटेलाइट बाक्स (V)	105.41	13.5/5	8.96
9.	डि0कमि0 खण्ड 4 बुलन्दशहर	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	टाफी (V)	16.09	13.5/5	1.37
10	डि0कमि0 खण्ड 1 फतेहपुर	1	2010–11 (जुलाई 2013)	टाफी (V)	9.44	13.5/5	0.80
11.	असि0कमि0 खण्ड 2 फतेहपुर	1	2010–11 (जनवरी 2013)	मशीनरी पार्ट्स (V)	18.59	13.5/5	1.58

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम (अनुसूची)	वस्तु का मूल्य	आरोपणीय/ आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	कम आरोपित कर
12.	असि0कमि0 खण्ड 2 जी0बी0 नगर	1	2010–11 (मार्च 2014)	मेटल कम्पोनेन्ट (V)	12.79	13.5/0	1.73
13.	असि0कमि0 खण्ड 2 जी0बी0 नगर	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	ए0सी0 पार्ट्स (V)	19.46	13.5/5	1.65
		1	2008–09 (जून 2012)	इलेक्ट्रिक साकेट्स (V)	3.60	12.5/4	0.31
14.	डि0कमि0 खण्ड 3 जी0बी0 नगर	1	2009–10 (अप्रैल 2013)	इण्डस्ट्रियल फैन (V)	8.38	12.5/4	0.71
		1	2009–10 (सितम्बर 2013)	मशीनरी (V)	8.05	12.5/4	0.64
15.	असि0कमि0 खण्ड 3 जी0बी0 नगर	1	2010–11 (जनवरी 2014)	एंगल बोर्ड एवं एजप्रोटेक्टर (V)	15.22	13.5/5	1.29
16.	असि0कमि0 खण्ड 4 गाजियाबाद	1	2009–10 (अप्रैल 2013)	फ्लाई ऐश ब्रिक्स (V)	12.20	12.5/4	1.04
					17.05	13.5/4.5	1.53
		1	2009–10 (मई 2013)	सेट टाप बाक्स (V)	18.40	12.5/4	1.56
					32.35	13.5/4.5	2.91
17.	डि0कमि0 खण्ड 6 गाजियाबाद	1	2010–11 (मार्च 2014)	प्लांट एवं मशीनरी (ओल्ड) (II)	147.94	5/0	7.40
		1	2010–2011 (फरवरी 2014)	व्हाइट सीमेन्ट (V)	63.46	15.5/13.5	1.27
18.	असि0कमि0 खण्ड 6 गाजियाबाद	1	2009–10 (मार्च 2013)	ट्रैक्टर एसेसरीज (V)	9.54	13.5/5	0.81
19.	डि0कमि0 खण्ड 9 गाजियाबाद	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	इलेक्ट्रानिक स्पेयर पार्ट्स (V)	36.40	13.5/5	3.10
		1	2010–11 (जनवरी 2014)	मोटर पार्ट्स (V)	8.78	13.5/0	1.18
20.	असि0कमि0 खण्ड 9 गाजियाबाद	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	इलेक्ट्रिक स्विच (V)	8.37	13.5/5	0.71
21.	असि0कमि0 खण्ड 12 गाजियाबाद	1	2009–10 (मार्च 2012)	कास्टिंग मशीनरी (V)	5.39	12.5/4	0.46
					25.28	13.5/4.5	2.27
					1.45	13.5/5	0.12
22.	असि0कमि0 खण्ड 14 गाजियाबाद	1	2009–10 (अप्रैल 2013)	हैण्डमेड बोर्ड (V)	0.42	12.5/4	0.04
					4.53	13.5/4.5	0.41
					0.60	13.5/5	0.05
23.	असि0कमि0 खण्ड 4 गोण्डा	1	2010–11 (नवम्बर 2013)	हार्डवेयर (II)	0.94	5/4	0.01
				मशीनरी पार्ट्स (V)	13.28	13.5/5	1.23
24.	असि0कमि0 गुलावटी	1	2009–10 (मई 2013)	कोल्ड ड्रिंक्स (V)	3.23	12.5/4	0.27
					6.22	13.5/4.5	0.56
					0.58	13.5/5	0.05
25.	डि0कमि0 खण्ड 1 हापुड़	1	2010–11 (मार्च 2013)	रेलवे पार्ट्स (II)	182.09	5/4	1.82
26.	डि0कमि0 खण्ड 2 हापुड़	1	2008–09 (मार्च 2012)	विनियर वेस्ट (II)	14.77	4/0	0.59
			2009–10 (फरवरी 2013)	विनियर वेस्ट (II)	6.09	5/0	0.30
			2010–11 (दिसम्बर 2013)	विनियर वेस्ट (II)	1.10	5/0	0.06
27.	असि0कमि0 खण्ड 4 हापुड़	1	2009–10	कम्बल (V)	1.58 (प्रा0)	12.5/4	0.13

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम (अनुसूची)	वस्तु का मूल्य	आरोपणीय/ आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	कम आरोपित कर
			(फरवरी 2013)		27.61 (प्रा0)	13.5/4.5	2.48
					10.47 (क0)	13.5/4.5	0.94
28.	असि0कमि0 खण्ड 4 जौनपुर	1	2009–10 (मई 2013)	मैगी नूडल्स (V)	2.31	12.5/4	0.20
					11.66	13.5/4.5	1.05
					1.40	13.5/5	0.12
29.	ज्वा0कमि0 (का0स0) झाँसी	1	2008–09 (मई 2013)	सीमेन्ट पाइप (V)	116.00	12.5/4	9.86
30.	डि0कमि0 खण्ड 1 झाँसी	1	2007–08 (वैट) (मई 2011)	शरबत (V)	1.65	12.5/4	0.14
			2008–09 (मार्च 2012)	शरबत (V)	8.56	12.5/4	0.73
31.	डि0कमि0 खण्ड 6 झाँसी	1	2009–10 (मार्च 2013)	मशीनरी पार्ट्स (V)	32.11	13.5/4.5	2.89
		1	2010–11 (नवम्बर 2013)	माइनिंग मशीनरी (II)	31.00	5/0	1.56
32.	डि0कमि0 खण्ड 1 कानपुर	1	2009–10 (दिसम्बर 2013)	मेडिसिन (II)	345.37	5/4.5	1.73
33.	असि0कमि0 खण्ड 1 कानपुर	1	2008–09 (दिसम्बर 2012)	घड़ियां (V)	87.43	12.5/1	10.05
34.	असि0कमि0 खण्ड 3 कानपुर	1	2007–08(वैट) (मार्च 2011)	सैडलरी (V)	3.55	12.5/4	0.30
			2008–09 (जून 2012)	सैडलरी (V)	12.13	12.5/4	3.58
		1	2009–10 (मार्च 2013)	चाय एवं समोसा (V)	18.63	13.5/4.5	1.68
35.	असि0कमि0 खण्ड 5 कानपुर	1	2009–10 (मार्च 2013)	राइस मशीनरी (V)	7.14	13.5/5	0.61
36.	डि0कमि0 खण्ड 8 कानपुर	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	स्टोन डस्ट (V)	2.73	13.5/5	0.23
		1	2010–11 (जनवरी 2014)	बीड़ी एवं टोबैको (V)	5.60	13.5/5	0.48
37.	असि0कमि0 खण्ड 19 कानपुर	1	2009–10 (अप्रैल 2013)	टिम्बर प्रोडक्ट्स (V)	8.21	12.5/4	0.70
					4.10	13.5/4.5	0.37
					6.30	13.5/5	0.54
38.	असि0कमि0 खण्ड 23 कानपुर	1	2008–09 (सितम्बर 2011)	पाइप एवं फिटिंग्स (V)	11.56	12.5/4	0.98
39.	डि0कमि0 खण्ड 26 कानपुर	1	2008–09 (जून 2012)	टाफी (V)	27.59	12.5/4	2.35
			2009–10 (जनवरी 2013)	टाफी (V)	5.49	12.5/4	0.47
					27.40	13.5/4.5	2.47
					8.26	13.5/5	0.70
40.	डि0कमि0 खण्ड 28 कानपुर	1	2010–11 (मार्च 2014)	प्लांट एवं मशीनरी (ओल्ड) (II)	19.21	5/0	0.96
41.	डि0कमि0 खण्ड 29 कानपुर	1	2010–11 (दिसम्बर 2013)	ओल्ड मशीनरी (II)	14.20	5/0	0.71
42.	डि0कमि0 वा0क0 लखीमपुर खीरी	1	2010–11 (जनवरी 2014)	माइक्रो न्यूट्रीएन्ट्स (II)	10.37	5/0	0.52
43.	असि0कमि0 खण्ड 22	1	2009–10	कैनोपी (V)	9.08	12.5/4	0.77

(₹ लाख में)

क0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (कर निर्धारण आदेश का माह व वर्ष)	वस्तु का नाम (अनुसूची)	वस्तु का मूल्य	आरोपणीय/ आरोपित कर की दर (प्रतिशत)	कम आरोपित कर
	लखनऊ		(दिसम्बर 2013)		18.69	13.5/4.5	1.69
		1	2009–10 (फरवरी 2013)		0.88	13.5/5	0.06
					0.46	13.5/5	0.04
44.	असि0कमि0 खण्ड 3 मथुरा	1	2008–09 (फरवरी 2012)	आटोमोबाइल पार्ट्स (V)	9.64	12.5/4	0.82
45.	डि0कमि0 खण्ड 1 मेरठ	1	2010–11 (मार्च 2014)	एल्युमिनियम फ्वाइल (V)	231.60	13.5/5	19.69
46.	डि0कमि0 खण्ड 2 मेरठ	1	2010–11 (नवम्बर 2013)	ट्रैक्टर एसेसरीज (V)	1.98	13.5/5	0.17
47.	डि0कमि0 खण्ड 4 मेरठ	1	2010–11 (मार्च 2014)	प्लाण्ट एवं मशीनरी (II)	4.43	5/0	0.22
